माघ मास, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 355, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 2 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# आम चुनाव से पहले आयकर मोर्चे पर राहत

## बजट में बुजुर्गों, महिलाओं को भी मिली सौगात, कर 'स्लैब' को सात से घटाकर पांच किया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश कर दिया। सरकार ने अलग-अलग वर्गों के लिए कई बड़े एलान किए हैं। मध्य वर्ग को टैक्स स्लैब में बड़ा छूट दिया गया तो नौकरीपेशा और व्यापारियों को भी अलग-अलग तरह से राहत देने की कोशिश हुई।

अगले साल होने वाले आम चुनाव से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को पेश नरेंद्र मोदी सरकार के अंतिम पूर्ण बजट में सभी तबकों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने जहां एक तरफ मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को आयकर मोर्चे पर राहत देने की घोषणा की, वहीं लघु बचत योजनाओं के तहत निवेश सीमा बढ़ाकर बुजुर्गों और नई बचत योजना के जरिये महिलाओं को सौगात दी है।



इसके साथ ही बुनियादी ढांचे पर खर्च में 33 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की करने का भी प्रस्ताव किया है। नई कर व्यवस्था के तहत एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति की आय सात लाख रुपये है, उसे कोई कर नहीं देना होगा। अबतक यह सीमा पांच लाख रुपये है।

साथ ही कर स्लैब को सात से घटाकर पांच किया गया है। साथ ही अधिकतम अधिभार की दर 37 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करने के बाद कर की दर 42.7 प्रतिशत से घटकर लगभग 39 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों को भी राहत दी। इसके तहत वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी गयी है। वहीं मासिक आय योजना के तहत जमा

### वित्तीय वर्ष 2023-24

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का पेश किया बजट, एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपये किया**

**वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख, 'महिला सम्मान बचत पत्र' पर मिलेगा 7.5 प्रतिशत ब्याज**

सीमा बढ़ाकर नौ लाख रुपये की गयी है। महिलाओं के लिये अलग से नई बचत योजना...महिला सम्मान बचत पत्र...की घोषणा की गयी। इसमें दो वर्ष के लिये दो लाख रुपये तक की बचत पर 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। सीतारमण ने अपना पांचवां पूर्ण बजट ऐसे समय पेश किया जब वैश्विक चुनौतियों के कारण अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ रही है और सामाजिक क्षेत्रों पर खर्च बढ़ाने के साथ स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को प्रोत्साहन बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने मोबाइल फोन कल-पुर्जों तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये लीथियम बैटरी और अन्य ऐसे सामान के लिये सीमा शुल्क में कटौती की भी घोषणा की। यह अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का अंतिम पूर्ण बजट है। अगले साल फरवरी में अंतरिम बजट यानी लेखानुदान पेश किया जाएगा। बजट में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये पूंजीगत व्यय लगातार तीसरी बार उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया गया है। इसे 33 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये किया गया है जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.3 प्रतिशत बैठता है। यह वित्त वर्ष 2019-20 के मुकाबले तीन गुना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आने के बाद से सड़कों और ऊर्जा सहित पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की है।

सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, इस बजट में पिछली बजट में रखी गई नींव पर सतत वनिर्माण करते हुए भारत @100 के लिये खींची गई रेखा पर आगे बढ़ते रहने की उम्मीद की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है। चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। सीतारमण ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक नरमी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर है। बजट में कुल व्यय 7.4 प्रतिशत बढ़कर 45 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा गया है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह चालू वित्त वर्ष के 6.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है। इसका मतलब है कि सरकार को कुल 15.43 लाख करोड़ रुपये कर्ज लेना पड़ेगा।

सीतारमण ने कहा कि 2023-24 के बजट में सात प्राथमिकताएं रखी गयी हैं। ये हैं समावेशी विकास, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित वृद्धि, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र। बजट में पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन पर जोर के साथ कृषि कर्ज का लक्ष्य बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। मझोले और छोटे उद्यमों के लिये कर्ज गारंटी को लेकर 9,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है रेलवे के लिये 2.40 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। यह अबतक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय है। साथ ही 2013-14 में किये गये व्यय के मुकाबले करीब नौ गुना अधिक है। बुनियादी ढांचा और उत्पादक क्षमता में निवेश बढ़ाने का मकसद वृद्धि और रोजगार को गति देना है। छोटे और मझोले शहरों **शेष पेज 13 पर...**

### बजट से पूरा होगा हर वर्ग का सपना, करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बजट 2023 को लेकर अपने संबोधन में कहा, करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। मूर्तिकार, शिल्पकार यह सभी देश के लिए मेहनत करते हैं। देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए टेक्नोलॉजी, क्रेडिट और मार्केट की योजना की गई है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' इन विश्वकर्माओं के विकास लिए बड़ा बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा, गांव में रहने वाली महिलाओं से लेकर शहरी महिलाओं के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे कदमों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाया जाएगा। महिलाओं के लिए एक विशेष बजट योजना भी शुरू की जा रही है। जन धन खातों के बाद यह विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की माताओं को बड़ा फायदा देने वाली है। उन्होंने कहा, हम मिलेट्स (बाजरा) के लिए बड़ी योजना लेकर आए हैं। जब यह घर-घर पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत के किसानों को होना है। उन्होंने आगे कहा, बजट में हमने तकनीक और न्यू इकोनॉमी पर बहुत जोर दिया है। 'डिजिटल भारत' आज रेल, मेट्रो, वॉटरवेज आदि जगहों पर है। 2014 की तुलना में आज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश में 400 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के युवाओं के लिए रोजगार देगा और एक बडे. वर्ग के लिए लाभाकारी होगा।




| सामान | सस्ता |
|---|---|
| एलईडी टीवी | सस्ता |
| मोबाइल फोन | सस्ता |
| खिलौना | सस्ता |
| मोबाइल कैमरा लेंस | सस्ता |
| इलेक्ट्रिक गाड़ियां | सस्ता |
| हीरे के आभूषण | सस्ता |
| बायोगैस से जुड़ी चीजें | सस्ता |
| लिथियम सेल्स | सस्ता |
| साइकिल | सस्ता |
| **बजट में क्या हुआ महंगा** | |
| सामान | महंगा |
| सिगरेट | महंगा |
| पीतल | महंगा |
| छाता | महंगा |
| विदेशी किचन चिमनी | महंगा |
| सोना | महंगा |
| आयातित चांदी के सामान | महंगा |
| प्लेटिनम | महंगा |
| कपड़ा | महंगा |
| विदेशी खिलौने | महंगा |

*नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज अपना पांचवा बजट पेश किया। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेंद्र मोदी सरकार सरकार का ये अंतिम बजट है। आइए जानते हैं आम बजट में क्या सस्ता क्या महंगा हुआ।*

### बजट की 5 महत्वपूर्ण बड़ी बातें

**मिडिल क्लास के लिए:** 7 लाख तक की आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं।
**निचले तबके के लिए:** गरीब कल्याण अन्न योजना में मुफ्त अनाज एक साल और मिलेगा।
**युवाओं के लिए:** स्टार्टअप फंड, और 3 साल तक भत्ता मिलेगा, इंटरनेशनल स्किल इंडिया सेंटर्स बनेंगे।
**आदिवासी क्षेत्र के लिए:** एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स अपॉइंट किए जाएंगे। आदिवासी गांवों के विकास के लिए 15 हजार करोड़।
**महंगा-सस्ता:** एलईडी टीवी-मोबाइल सस्ते होंगे। सिगरेट पर टैक्स 16% बढ़ाया गया। ये अब महंगी होगी।

*संसद में निर्मला सीतारमण बोलीं-भारतीय अर्थव्यवस्था चमकता सितारा है, चालू वित्त वर्ष में सात प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान है जो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है, 2023-24 के बजट में सात प्राथमिकताएं रखी गयी, ये हैं समावेशी विकास, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना, बुनियादी ढांचा और निवेश, सक्षमता को सामने लाना, हरित वृद्धि, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र।*




# बजट पर विपक्ष की प्रतिक्रिया

### बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस योजना नहीं: केजरीवाल



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले पेश हुए आम बजट में मध्यम वर्ग, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साधने की कोशिश की गई है। टैक्स स्लैब में भी बदलाव किया गया है। नए टैक्स स्लैब के मुताबिक सात लाख रुपये तक की आय वालों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं बजट पेश होने के बाद नेताओं और राजनीतिक पार्टियों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। इसी क्रम में दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस बजट को महंगाई बढ़ाने वाला बताया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा है कि इस बजट में महंगाई से कोई राहत नहीं मिलने वाली, उल्टे इस बजट से महंगाई बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने बेरोजगारी के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा है। कहा कि बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस योजना नहीं है।

### सरकार के पास भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को मित्रकाल बजट करार देते हुए बुधवार को कहा कि इससे साबित होता है कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण की कोई रूपरेखा नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, मित्रकाल बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है, महंगाई से निपटने के लिए कोई योजना नहीं है और असमानता दूर करने का कोई इरादा नहीं है। राहुल गांधी ने दावा किया, एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास 40 प्रतिशत संपत्ति है, 50 प्रतिशत गरीब लोग 64 प्रतिशत जीएसटी देते हैं, 42 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। इसके बाद भी प्रधानमंत्री को कोई परवाह नहीं है। बजट से साबित हुआ कि सरकार के पास भारत के भविष्य के निर्माण के लिए कोई रूपरेखा नहीं है।

### लोग उम्मीदों के सहारे जीते हैं, लेकिन झूठी उम्मीदें क्यों?



**नई दिल्ली।** देश में पहले की तरह पिछले 9 वर्षों में भी केन्द्र सरकार के बजट आते-जाते रहे, जिसमें घोषणाओं, वादों, दावों व उम्मीदों की बरसात की जाती रही, किन्तु वे सब बेमानी हो गए, जब भारत का मिडिल क्लास महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि की मार के कारण लोवर मिडिल क्लास बन गया, अति-दुखद। इस वर्ष का बजट भी कोई ज्यादा अलग नहीं। पिछले साल की कमियां कोई सरकार नहीं बताती, नए वादों की फिर से झड़ी लगा देती हैं, जबकि जमीनी हकीकत में 100 करोड़ से अधिक जनता का जीवन वैसे ही दाव पर लगा रहता है, जैसे पहले था। लोग उम्मीदों के सहारे जीते हैं, लेकिन झूठी उम्मीदें क्यों?

**शेष पेज 13 पर...**

### भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट: सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम बजट 2023-24 को लोक कल्याणकारी बताते हुए इसकी काफी सराहना की।



सीएम ने ट्वीट कर हर वर्ग की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाले केंद्रीय बजट का स्वागत किया। साथ ही सर्वसमाज के हितों का ध्यान रखने के लिए प्रधानमंत्री व केंद्रीय वित्त मंत्री का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट गांव, **शेष पेज 13 पर...**




# रेलवे को 2.41 लाख करोड़ आवंटित

## भारत में डिजाइन होगी हाइड्रोजन ट्रेन



### रेल बजट 2023

**अमृत भारत स्कीम में बड़े स्टेशन सहित कुल 1275 स्टेशन का पुनर्विकास**

**सोनीपथ, लातूर और रायबरेली में वंदे भारत ट्रेन का उत्पादन शुरू होगा**

**नई दिल्ली।** देश में इस साल के अंत तक पहली बार हाइड्रोजन ट्रेन दौड़ेगी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को बताया कि हाइड्रोजन ट्रेनों को भारत में ही डिजाइन और मैन्युफैक्चर किया जाएगा जो दिसंबर 2023 तक रेडी हो जाएंगी। उन्होंने कहा, 'ग्रीन ग्रोथ पहल के तहत हाइड्रोजन ट्रेन को तैयार किया जाएगा। इसे हेरिटेड सर्किट में चलाया जाएगा। हेरिटेड सर्किट में कालका-शिमला जैसे रूट शामिल हैं और बाद में अन्य जगहों पर इसका विस्तार किया जाएगा। बिजली के लिए अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट लगाए जाएंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह एक बड़ा बदलाव है और यह यात्रियों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने कहा, '100... 5जी लैब बनेंगे, आगामी 2-3 वर्ष के अंतर्गत भारत टेलीकॉम तकनीक का निर्यातक बनेगा। आत्मनिर्भर भारत के तहत 4जी 5जी को बीएसएनएल में रोलआउट किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक के उत्पादन के तहत मोबाइल फोन में लगने वाले लेंस में रियायत मिली है। अकके लिए भारत में जितनी भी प्रतिभाएं मौजूद है उसके लिए 4 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा हुई है। इसमें हम अ' का कैसे इस्तेमाल कर सकें, इसकी जानकारी मिलेगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्कीम में बड़े स्टेशन सहित कुल 1275 स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। सोनीपथ, लातूर और रायबरेली में वंदे भारत ट्रेन का उत्पादन शुरू होगा। रेल मंत्री ने कहा कि अब आईसीएफ चेन्नई के अलावा वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण हरियाणा के सोनीपत और महाराष्ट्र के लातूर में भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल हर कोने को वंदे भारत ट्रेनों से जोड़ने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करेगी। रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ रुपए आवंटित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2023-24 के आम बजट में रेलवे के लिए 2.41 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय उपलब्ध कराया गया है, जो रेलवे के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। लोकसभा में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि रेलवे को मौजूदा बजट प्रस्ताव में उपलब्ध कराया गया परिव्यय, 2013-14 में कुल पूंजीगत परिव्यय का लगभग 9 गुना है। उन्होंने कहा, 'रेल में सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ती उम्मीदों के साथ रेलवे राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, हमसफर और तेजस जैसी प्रमुख ट्रेनों के 1,000 से अधिक कोच के नवीनीकरण की योजना बना रहा है। इन कोच के आंतरिक हिस्सों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा और यात्रियों के आराम के हिसाब से इसमें सुधार किया। वित्त मंत्री ने बताया कि रेलवे में 100 नई योजनाओं की शुरूआत होगी। निजी क्षेत्र की मदद से 100 योजनाओं की पहचान की गई है। जिस पर आगे काम किया जाएगा। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड दिया गया है। आने वाले वित्त वर्ष में जो नई परियोजना शुरू होंगी उन पर इसे खर्च किया जाएगा। बजट में इस बार रेलवे का बजट बढ़ाने के अलावा ज्यादा एलान नहीं किए गए हैं।

# भाजपा सरकार में प्रतिभाओं को मिल रहा मंच : केशव प्रसाद मौर्य

**बोले : डिप्टी सीएम**

**लालपुर में राष्ट्रीय सीबीएसई एथलेटिक मीट का किया उद्घाटन**

**दिवंगत पूर्व सांसद के घर पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस**

जनसंदेश न्यूज



सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लालपुर स्टेडियम में राष्ट्रीय सीबीएसई एथलेटिक मीट का उद्घाटन किया

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि बच्चे भारत के भविष्य हैं। हमें यह कहने में गर्व है कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। मात्र अवसर की कमी थी। लेकिन जब से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की सरकार बनी है, तब से प्रतिभाओं को अपना टैलेंट दिखाने का मंच मिल रहा है।

एकदिनी दौरे पर बुधवार को आए डिप्टी सीएम श्री मौर्य लालपुर क्षेत्र स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित राष्ट्रीय सीबीएसई एथलेटिक मीट का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के आधार पर मुझे पूरा विश्वास है कि बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिसके बाद वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के साथ अपने प्रदेश, परिवार और कॉलेज का मान बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के खिलाड़ियों ने हिस्सेदारी की। उसके बाद श्री मौर्य ने चिरईगांव विकास खंड में पूर्व भाजपा सांसद स्व. आनंदरत्न मौर्य के पैतृक आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही स्व. आनंदरत्न के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि हमलोगों के बीच से एक सरल, सहज समाजसेवी, राजनेता चला गया। उनके आदर्शों का अनुकरण ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार उप मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद के पुत्र कुंदन रत्न मौर्य एवं विनय रत्न मौर्य एवं राकेश रत्न मौर्य से मिलकर हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। उसके बाद पूर्व सांसद की पत्नी आशा मौर्या को ढाढस बंधाया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, पूर्व एमएलसी शिवनाथ यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, आरपी कुशवाहा, प्रवीण सिंह आदि रहे।

इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री भाजपा नेता विनय मौर्य का आवास पर पहुंचकर बैठकी की। मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान धनंजय मौर्य, अमरनाथ मौर्य, अनिल कुमार मौर्य, संजय मौर्य वगैरह भी रहे।

## दहेज का सारा सामान रखा अब घर से निकालने की धमकी

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भृगु विहार कॉलोनी निवासी चंद्रकला पांडेय ने सास, ससुर देवर, देवरानी और ननद पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया और मंडुवाडीह थाने में तहरीर दी। जानकारी के अनुसार चंद्रकला पांडेय को उनके खासकर देवर और देवरानी दिन तरह-तरह की प्रताड़ना देती हैं। इस काम में ससुर और सास और ननद का पति भी शामिल है। पारिवारिक लोक लाज की डर से वो सब सहन करती रहीं लेकिन बात जब सिर से उपर उठने लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत दर्ज करायी। आरोप है कि बुधवार को चाय बनाते वक्त देवरानी किचन में आयी और चाय उठाकर फेंक दिया। इस बात का जब विरोध उन्होंने किया तो उनके पति अरुण पांडेय गाली गलौच पर उतर आये। चंद्रकला को मारापीटा। किसी तरह वो भागकर कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी। आरोप है घरवालों ने चंद्रकला के पति अजीत पांडेय को जान से मारने की धमकी दी। धमकी से चंद्रकला और उनके पति डरे सहमे हैं। सास ससुर ने चंद्रकला का सारा जेवरात अपने पास रख लिया है। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी।

## संक्षेप

### लाखों का होता था खेल, एसपी की दबिश से खुलासा



**वाराणसी।** एसपी रोहनिया विदुष सक्सेना ने छापेमारी कर जुआरी गिरोह को दबोचा। इस मामले में पांच के खिलाफ रोहनिया थाने में नामजद मुकदमा दर्ज हुआ। अभियुक्तों की पहचान अंकित सिंह फरीदपुर, आकाश वर्मा फरीदपुर, संतोष पटेल चंदुआ छित्तूपुर, मनोज कुमार सिंह चुनार और पप्पू मौर्य फरीदपुर के तौर पर हुई है। एसपी ने बताया कि यहां बड़े पैमाने पर जुआ खेलने की सूचना मिलने पर उन्होंने मातहतों संग छापेमारी की। मौके से करीब दो लाख रुपये बरामद हुआ। जांच में ये भी पाया गया कि यहां अन्य जगहों से लोग भी आते थे और गिरफ्तार लोगों में से कुछ इस धंधे को संचालित करते और बदले में पैसे भी लेते। रोहनिया सर्किल अंतर्गत कुछ और स्थानों पर जुआ खेलने की सूचना सामने आयी है और वहां भी जल्द ही दबिश दी जायेगी।

### ट्रक से कार की टक्कर, कार सवार तीन बचे

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंगरोड फेस-2 पर मंगलवार की देर रात ट्रक के धक्के से कार क्षतिग्रस्त हो गयी। अच्छी बात ये रही कि कार सवारी को मामलू चोट आयी नहीं तो हादसा बड़ा हो जाता। बड़ागांव क्षेत्र के गांगकला निवासी रुद्र नारायण तिवारी ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि वो कार से लोहता थाना क्षेत्र के लोहरापुर गांव में एक वैवाहिक समारोह में गए थे। देर रात घर गांगकला जा रहे थे। कोईराजपुर गांव के समीप रिंग रोड फेज 2 से सर्विस लेन की तरफ जैसे ही मुड़े तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक कार में टक्कर कार दिया। कार डिवाइडर तोड़ रेलिंग में फंस गयी। कार में सवार तीन लोगों को मामूली चोट आयी। चालक ट्रक को छोड़कर कहीं फरार हो गया।

### विसेन समेत दो के खिलाफ अर्जी की सुनवाई टली

**वाराणसी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में बुधवार को शृंगार गौरी केस के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन समेत दो के खिलाफ केस दर्ज करने की अर्जी पर सुनवाई टल गई है। इस मामले में अगली सुनवाई आठ फरवरी को होगी। सीजेएम के पदउन्नति होने के कारण कोर्ट रिक्त है। इस मामले में पिछले तिथि परचौक थाने से विंदू बार आख्या आ चुकी है। ज्ञानवापी-शृंगार गौरी प्रकरण की ही चार वादी महिलाएं रेखा पाठक, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी व सीता साहू ने पांचवीं वादी राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन के खिलाफ कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। उनका आरोप है कि जितेंद्र सिंह की ओर से मुकदमे की पॉवर ऑफ अटार्नी मुख्यमंत्री को सौंपने के लिए धमकाया गया। कोर्ट में सुनवाई में जाने के दौरान परिसर में गाली-गलौज भी की गई।

### हाइवे पर अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**कछवांरोड।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड पुलिस चौकी के निकट तमाचाबाद (ठटरा) गांव स्थित हाइवे पर मंगलवार की देर रात सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन के धक्के से मुर्तजा (28) नामक युवक की मौत हो गई। युवक बाक्स बनाने का कारीगर था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। तमाचाबाद गांव निवासी मुर्तजा घर पर ही लोहे का बाक्स बनाने का काम करता था। गुटखा लेने के लिए सड़क पार कर दुकान पर जा रहा था इस बीच प्रयागराज की ओर जा रहे वाहन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। छोटे भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### टिनशेड लगाने के विवाद में एक घायल

**सारनाथ।** आशापुर अपने मकान के सामने टीनसेड लगा रहे एक युवक को परिवारों वालो ने जमकर पीटा। युवक के सिर में गंभीर चोट लगी। भुक्तभोगी ने स्थानीय थाने पर लिखित सूचना दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बुधवार को मेडिकल के लिए भेजा। जानकारी अनुसार आशापुर निवासी शैलेंद्र पाल अपने मकान के सामने टीनसेड लगाने के लेकर आज बुधवार को सुबह पहुंचे थे इन्हीं के पाटीदार गाली गलौज करते हुए शैलेंद्र पाल को लाठी डंडे से पीट दिए, जिससे शैलेंद्र पाल बुरी तरह से जख्मी हो गए। सिर में गंभीर चोट लगी। भुक्तभोगी स्थानीय थाने पहुंचकर कमलेश पाल, अभिषेक पाल व पंचम पाल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज किया।

# रेप का आरोपी बर्खास्त इंस्पेक्टर कोर्ट में पेश

**कार्रवाई**

**वाराणसी में तैनाती के दौरान था क्राइम ब्रांच में, पत्नी भी रहती है अलग**



**वाराणसी।** शादी का झांसा देकर मथुरा की युवती से कैंट के पास एक होटल में रेप करने का आरोपी और सेवा से बर्खास्त इंस्पेक्टर अमित कुमार बुधवार को वाराणसी कोर्ट में पेश हुआ। वाराणसी पुलिस ने वांरट बी पर उसे मेरठ से वाराणसी लायी। फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय भारतेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपी का न्यायिक रिमांड बनाने के बाद उसे वापस मेरठ कारागार भेज दिया।

बर्खास्त इंस्पेक्टर अमित कुमार वाराणसी में क्राइम ब्रांच में तैनात था। मथुरा के कोसीकला थाना क्षेत्र की एक युवती ने 8 जनवरी 2020 को तत्कालीन एसएसपी अमित पाठक से मामले को अवगत कराया था उनके निर्देश पर अमित कुमार के खिलाफ वाराणसी के महिला थाने में रेप समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस बात से नाराज होकर अमित ने एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंचकर खुद पर पेट्रोल डाल कर आत्मदाह की धमकी दी थी। अमित की पत्नी पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल हैं और उसकी प्रताड़ना और हरकतों से तंग आकर उससे अलग रहती है। अमित के उपर मेरठ में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और फरारी के दौरान इस पर 15 हजार का इनाम भी पुलिस ने घोषित किया था।

### चोरी के मामले में फरार अभियुक्त के यहां 82 की कार्रवाई

**सारनाथ।** चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर कुर्की की जाएगी। इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक सारनाथ धर्मपाल सिंह ने बुधवार को दी उन्होंने बताया कि बुद्धा सिटी कालोनी फेज-1 में 23 सितंबर को संजय अग्रवाल के यहां से आभूषण सहित लाइसेंसी पिस्टल चोरी हुई थी। इस प्रकरण माल व पिस्टल बरामदगी के साथ पांच अभियुक्त की गिरफ्तार का लिया गया था। इसमें से एक आरोपी रमदत्तपुर निवासी गोलू फरार है। 29 दिसम्बर को धारा 82 के तहत कार्यवाही कर उसके घर पर डुगडुगी नोटिस चस्पा किया। इसके बावजूद गोलू हाजिर नहीं हुआ। उसके खिलाफ कुर्की का खाका तैयार कर लिया गया है, जल्द ही उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा नेत्री की दुकान पर चोरी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मंडुआडीह थाना क्षेत्र के शिवदासपुर स्थित ताड़केश्वर मंदिर के पास भाजपा महिला नेत्री शर्मिला गुप्ता की बुटीक की दुकान है। यहां पुतलों के कपड़ों का सिलाई होती है। बुधवार एक महिला चोर दुकान में घुसी और नकदी समेत अन्य सामान पर हाथ साफ किया। उन्होंने बताया कि हर्ष क्रिएशन की ओर से उन्हें कई प्रकार के पुतलों के कपड़े बनाने के लिए 20 हजार रुपये एडवांस मिला था। उस पैसे को वो अपने बैग में रखी हुई थी। वह अपना बैग अपने दुकान के एक किनारे में रखी थी और बाहर किसी कार्य से निकली ही थी कि तभी अचानक से एक मुह बांधे महिला शाप में गयी और पैसे रखे बैग लेकर रफू चक्कर हो गयी। महिला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। कैमरे में अज्ञात महिला बैग लेकर जाते दिख रही हैं। पीड़िता ने घटना की लिखित तहरीर मंडुआडीह थाने में बुधवार शाम को दे दिया है।

## भाजपा नेता हत्याकांड के दो आरोपितों की जमानत खारिज

**वाराणसी।** भाजपा नेता पशुपति नाथ की हत्या करने के मामले में जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने चंदुआ छित्तूपुर निवासी आरोपित अभिषेक व गणेश की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट में अभियोजन की ओर से डीजीसी आलोक चंद्र शुक्ल व वादी के अधिवक्ता प्रेमप्रकाश सिंह गौतम ने पैरवी की थी।

12 अक्टूबर 2022 की शाम सात बजे सिगरा के जयप्रकाश नगर संचालित सरकारी शराब के ठेके पर शराब पीकर उसी क्षेत्र का रहने वाला मंटू सरोज, उसका भाई राहुल और उसके गैंग के अभिषेक व गणेश समेत कई साथी आपस में गाली-गलौज करते हुए उपद्रव कर रहे थे। भाजपा नेता पशुपतिनाथ के बेटे राजकुमार सिंह ने गाली-गलौज करने से मना किया तो सभी उसे धमकाते हुए चले गए।

बाद में चारों हाथों में लोहे की राड,लाठी,डंडा लेकर 15-20 की संख्या में वापस आते। मंटू और राहुल के ललकारने पर सबों ने राजकुमार पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आये राजकुमार के पिता पशुपति नाथ सिंह को भी मारकर हमलावरों ने गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। बाद में पशुपति नाथ सिंह की मौत हो गई। मृतक के दूसरे बेटे रुद्रेश कुमार सिंह ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर रेलवे स्टेशन के पास बहादुरपुर रेलवे क्रासिंग के बीच बहादुरपुर गांव निवासी कुरुनंदन भारती पटरी क्रास करते वक्त ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी। मृतक 6 भाई 4 बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था। मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी करता था। जीआरपी व आरपीएफ सहायक उपनिरीक्षक शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## कबीर के दोहों में जनसंचार के संदेश की प्रासंगिकता



**वाराणसी।** कबीर साहेब जी हिंदी साहित्य के एक महान कवि होने के साथ ही एक समाज सुधारक संत थे, जिनका 505 वी कबीर परिनिर्वाण दिवस का आयोजन प्राचीन कबीर प्राकट्य स्थली पर महंत गोविंद दास के कुशल नेतृत्व में किया गया। जिसमे भजन, सत्संग, संगोष्ठी और भंडारा का सफल और वृहद स्तर पर आयोजन दो सत्रों में किया गया।

पहले सत्र के मुख्य अतिथि प्रो हरि प्रसाद अधिकारी विशिष्ट अतिथि प्रो अनिल कुमार उपाध्याय पूर्व विभाग अध्यक्ष पत्रकारिता जनसंचार विभाग विद्यापीठ ने की कबीर के लिखे गए दोहों में छुपे संदेश को विस्तार से बताया। डा मनोज कुमार सिंह ने उनके दोहों में जनसंचार का संदेश की प्रासंगिकता की चर्चा की। वहीं दूसरे सत्र में भी विभिन्न प्रांतों से आए भक्तो ने अपने विचार व्यक्त किए और भजन गाए। महंत गोविंद दास ने कबीर के विभिन्न पहलुओं पर इस प्रकार अपनी बात रखी। दूसरे सत्र की अध्यक्षता हरिचंद कालेज के प्राचार्य प्रो रजनीश कुँवर , ड्रा उत्तम ओझा प्रो अशोक राजेश भारती कुमार सिंह ब्रजेश ग्राम प्रधान आशीष सरोज गोपाल वर्मा नीलेश दास प्रहलाद दास आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया।

### अगवा कर रेप के आरोपी को दस साल की सजा

**वाराणसी।** किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) शैलेन्द्र सिंह की अदालत ने हुकुलगंज निवासी मंगल सोनकर को दोषी पाते हुए 10 साल की सजा सुनाई साथ ही 21 हजार रुपया जुर्माना। वहीं दूसरी तरफ पांडेयपुर निवासी सुलाब शर्मा को दोषी पाने पर सात वर्ष की कठोर कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों से वसूल किये गये अर्थदण्ड में से 16 हजार रुपये पीड़िता को दिये जाने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक संदीप कुमार जायसवाल के मुताबिक वादी ने 15 जुलाई 2013 को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को 13 जुलाई 2013 को पंचकोशी सारनाथ निवासी मंगल सोनकर अपने दो साथियों के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री की काफी तलाश की गई लेकिन उसका कही पता नहीं चला। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त मंगल सोनकर व उसके साथी सुलाब शर्मा को गिरफ्तार कर पीड़िता को बरामद किया गया था। मेडिकल रिपोर्ट में उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। अदालत ने विचारण के बधाई दोषी पाया और सजा सुना दी।

# संत रविदास से संबन्धित ही झांकिया निकले:डीसीपी



**वाराणसी।** डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने बुधवार को कोतवाली प्रांगण में संत रविदास जयंती को लेकर बैठक की। बैठक ने उन्होंने कहा कि जो झांकिया निकले वो संत रविवाद से संबन्धित हो। राजनीति झांकिया किसी भी हाल में न निकाली जाए। झांकी के दौरान भजन भाव बजे ना कि अश्लील या अभ्रद गाना। पुलिस की एक टीम नशे में भीड़ में शामिल लोगों को चिन्हित करने के लिए रहेगी। डीजे की आवाज मानक के अनुसार होनी चाहिए। यदी कोई झांकी के दौरान किसी बात को लेकर अफवाह फैलाता है तो उसपर कार्रवाई सुश्चिति की जायेगी।

अच्छा होगा कि इस तरह की सूचना पर दूर रहे और पुलिस को जानकारी दें। शोसल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर नजर पुलिस की बनी रहेगी। बिना अनुमति के शोभायात्रा नहीं निकाला जायेगी इसके लिए संबन्धि विभाग से अप्रूवल लेना होगा। उसमें स्थान कहां से कहां तक और समय दर्ज कराना होगा। जुलूस में शामिल होने वाले व्यक्तियों / वॉलंटियर का पहचान पत्र होना चाहिए। बैठक में राजेश कुमार पाण्डेय अपर पुलिस उपायुक्त, सकुशल संपन्न प्रतीक कुमार सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, अवधेश पाण्डेय सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध, प्रवीण कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष जोन काशी कमिश्नरेट और आचार्य श्री महन्त भारत भूषण दास राष्ट्रीय अध्यक्ष, सतीश कुमार प्रबन्धक गुरु रविदास जयंती राजघाट समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## डाक विभाग ने मनायी डाक जीवन बीमा की 140वीं वर्षगांठ

**वाराणसी।** जीवन बीमा आज के दौर की एक अनिवार्य आवश्यकता होने के साथ-साथ बचत और निवेश का एक सुरक्षित माध्यम है। डाक जीवन बीमा देश की सबसे पुरानी बीमा योजना है, जिसकी शुरूआत 1884 में हुई थी। इसका लाभ सरकारी और अर्द्ध सरकारी कर्मियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के प्रोफेशनल्स और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था के सभी स्नातक/डिप्लोमा धारक भी उठा सकते हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने 'डाक जीवन बीमा' की 140वीं वर्षगांठ पर व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने नए बीमा धारकों को डाक जीवन बीमा बॉण्ड सौंपकर उनकी हौसला आफजाई की। विभिन्न मण्डलों में भी जन-जागरूकता हेतु विशेष अभियान चलाया गया और ग्राहकों को जोड़ने हेतु मेलों का आयोजन किया गया। कहा कि जीवन बीमा के क्षेत्र में भी डाक विभाग नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर हेमंत कुमार, सहायक निदेशक राम मिलन, बृजेश शर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी एमपी वर्मा, सहायक अधीक्षक अजय कुमार, डाक निरीक्षक श्रीकांत पाल, दिलीप पांडेय, इंद्रजीत पाल, संतोषी राय, राहुल वर्मा, राकेश कुमार, श्रीप्रकाश गुप्ता, विवेक कुमार, कुमारी अजिता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## छोटी उम्र के हॉकी खिलाड़ियों का देखने को मिल रहा जुनून



**हरहुआ।** अगर सच्चे लगन और मेहनत से जिस ओर कदम बढ़ाया जाय तो निश्चित तौर पर उसे हासिल किया जा सकता है।

यह सिर्फ संदेश नहीं अपितु सच कर दिखाने वाले विकास इंटर कालेज परमानंदपुर के चेयरमैन व प्रधानाचार्य डा. एके सिंह हैं। जो तमाम बाधाओं के बीच हॉकी खिलाड़ियों का भविष्य तरासने के उद्देश्य से हाकी का पौधा तैयार करने के लिए विकास इंटर कालेज के एक छोटे से मैदान पर हाकी का प्रशिक्षण शिविर चला रहे हैं। शिविर में आने वाले नन्हें मुन्ने व छोटी उम्र के हाकी प्रशिक्षुओं को भी सम्मान जनक मुकाम तक पहुंचाने में अपनी अहम् भूमिका निभा रहे हैं। पिछले छह माह से प्रधानाचार्य की देखरेख में मैदान में सैकड़ों बालक बालिकाओं का भविष्य तरासने का काम बखूबी चल रहा है।

### आभूषण व लाखों रुपये से भरा बैग गिरा

**पिंडरा।** फूलपुर थाना क्षेत्र के मछली गांव निवासी युवक की घर से जंसा जाते समय कही रास्ते मे गिर गया। जिसमे साढ़े तीन लाख समेत सोने के आभूषण थे। पुलिस को दिए तहरीर में मछली गांव निवासी अशोक कुमार सिंह मंगलवार को साढ़े तीन लाख रुपये व एक मंगलसूत्र, सोने की चार चूड़ी लेकर बाइक से गंगापुर जा रहे थे। रास्ते मे बाइक से बैग कही रास्ते मे गिर गया। काफी खोजबीन के बाद पुलिस से गुहार लगाई। वही पीड़ित ने उक्त धनराशि व जेवर वापस करने वालों को सम्मानित करने की बात कही।

जनसंदेश टाइम्स

**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा शास्त्री वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21316914 का माइग्रेशन खो गया है। जयदीप यादव पुत्र जंगबहादुर यादव, ग्राम-धमपुर, पोस्ट-विरभानपुर, जिला-जौनपुर।

मेरे पालिसी संख्या 284689091, 283656201 में सुदामा देवी दर्ज है है। सुदामा देवी उर्फ सुषमा देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। सुदामा देवी पत्नी स्व0 हीरालाल, ग्राम-चकमातलदेई, काशीपुर, वाराणसी।

मेरे सर्विस बुक व अन्य कागजात में मेरा पता प्रिन्स कुमार यादव पुत्र हरदेव यादव, ग्राम-बलि के टोला, पोस्ट-खवासपुर, जिला-भोजपुर (आरा) बिहार था। मैं वहाँ की पैतृक जमीन घर/मकान को बिक्री कर ग्राम-दुबहड़, पोस्ट-दुबहड़, जनपद-बलिया में जमीन व मकान खरीद कर स्थायी निवास कर रहा हूँ। प्रिन्स कुमार यादव पुत्र हरदेव यादव, ग्राम+पोस्ट-दुबहड़, जनपद-बलिया (उ0 प्र0)।

### सीरगोवर्धन में सेवादार संगतों के आने का क्रम जारी

**वाराणसी।** संत गुरु रविदास की जयंती में शामिल होने के लिए पंजाब हरियाणा के विभिन्न शहरों से सेवादारों व संगत के आने का क्रम बुधवार को भी बना रहा। मेला क्षेत्र में भीड़ भाड़ बढ़ गई दुकानें खुल गई रविदास मंदिर से लेकर लंगर हाल तक एक हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था में अस्थाई पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी के साथ ही मॉनिटरिंग करने के लिए इस्पेक्टर क्राइम सहजानंद श्रीवास्तव नियुक्त किया गया। बड़ा लंगर शुरू होने के बाद लंगर चखने के लिए लोगों की भीड़ होने लगी है। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से भीड़भाड़ को लेकर सुरक्षा की दृष्टि के लिए मंदिर परिसर में 24 और पंडालों के मुख्य मार्गों और उसके चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे का कंट्रोल रूम रविदास मंदिर में और पंडाल क्षेत्र में पुलिस कंट्रोल रूम में होगा। जयंती में शामिल होने के लिए संत निरंजन दास अनुयायियों के साथ स्पेशल ट्रेन से गुरुवार को जालंधर से रवाना होंगे। शुक्रवार दोपहर को स्पेशल ट्रेन कैंट स्टेशन पर पहुंचेगी। जहां संत निरंजन दास का स्वागत करने के लिए संगत के साथ मंदिर ट्रस्ट के लोग पहुंचेंगे। 4 दिसंबर को संत निरंजन दास पंडाल क्षेत्र मेला क्षेत्र सत्संग हॉल का भ्रमण कर संगत को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। उसी दिन शाम को रविदास पार्क में दीप प्रज्वलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 5 फरवरी की सुबह संत निरंजन दास पताका रोहणकर जयंती का शुभारंभ करेंगे।

# बजट आम आदमी को राहत पहुंचाने वाला रहा


## बजट को लेकर डाक विभाग के कर्मचारी संगठनों की प्रतिक्रिया



नवीन श्रीवास्तव



राकेश किरन



जगदीश शाडेजा



रामरतन पांडेय

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डाक के कर्मचारी संगठन के लोगों ने बजट को आम आदमी को राहत पहुंचाने वाला बताया। इस संदर्भ में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत कर उनसे राय ली गई। डाक विभाग के **नवीन श्रीवास्तव** ने कहा कि बजट मध्यम वर्ग व सरकारी कर्मचारियों के हितों के अनुरूप है। इससे विकास को नई गति मिलेगी।

**राकेश किरन** ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों के हिसाब से अनुकूल है। यदि महंगाई पर लगाम व बिजली के दरों में कमी की गई होती तो यह और भी अच्छा होता। आल इंडिया कर्मचारी संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष **गणेश गंभीर** ने कहा कि यह बजट आम आदमी को राहत पहुंचाने वाला है। यह देश को विकसित करने व राष्ट्र के स्तर पर ले जाने की दिशा में सार्थक कदम है। डाक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष **जगदीश शाडेजा** ने कहा कि इस बजट से सरकारी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। विकास के हिसाब से यह उपयुक्त है। यह खेल जगत व समाज के लिए हितकारी है। **रामजतन पांडेय** ने कहा कि यह बजट किसानों व मजदूरों सभी के लिए है। सरकार को पुराना पेंशन लागू करने की दिशा में भी सोचना चाहिए था।



गणेश गंभीर





पूर्वोत्तर रेलवे

**आवश्यक सूचना**

पूर्वोत्तर रेलवे पर वाराणसी मण्डल के औंड़िहार–जौनपुर रेल खण्ड पर मुफ्तीगंज–जौनपुर के मध्य दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल 02 फरवरी 2023 को इस दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल खण्ड का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा।

अतः आम जन को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नव दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेलपथ पर न जायें और न ही अपने पशुओं को रेल पथ पर जाने दें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि.
मु.जा.वि./ कम्‌स–389 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



# वाराणसी



# ऐसा बजट 'न भूतो न भविष्यति' : केशव मौर्य



वाराणसी। एकदिनी दौरे पर बुधवार को वाराणसी आए सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम बजट से जुड़े सवाल पर कहा कि यह स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे शानदार बजट है। इस बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है। यह गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों समेत आर्थिक रूप से पिछड़ों, मध्यम वर्ग की जनता को सशक्त एवं सक्षम बनाने वाला बजट है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में आकर बजट के बारे में बात करना मेरे लिए गर्व की बात है। बजट में सभी वर्गों के हित का ध्यान रखा गया है। आम जनता हो, किसान हो, युवा और महिला, प्रत्येक वर्ग के लिए यह बजट कल्याणकारी है। यह बजट भारत को विश्व में अग्रसर बनाने की ओर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास का यह सबसे शानदार बजट है। ऐसा बजट 'न भूतो न भविष्यति' वाला रहता है।

# वित्त मंत्री ने समाज के प्रत्येक वर्ग को दी है राहत

**आयोजन**

**आम बजट पर महानगर उद्योग व्यापार समिति एवं वाराणसी**

जनसंदेश न्यूज



आम बजट का सजीव प्रसारण देखते उद्यमी

**वाराणसी।** महानगर उद्योग व्यापार समिति एवं वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत की ओर से बुधवार को संयुक्त रूप से आम बजट का सजीव प्रसारण देखने का कार्यक्रम रखा। पिपलानी कटरा क्षेत्र के एक बैंक्वेट हॉल में यह आयोजन था। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस बजट में देश के आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न निर्णय सराहनीय हैं। वहीं, मध्यम वर्ग को जिस बात का इंतजार था, वह उसे मिला। सरकार ने टैक्स स्लैब में बदलाव किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि, शिक्षा, आयकर में स्लैब, स्वास्थ्य, नौकरीपेशा लोगों समेत बुजुर्गों और महिलाओं के लिए जो व्यवस्था दी है, वह उत्साहजनक है।

इस अवसर पर संगठन के महानगर के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि टैक्स में नई राहत, आयकर स्लैब की संख्या छह से घटाकर पांच की गई है। महामंत्री अशोक जायसवाल ने कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग को राहत मिली है। आयकर की नई दरें आम लोगों को बड़ी राहत देंगी।

कार्यक्रम में संगठन के उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि टैक्स में कटौती अच्छा कदम है। लोगों के हाथ में पैसा देना अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का सबसे अच्छा तरीका है। बजट में नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी गई है। सात लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री कर आयकर में छूट का दायरा बढ़ाया जाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अच्छी पहल है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज डिडवानिया ने कहा की पीएम आवास योजना का आवंटन 66% बढ़ाकर 79 हजार करोड़ किया जाना स्वागत योग्य है। इस पहल के कारण जरूरतमंदों को आवास आवंटित करने में तेजी आएगी। प्रमोद अग्रहरि ने एमएसएमई में नई कर्ज गारंटी योजना शुरू होने और पीएम कौशल विकास योजना-4 का आरंभ तथा 30 कुशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की घोषणा सराहनीय है।

इस अवसर पर सन्नी जौहर ने आगामी तान वर्ष में 'अमृत धरोहर' योजना लागू करने का स्वागत किया। सीए सुदेशना बसु ने महिला सम्मान बचत-पत्र योजना और उसमें महिलाओं को दो लाख रुपये की बचत पर 7.5% ब्याज के प्रावधान पर खुशी जतायी। सीए संजय गुप्ता ने क्रेडिट गारंटी योजना के लिए नौ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान तथा एमएसएमई के ब्याज में एक फीसदी की छूट की घोषणा को उल्लेखनीय बताया। कार्यक्रम में घनश्याम जायसवाल, गोकुल शर्मा, सुजीत गुप्ता, शैलेश जायसवाल, डॉ. अंजनी मिश्र, मनीष गुप्ता, राहुल मेहता, राजन जायसवाल, कृष्ण शरण अग्रवाल, अनिल सेठ 'अन्नू', गौरव जायसवाल, सत्यप्रकाश सर्राफ, दिनेश अग्रवाल, अजय तुलस्यान, विकास यादव, मनोज जायसवाल, जीएसटी कमिश्नर ग्रेड-1 प्रिंस कुमार एवं प्रदीप कुमार आदि की भी उपस्थिति रही।

## विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुधाम में की जनसुनवाई



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय, गुरुधाम में विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया। संसदीय कार्यालय में विधायक सौरभ ने पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक लगातार जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि विवाद, चिकित्सा जैसी समस्याओं के निस्तारण के लिए विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ अमित सिंह चिन्टू, कुशाग्र श्रीवास्तव, राजीव पटेल व अन्य मौजूद थे।

## बजट में आमजनों के लिए कोई प्रावधान नहीं: अजय राय



वाराणसी। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि मोदी सरकार में रोजगार नहीं, कारोबार नहीं, आमदनी नहीं, बचत नहीं, सिर्फ मार्केटिंग जारी है। न किसान न जवान न नौजवान किसी के लिए कोई सुविधा नहीं है। बजट में आमजनों के लिये कोई प्रावधान नही है। अमृत काल में अमृत के लिये आम इंसान तरस रहा है। यह बजट महंगाई व बेरोजगारी का पर्याय है। किसान, मजदूर, युवा, महिला नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुंचाने के लिए बना है। आज का बजट उद्योगपतियो को फायदा पहुचाने वाला बजट है।

## बढ़ेगी किसानों की आत्मनिर्भरता : संगम सिंह मौर्य



वाराणसी। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य ने आम बजट में किसानों के लिए किये गये प्रावधानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्न योजना और भारतीय मिलेट संस्थान के गठन से मोटे अनाज के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। यह साल मिलेट वर्ष घोषित किये जाने के कारण अनेकों स्तर पर मोटे अनाज के प्रति लोग जागरूक होंगे। साथ ही मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा, कृषि निधि योजना, किसानों के लिए फंड स्कीम और बागवानी योजना जैसी अन्य योजनाओं को प्रोत्साहित किये जाने से कृषकों की आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी। मोटे अनाज की फसल समेत औद्यानिकी से संबद्ध फसलों के क्षेत्र में पैदावार बढ़ेगी। फलस्वरूप किसानों की आय भी स्वाभाविक रूप से बढ़ना तय है। ऐसे उत्पाद आमजनता की थाली में आने पर उनके स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

## कृषि क्षेत्र में क्रांति लाएगा यह बजट : जय प्रधवानी



**वाराणसी।** आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष सीए जय प्रद्धवानी ने आम बजट पर कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज भाजपा का आखिरी बजट पेश किया। इसको चुनावी बजट भी कहा जा सकता है क्योंकि इसमें पूरा जोर सभी वर्ग के लोगों को खुश करने में दिख रहा है। यह बजट देश को तेजी के साथ आगे ले जाएगा। दस लाख करोड़ के निवेश से इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में 67% की वृद्धि प्रशंसनीय है। पीएम नरेंद्र ने सात लाख रुपये तक की आयकर में छूट देकर मध्यम वर्ग को खुश कर दिया। सरकार का पूरा जोर डिजिटल क्रांति को बढ़ावा देने पर है। जैसे-जैसे सारी चीजें ऑनलाइन होती जाएंगी वैसे-वैसे भ्रष्टाचार पर अंकुश बढ़ता जाएगा। कर प्रणाली पारदर्शी व पेपरलेस होने से टैक्स चोरी काफी हद तक कम होगी। किसानों के लिए घोषित योजनाएं कृषि क्षेत्र में क्रांति लाएंगी। कुल मिलाकर यह बेहतर बजट है।

## बजट पर महिलाओं की मिली जुली प्रतिक्रिया



सम्पदा गंगवार



मनीषा जैन



रेनू मिश्रा



डॉ. ममता टंडन



सपना महराज



नेहा सिंघल

जनसंदेश न्यूज

**अपनी बात**

**कुछ ने कहा अच्छा तो कुछ ने कहा ठीक नहीं**

**वाराणसी।** बजट को लेकर महिलाओं की मिली जुली प्रतिक्रिया रही। कुछ महिलाओं ने इस बजट को अच्छा बताया तो कुछ ने कहा कि सरकार को महिलाओं पर और भी ध्यान देने की जरूरत है। इस संदर्भ में जनसंदेश टाइम्स ने कुछ महिलाओं से बजट पर राय जानने की कोशिश की। केन्द्र सरकार के पेश किये गये बजट को सम्पदा गंगवार ने अच्छा बताया है। कहा कि इससे लोगों को राहत मिलेगी। मनीषा जैन ने कहा कि यह बजट लालीपॉप वाला है। यह एक चुनावी बजट है। बजट में मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं मिला है। कबीरचौरा निवासिनी रेनू मिश्रा ने कहा कि यह बजट सबसे अच्छा बजट माना जायेगा। बजट में साइकिल, मोबाइल, खिलौना सस्ता किया गया यह अच्छी बात है। डा. ममता टंडन ने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट काफी अच्छा है। हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। इससे सभी को राहत मिलेगी। श्रीमती सपना महराज ने कहा कि बजट तो वैसे अच्छा है लेकिन महिलाओं पर भी ध्यान देना चाहिए था। ईंधन गैस के दाम कम होने चाहिए थे। पहले तो सब्सिडी मिलती थी अब वह भी नहीं है। घर का किचेन व्यवस्था बिगड़ गया है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए था। नाटीइमली की नेहा सिंघल ने कहा कि महंगाई को देखते हुए बजट पेश करना चाहिए था। ईंधन गैस के दाम को कम करने की जरूरत है।

## आयकर स्लैब में कुछ विशेष न देने पर निराशा



वाराणसी। प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के बुलानाला स्थित महानगर कार्यालय में बुधवार को बजट पर परिचर्चा में व्यापारियों ने आयकर स्लैब में कुछ विशेष न देने पर निराशा व्यक्त की। कहा कि जब तक मध्यम वर्ग को राहत नहीं मिलेगी। बाजार में नगदी का प्रसार नहीं बढ़ेगा। अब बजट भी खानापूर्ति का हो गया है। बीच में जीएसटी की दरों में वृद्धि कर जनता पर बोझ डाल दिया गया। मध्यम वर्ग के व्यापारी त्रस्त हैं। परिचर्चा में सर्वश्री बदरुद्दीन अहमद, सुनील शुक्ल, आनंद पांडेय, मनीषा जैन, राजेश केशरी, मुनाजिर हुसैन मंजू, लालू जायसवाल, राजेश उपाध्याय, महेश माहेश्वरी, पारस केशरी, शिवकुमार अग्रहरि समेत काफी लोग मौजूद थे। परिचर्चा में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय को वाराणसी मंडल का प्रभारी बनाये जाने पर उनका स्वागत किया गया।

## पुराने वादों व जुमलों पर पर्दा डालने का प्रयास: राघवेन्द्र चौबे



वाराणसी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने बजट पर प्रतिक्रया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री का 2023 बजट भाषण मोदी सरकार के पुराने वादों और जुमलो पर पर्दा डालने का प्रयास मात्र है। हमें आशा थी कि वित्त मंत्री उन घोषणाओं पर प्रकाश डालेंगी जो 2022 में पूरी होनी थी। 2022 में किसानों की आमदनी दुगनी, हर गरीब को आवास, 2022 में देश में बुलेट ट्रेन चलनी थी। लेकिन वित्त मंत्री ने इन घोषणाओं के पूरे ना होने की ना तो कोई वजह बताई और ना ही देश की जनता से माफी मांगी। इस विकट महंगाई के दौर में टैक्स में छूट की सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख करना यानी सिर्फ 50 हजार का ही लाभ दिया ये ऊंट के मुंह में जीरा समान है। बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था। बेरोजगारी,महंगाई की स्पष्ट रुप से कोई बात भी नहीं की गई है।


## बजट में अधिवक्ताओं को निराशा ही हाथ लगी: मेराज फारुकी जुग्गन




वाराणसी। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता मेराज फारुकी जुग्गन एडवोकेट ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा कि बजट में जहां किसान मजदूर, बुनकर सभी को निराश होना पड़ा है वहीं अधिवक्ताओं को काफी निराशा हुई है। इस बार भी सर्व समाज के लिए किसी तरह की बात नहीं कहीं गई है। वहीं घिसा पिटा राग अलापा गया है। अदालती काम भी डिजिटल करने से आम वकीलों को ही नुकसान उठाना पड़ेगा। उनकी स्वास्थ्य बीमा की पुरानी मांग भी नही मानी गई है। सरकार बेरोजगारों पर ध्यान दें यही मांग की जा रही है।

# रेल को निजीकरण की ओर ले जाने वाला बजट

**वाराणसी।** वर्ष 2023-24 के लिए पेश किये गये रेल बजट पर रेलवे के यूनियन नेताओं ने इसे निजीकरण की ओर ले जाने वाला बजट बताया कहा इससे रेलवे के निजीकरण का मार्ग प्रशस्त होता दिख रहा है। उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन वाराणसी शाखा मंत्री विंध्यवासिनी यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना, न्यूनतम वेतन बढ़ाने और , पीपीपी बंद करने, रेल मे खाली पद भरने, बकाया महंगाई भत्ता, निजीकरण निगमीकरण का आदेश वापस लेने पर कोई फैसला नही हुआ इन अहम मुद्दों पर कुछ नही होने से कर्मचारियों में निराशा है। इस बजट से कर्मचारियों को बहुत उम्मीद थी। एन ई रेलवे मजदूर यूनियन वाराणसी मंडल मंडल उपाध्यक्ष राणा राकेश रंजन कुमार ने कहा कि नौकरी पेशा वालों को सरकार ने नजर अंदाज। किया गारंटेड पेंशन योजना पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं किया गया है। लोकलुभावन घोषणाएं से आमजनों को भी फौरी तौर पर कोई राहत नजर नहीं आ रहा। आम बजट में शब्दों का मायाजाल बुनने की कोशिश की गई है। एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस केन्द्रीय अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि बजट में रेलवे का 9 गुना अधिक राशि आवंटित बतायी जा रही है, लेकिन रेलवे किस क्षेत्र में खर्च करेगी ये नहीं पता, दिन रात कर्मचारी कार्य के दौरान रन ओवर होकर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं जिसको जीवन रक्षक उपकरण देकर रोका जा सकता है इस पर कोई ध्यान नहीं गया। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75000 करोड़ का फंड,रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट तो दिया गया किन्तु कर्मचारियों के हित के लिए ओल्ड पेंशन की कहीं चर्चा नही है। मेंस यूनियन के शाखा मंत्री डी के सिंह ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों को नजरअंदाज कर इस बजट को बनाया गया है।



विन्ध्यवासिनी यादव



राकेश रंजन राणा



डीके सिंह



अखिलेश पांडेय

## पैनल डिस्कशन में व्यक्त किये विचार



**वाराणसी।** आम बजट को लेकर बुधवार को दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जनपद शाखा की ओर से कचहरी क्षेत्र स्थित बनारस क्लब में सजीव प्रसारण दिखाया गया। साथ ही पैनल डिस्कशन हुआ। उसमें पैनेलिस्ट सीए रवींद्र कुमार, मनोज कुमार अग्रवाल, अतुल सेठ, धीरज कलवानी, विशाल बी. अशर, द्विजेंद्र कुमार सिंह एवं नारायण अग्रवाल आदि वे विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बनारस क्लब के मानद सचिव दीपक मधोक, कोषाध्यक्ष सीए अतुल सेठ, नवीन कपूर, सीए अनिल कुमार अग्रवाल, शाखा सचिव सौरभ कुमार शर्मा, रंजन सिन्हा, अलोक शिवजी, अंजनी कुमार सिंह, अतुल अग्रवाल, जया खत्री, स्वाति जाजोडिया, निखिल जायसवाल, विकास जायसवाल, सुकांत रॉय, अमित रस्तोगी, आशीष कलवानी, अजीत कुमार जायसवाल, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. अनिल, डॉ. श्रुति आनंद, दीपक माहेश्वरी, समीर कपूर आदि की भी उपस्थिति रही। सीए शिशिर उपाध्याय के संचालन में कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# एनीमिया मुक्त भारत की योजना में जिले की बड़ी आबादी को भी फायदा

**लक्ष्य**

**15 साल से कम आयु की 46 फीसदी लड़कियां एनीमिया की शिकार**

**आहार में आयरन, विटामिन बी-12, फोलेट और कॉपर वाली चीजों की कमी एनीमिया के खतरे को बढ़ाती है**



डॉ. अजय गुप्ता



डॉ. टीना सिंघल



डॉ. ओपी सिंह



डॉ. स्वर्णलता सिंह

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बुधवार को वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश करते हुए स्वास्थ्य के प्रति अपनी नजरे रखीं। उन्होंने हेल्थ सेक्टर में भी काफी कुछ नया करने की कोशिश की, बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी घोषणा करते हुए साल 2047 तक देश को एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा, और बताया कि पोलियों उन्नमूलन के साथ ही टीबी मुक्त भारत की तर्ज पर हम एनीमिया मुक्त भारत का सपना साकार करेंगे।

एनीमिया, भारत में वर्षों से गंभीर स्वास्थ्य समस्या कारक स्थिति रही है, महिलाओं में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 15-49 आयु वर्ग वालों में देश की 57 प्रतिशत महिलाओं और 25 प्रतिशत पुरुषों को एनीमिया है। 15 साल से कम आयु की 46 फीसदी लड़कियां एनीमिया की शिकार हैं।

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) वाराणसी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओपी सिंह बताते हैं कि सरकार का ध्यान पूरी तरह से स्वास्थ्य भारत समृद्ध भारत की ओर से है यह अभियान भी इसी की एक कड़ी है। बताया कि एनीमिया का मतलब है हीमोग्लोबिन में कमी होना। थकान, ध्यान लगाने में परेशानी होना, सुस्ती बनी रहना आदि इसके लक्षण हैं। विभिन्न आयु वर्गों में इसकी स्थिति भी भिन्न-भिन्न है। कम आयु वर्ग में इसके मामले ज्यादा होते हैं। जब किसी देश की इतनी बड़ी युवा आबादी इस बीमारी से ग्रसित है तो स्वभाविक ही चिंता होने लगती है। चौकाघाट स्थित आयुर्वेद स्नाकोत्तर महाविद्यालय व हॉस्पिटल के काय चिकित्सा के डॉ.अजय बताते हैं किसी एक रोग के प्रति अभियान चलाना ही उस रोग को सही मायने में दूर करने का सपना है, इस बजट में इस तरह के उन्नमूलन के लिए ध्यान रखा गया यह सभी के लिए खुशी है, बजाया कि एनीमिया को सरल भाषा में समझें तो शरीर में खून की कमी को संदर्भित करती है। एनीमिया में आपके शरीर के ऊतकों में ऑक्सीजन ले जाने के लिए पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है। एनीमिया को हीमोग्लोबिन की कमी के रूप में भी जाना जाता है। आहार में पर्याप्त आयरन और विटामिन डी की कमी को इसका प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

महिला चिकित्सालय की पूर्व अधीक्षिका डॉ. स्वर्णलता सिंह बताती हैं कि एनीमिया मुक्त भारत के सपना ही स्वस्थ्य भारत के सपने का साकार करेगा, बताया कि एनीमिया आहार में आयरन, विटामिन बी-12, फोलेट और कॉपर वाली चीजों की कमी एनीमिया के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा कुछ अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं जैसे आंतों की बीमारी वाले लोगों में भी इसका जोखिम अधिक होता है। आंतों की बीमारी जैसे क्रोहन डिजीज और सीलिएक डिजीज जैसी स्थितियों में शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण प्रभावित हो जाता है, यह एनीमिया के खतरे को बढ़ा देती है। इसके अलावा मासिक धर्म के दौरान उनमें खून की कमी होने और इसके अनुपात में पोषक तत्वों का सेवन न करने के कारण महिलाओं में इसका जोखिम अधिक रहता है।

चौकाघाट स्थित आयुर्वेद स्नाकोत्तर महाविघालय व हॉस्पिटल की डॉ. टीना सिंघल बताती हैं कि एनिमिया के प्रति सरकार ने एक सकारात्मक कदम उठाया है, जिसे सभी को स्वागत करना चाहिए, बताया कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें रक्त में लाल रक्त कणिकाओं के नष्ट होने की दर उनके निर्माण की दर से अधिक होती है। नतीजतन शरीर में खून की कमी होती है। पुरुषों में एनीमिया थकान, सुस्ती का कारण बनता है।

ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है। पुरुषों में हीमोग्लोबिन का स्तर 13.5 और महिलाओं में 12 से कम होने पर शरीर में रक्त की कमी की स्थिति मानी जाती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनियमित दिनचर्या और खाने में पौष्टिक आहार कम लेना इस बीमारी से ग्रसित होने का सबसे बड़ा कारण है।

जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्टरी
सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
•मेडिसिन विभाग •सर्जरी विभाग •बाल रोग विभाग •स्त्री रोग विभाग
24 आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494 9622125887
सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
डा. विनोद कुमार
www.sarthaksurgicalcentre.co.in
जनसंदेश टाइम्स मिनी डिस्प्ले
एलीगेंट अप्लायंसेज
रिटेल डायरेक्टरी
Shiv Rudraksha Resort
Subah Banaras Lounge
ROOF TOP RESTAURANT BIRTHDAY PARTY KITTY PARTY Room Conference Hall

# आम बजट को लेकर युवाओं ने दी मिली जुली प्रतिक्रिया

## बोले युवा- नए कोर्स में ट्रेनिंग से मिलेगा लाभ, स्कॉलरशिप शिक्षा में बनेगी सहायक


आशीष


राहुल


रिषभ


अमित

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने युवाओं को ध्यान में रखते हुए बजट भाषण के दौरान कहा कि किसी भी देश को विकसित बनाने में युवाओं का सबसे बड़ा हाथ होता है। भारत युवाओं का देश है और देश का भविष्य भी युवाओं पर टिका है। युवाओं के विकास से ही देश विकसित होगा। वित्त मंत्री ने युवाओं की आधुनिकता और आधुनिक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए भी कई बड़े ऐलान किए। जिस पर काशी के युवाओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि नए कोर्स में ट्रेनिंग की व्यवस्था मिलने से लाभ होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कॉलरशिप से छात्रों को शिक्षा में काफी सहायता मिलेगी।

युवाओं के अनुसार इस बार के बजट से शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को लाभ मिलेगा। जिससे उच्च शिक्षा के छात्रों को सकॉलरशिप और नए कोर्स में प्रवेश लेने वाले 47 लाख को ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग से निकलने वाले छात्रों को रोजगार का अवसर मिलने की उम्मीद है। वहीं कुछ युवाओं ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि सरकार ने रोजगार के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। जिससे आने वाले दिनों में युवा और भी संघर्ष करते हुए नजर आएंगे।

### युवाओं के लिए काफी अच्छा बजट : डॉ. जगदीश

**वाराणसी।** आम बजट में स्टार्ट अप सेंटर की स्थापना से छोटी आय ग्रुप वालों और युवाओं के लिए काफी अच्छा रहेगा। यह बजट अब तक का सबसे अच्छा बजट है। यह बातें अयोध्या स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य डॉ. जगदीश सिंह दीक्षित ने कही। बताया कि बजट मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। टैक्स में छूट की सीमा जो बढ़ी है वह काफी राहत भरी है। मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने से कृषि पर खर्च कम होगा। इससे किसानों को तो राहत मिलेगी ही साथ ही मिट्टी के सेहत में भी काफी सुधार होगा।

बजट से छात्रों को राहत मिलेगी और युवाओं के लिए भी रोजगार के अवसर खुलेंगे।
- आशीष कुमार, छात्र

इस बार के बजट में भी रोजगार के ठोस कदम नहीं उठाए गए, युवाओं को केवल आश्वासन ही देती रहती है सरकार।
- रिषभ पांडेय, छात्र

स्कॉलरशिप से आम छात्रों को राहत मिलेगी। साथ ही ट्रेनिंग और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से रोजगार मिलेगा।
- राहुल केशरी, छात्र

सरकार ने युवाओं के लिए बजट में कोई ठोस व्यवस्था नहीं की है। जिससे रोजगार के आवसर मिल सकें।
- अमित सेठ, युवा

### युवाओं के लिए बजट पर एक झलक

वित मंत्री ने ऐलान किया कि अगले वित वर्ष में 47 लाख युवाओं को नए कोर्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के लिए लगभग 30 लाख युवाओं को स्कॉलरशिप उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा बेहतर शिक्षा प्राप्त करके युवा देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दे सकें। साथ ही सरकार 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर खोलेगी और युवाओं के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 शुरू करेगी। वहीं अगले तीन सालों में सरकार आदिवासी छात्रों को समर्थन देने वाले 740 एकलव्य मॉडल स्कूलों के लिए 38,800 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करेगी। जिससे रोजी रोजगार के साधर भी बढ़ेंगे। केंद्र सरकार युवाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग भी देगी, जिससे भारतीय युवा आधुनिकता और तकनीक से जुड़कर अन्य देशों के युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलकर चल सकें।

## हर वर्ग को ध्यान में रख कर बनाया गया बजटः एसके पाठक

**वाराणसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पेश करते हुए सभी का ध्यान रखा है। ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ टी.बी. श्वांस एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के पाठक ने भारत के विकास के लिए सराहनी बजट पेश करने के लिए मोदी सरकार का धन्यवाद किया हैं। डॉ. पाठक ने बताया टैक्स पेयर्स के लिए बजट में बड़ी राहत का एलान किया गया है, अब नई टैक्स व्यवस्था के तहत सात लाख रुपये तक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा, जो अब तक 5 लाख रुपये था, टैक्स स्लैब्स में भी बदलाव किए गए हैं और इन्हें घटाकर 5 कर दिया गया है, इससे भारत की मिडल क्लास जनता को



काफी मदद मिलेंगी । यह बजट हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रख कर बनाया गया हैं जिसमे गरीब परिवार के लिए मुफ्त राशन योजना एक वर्ष तक जारी रहेगी, योवाओं के लिए पीएम विश्वकर्मा कौशल विकास सम्मान योजना के तहत युवाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा, किसानों के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जाएगा, कृषि निधि योजना शुरू की जाएगी, किसानों के लिए विशेष फंड की योजना लाया जाएगा, मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना लाया जाएगा। 2047 तक एनीमिया उन्मूलन का लक्ष्य हैं, फार्मा सेक्टर में नई योजनाएं लाई जाएगी, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी का गठन होगा, आदिवासियों के लिए विशेष स्कूल खोले जाएंगे।

### कज्जाकपुरा आरओबी दिसंबर तक होगा पूरा

**वाराणसी।** सिटी स्टेशन-सारनाथ रेलमार्ग पर कज्जाकपुरा के निकट रेलवे संपार संख्या- 23ए पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य चल रहा है। जो इसी साल के अंत तक दिसंबर माह में पूरा कर लिया जाएगा। सीवर लाइन, विद्युत लाइन, पेयजल पाइप लाइन, गंगा प्रदूषण की पाइप लाइन शिफ्टिंग एवं जमींन उपलब्ध न होने के कारण कार्य बाधित रहा है। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक एसके निरंजन ने बताया कि एफओबी में आ रही भूमि मापी का कार्य कराया गया था, परंतु कास्तकारों द्वारा पुनः भूमि मापी कराने की मांग की है, जिसकी पुनः भूमि मापी की कार्यवाही प्रगति में है। इसमें कब्रिस्तान एवं मस्जिद की जमीन आ रही है, जिसका आपसी समझौते के आधार पर कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में विद्युत लाईन, सीवर लाइन एवं पेयजल लाइन शिफ्टिंग के उपरांत स्थान की उपलब्धता के अनुसार सेतु का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति में है। उन्होंने बताया कि जनवरी तक 47.44 करोड़ रुपये व्यय करते हुए भौतिक प्रगति 31.18 प्रतिशत है।

## बजट को लोकहित व जन कल्याणकारी कहा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने आजादी के अमृतकाल के आम बजट 2023-24 को सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के हितों को पूरा करने वाला बजट बताया है। कहा कि आजादी के अमृतकाल में प्रस्तुत नवभारत के संकल्प को समर्पित, लोकहित एवं जनकल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने कहा कि केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं, जरुरत मंदों और मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ विकास और कल्याण पर केंद्रित है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्रीय बजट 2023-24 में सशक्त-समृद्ध नए भारत के निर्माण का संकल्प स्पष्ट दिखाई देता है। एमएलसी लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि आम आदमी के लिए ये बजट बहुत अच्छा है, ये एक ऐतिहासिक कदम है। महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने कहा कि इस बजट से महिलाओं का सम्मान बढ़ा, बच्चों और किशोरों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी की घोषणा से ज़िला स्तर पर बच्चे कैसे पढ़ेंगे और बढ़ेंगे इसका उल्लेख किया गया है। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने कहा बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नव निर्माण का परिचायक है। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने कहा कि ये ऐतिहासिक बजट है जिसमें हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

**बातचीत**

**भाजपा ने समाज के हर वर्ग के हितों को पूरा करने वाला बताया बजट**

### योग एक कला के साथ साथ एक विज्ञान भी है

**वाराणसी।** योग एक धर्म है हम अपने जीवन में जो भी कार्य करते हैं इससे समाज का उत्थान होता है यह सभी योग है योग करने वाले का शरीर स्वस्थ रहता है उसके व्यवहार संयमित होते हैं। हमें नियमित योग करना है यह योग सबके लिए आवश्यक है। उक्त विचार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में बुधवार की सुबह दीक्षांत लॉन में जी-20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये आयोजित ३योग कैंप३ में कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कही। अध्यक्षता करते हुये कुलपति ने कहा कि योग मुख्य रूप से एक आध्यात्मिक अनुशासन है, जिसमें जीवन शैली का पूर्णसार आत्मसात किया गया है। योग एक कला के साथ-साथ एक विज्ञान भी है। संचालक संयोजक प्रो. रामपूजन पांडेय ने कहा कि गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है कर्मों में कुशलता ही योग है। प्रशिक्षक सह संयोजक प्रो. अमित कुमार शुक्ल, आदित्य कुमार एवं पुजारी डॉ. राजकुमार मिश्र ने योग के प्रायोगिक जानकारी के माध्यम से योग कैंप मे अभ्यास से सहयोग किया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, डॉ. विजय कुमार शर्मा, गिरीश कुमार श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर व्याख्यान व कबीर गायन

**वाराणसी।** गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बुधवार को महान संत कबीर का 505वीं महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में व्याख्यान एवं कबीर गायन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. अनुपमा सिंह ने संत कबीर के निर्वाण पर प्रकाश डाला। कहा कि संत कबीर जीवन मुक्ति की अवधारणा पर विश्वास करते थे, इसलिए उन्होंने अपने अंतिम समय में वो काशी को छोड़कर मगहर चले गये। वे काशी और मगहर के स्थानिक मुक्ति की अवधारणा को मिटाना चाहते थे। मुख्य अतिथि डॉ. भागीरथी ने संत कबीर के दार्शनिक पक्ष पर बात की। उन्होंने कहा कि कबीर काशी को छोड़कर मगहर क्यों गये थे इसे गहराई से समझना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवि सिंह ने की, उन्होंने संत कबीर को एक महामानव के रूप में चित्रित करते हुए कहा कि उनका विराट व्यक्तित्व हमें जीवन में एक नई प्रेरणा देता है। द्वितीय सत्र में कबीरचौरा मठ मूल गादी की टीम ताना-बाना ग्रुप का कबीर गायन हुआ। ग्रुप ने कबीर भजनों को एक अलग अंदाज में प्रस्तुत करके समां बांध दिया। इसमें मुख्य गायक के रूप में देवेंद्र दास देव, गौरव मिश्र, बाबूल कृष्णा थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीता लाल ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ कुलेंद्र, सुनील, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. लारिज, शतरुद्र, डॉ. श्रवण तिवारी, डॉ. आनंद कर्ण मौजूद रहे।




### कोई भी भाषा विकास में बाधक नहींः के सत्यनारायण



**वाराणसी।** कोई भी भाषा आपके विकास में बाधक नहीं बन सकती है, बशर्ते अपने दिल की भाषा का चुनाव करे। उक्त बातें बुधवार को वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायण ने डीएवी पीजी कॉलेज के हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम सह रचनात्मक लेखन कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। कहा कि जब हम अपने अंतरात्मा की आवाज पर रास्ता चुनते है तो हमे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। इस समाज में आपके लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, बस हमे सामने देखना है। खुले विचारों के साथ जिये और चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करें। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह ने कहा कि विद्यार्थी जीवन मे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगन की आवश्यकता होती है। विशिष्ट वक्ता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के प्रो. राजमुनि ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक प्रतिभा अवश्य होती है, हमे उस हुनर को पहचान कर आगे बढ़ना है। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. सत्यगोपाल ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी ने केदारनाथ सिंह की कविता 'धानो का गीत' प्रस्तुत किया। संचालन प्रो. समीर कुमार पाठक , स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार राम ने किया। इस अवसर पर प्रो. मिश्रीलाल, प्रो. विक्रमादित्य राय, प्रो. विनोद कुमार चौधरी, प्रो. प्रशांत कश्यप, डॉ. हबीबुल्लाह, डॉ. इंद्रजीत मिश्रा, डॉ. अस्मिता तिवारी, डॉ. विश्वमौली, डॉ. नीलम सिंह आदि मौजूद रहे।

## अनंत अंबानी 24 घंटे में दूसरी बार पहुंचे बाबा दरबार



**वाराणसी।** देश के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी बुधवार को फिर से काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। भोलेनाथ के दर्शन कर विधिवत षोडशोपचार पूजन किया। इससे पहले मंगलवार शाम भी उन्होंने बाबा दरबार में हाजिरी लगाई थी। बुधवार को बाबा विश्वनाथ के दर पर मत्था टेकने के बाद अनंत अंबानी ने काशी के अन्य मंदिरों में भी हाजिरी लगाई। क्रूज पर सवार होकर गंगा घाटों की छटा निहारी। इस दौरान वो भाव विभोर नजर आए। बाबा विश्वनाथ धाम परिसर से बाहर निकल कर प्रणाम किया और अपने निजी अंगरक्षकों के साथ अपने गंतव्य को प्रस्थान किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के बाद अनंत अंबानी ने अन्नपूर्णा मंदिर और संकट मोचन मंदिर में हाजिरी लगाई। धाम परिसर में अनंत अंबानी को देखने के लिए लोगों में होड़ मची रही। अन्नपूर्णा मंदिर में मुख्य अर्चक ने अनंत अंबानी को माता का प्रसाद व मोमेंटो भेंट किया। रविदास घाट तक क्रूज से यात्रा की।

## ओम वर्मा और वात्सल्य के बेहतरीन खेल से शीयेट कालेज फाइनल में

**हरहुआ।** शीयेट पीजी कालेज द्वारा बुधवार को आयोजित काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय से संबद्ध अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता हरहुआ स्थित विवेक एकेडमी के खेल मैदान पर खेले जा रहे मैच में ओम वर्मा की तूफानी पारी एवं वात्सल्य की घातक गेंदबाजी की बदौलत शीयेट कालेज ने फाइनल में स्थान पक्का कर लिया। गुरुवार को जगतपुर पीजी कालेज और काशी विद्यापीठ के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता शीवेट कालेज से खिताबी मुकाबला होगा। बुधवार को सुबह क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ओम के 36 गेंद पर 87 रनों की बदौलत शीयेट कालेज ने 138/1 रन बनाया जबकि रनों का पीछा करते हुए बलदेव पीजी कालेज बड़गांव 75 रनों से आल आउट हो गई। बलदेव पीजी कालेज को 28 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। दूसरे क्वाटर फाइनल में जगतपुर पीजी कालेज ने लालबहादुर शास्त्री पीजी कालेज मुगलसराय को छः विकेट से हरा दिया।प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच कालीकाधाम बनाम शीयेट कालेज के बीच खेला गया। ओम की 26 गेंद पर 52 रनों की तूफानी पारी के दम पर शीयेट कालेज ने निर्धारित 15 ओवर में एक विकेट खोकर 138 रन बनायें। रनों का पीछा करते हुए कालिका धाम पीजी कालेज ने सात विकेट खोकर 110 रन बना पाई। शीयेट पीजी कालेज की ओर से वात्सल्य ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। कालीकाधाम को रोचक मुकाबले में 28 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा।

### जागरूकता बचायेगा सर्वाइकल कैंसर

**वाराणसी।** कैंसर से महिलाओं की होने वाली मौत के सबसे बड़े कारणों में से एक है सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंख का कैंसर)। इसके लक्षणों की पहचान कर इसका समय से उपचार कराया जाये तो यह ठीक भी हो जाता है लेकिन आमतौर पर महिलाएं इस बीमारी के लक्षणों के प्रति गंभीर नहीं होती हैं। यही लापरवाही उनके लिए जानलेवा हो जाती हैं। सर्वाइकल कैंसर जागरुकता माह के समापन के अवसर पर मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के सभागार में आयोजित गोष्ठी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने उक्त विचार व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के लक्षण नजर आते ही तत्काल जांच कराकर उपचार शुरू करा देना चाहिए। इस सम्बन्ध में परामर्श की सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। गोष्ठी में पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय स्थित एमसीएच विंग की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. आरती 'दिव्या' ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि गर्भाशय के मुंख का कैंसर ह्यूमन पैपीलोमा वायरस (एचपीवी) के कारण होता है।

## निजी सहभागिता के साथ डीबीटी पूरा करेंः सीडीओ

**बैठक**

**सभी सक्रिय टीबी मरीजों को गोद लेना करें सुनिश्चित**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** जनपद को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट टीबी फोरम की बैठक विकास भवन सभागार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) हिमांशु नागपाल ने जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।

बैठक में सीडीओ ने टीबी संबंधी सभी सूचकांकों की समीक्षा की। जनपद के राजकीय चिकित्सालयों डीडीयू चिकित्सालय पाण्डेयपुर, एलबीएस चिकित्सालय रामनगर तथा सुन्दरलाल बीएचयू तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में देखे जा रहे मरीजों के पाँच प्रतिशत की बलगम जांच किये जाने पर चर्चा की गयी जिससे मरीज को चिन्हित कर उसका जल्द से जल्द से इलाज प्रारंभ किया जा सके और इसको नियंत्रण में लाया जा सके।

हर 15 तारीख को मनाए जाने वाले एकीकृत निक्षय दिवस पर जानकारी ली । इसके साथ ही टीबी मरीजों के साथ परिवार के सभी सदस्यों के लिए टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। उन्होने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की पूरी नजर है।

बैठक में आंकड़ों पर भी चर्चा की गई जिसमें बताया कि वर्ष 2021 में आउटकम का परिणाम लक्ष्य के सापेक्ष 89 प्रतिशत रहा। वर्तमान में 6208 सक्रिय रोगी हैं जिसमें 4545 रोगियों ने गोद लेने के लिए उपचार, पोषण और भावनात्मक सहयोग सहमति दी है।

### पाठ्यक्रम में कौशल का ज्ञान होने से हम आत्मनिर्भर होंगे : प्रो. त्रिपाठी



वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में बुधवार को योगसाधना केंद्र में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के नव सत्र आरंभ के अवसर पर बीएचयू के आयुर्वेद संकाय के अध्यक्ष प्रो. कमल नयन द्विवेदी ने कहा कि यहां चल रहे पाठ्यक्रम में कौशल का ज्ञान होने से हम आत्मनिर्भर होंगे। आंतरिक सज्जा के साथ साथ वाह्य सज्जा की पूर्ति होगी। इसके साथ ही व्यक्तित्व विकास भी होगा। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने अध्यक्षता करते हुये कहा कि ज्योतिष और कर्मकांड के अध्ययन से विधार्थी या युवा रोजगार परक कौशल का ज्ञान प्राप्त होता है। कौशल विकास नई शिक्षा निति का एक प्रमुख विषय है। यहां से प्रशिक्षित विद्यार्थी हर जगह अपना स्थान बना लेगा, स्वंय पर निर्भर होकर कार्य करेगा। कौशल केंद्र से सामाजिक व भौगोलिक रूप से वंचित एवं कमजोर समुदाय के लोगों को न्यायसंगत तरीके से अवसर मुहैया कराना है। अन्य वक्ता प्रो. शैलेश कुमार, प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो. जितेंद्र कुमार आदि ने विचार रखें। स्वागत भाषण दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र की निदेशक प्रो विधु द्विवेदी ने, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजनाथ व संचालन डॉ. रवि शंकर पांडेय ने किया।

## संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय हो रहे हैं स्मार्ट : बीईओ

**पिंडरा।** पिंडरा विकास के परिषदीय विद्यालय अब स्मार्ट हो रहे हैं। जिसका परिणाम है कि विद्यालयों में दिनों दिन छात्र संख्या बढ़ रही है। उक्त बातें पिंडरा विकास खंड के घोघली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को अंबुजा फाउंडेशन के द्वारा लाखों रुपये की लागत से बने स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बीईओ देवी प्रसाद दुबे ने कही। कहा कि आज जिस उद्देश्य को लेकर शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग चल रहा वह निसंदेह नए उचाईयों को अग्रसर है। जिसमें विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं का योगदान है। वही फाउंडेशन की ओर से नीतू वर्मा ने कहा कि पिंडरा विकास क्षेत्र के 5 विद्यालय इस बार स्मार्ट बनाये गए और अगले वित वर्ष में 30 विद्यालय स्मार्ट होंगे। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर की छात्राओं द्वारा संगीतमय योग की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। अध्यक्षता ग्राम प्रधान गणेश प्रजापति, संचालन महेंद्र कुमार, स्वागत प्रधानाध्यापक रमेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन नोडल शिक्षक कमलकांत पुष्कर ने दिया। इस दौरान एडीओ कैलाश यादव, एपीओ धर्मेंद्र सिंह, एआरपी रामसेवक यादव, डॉ. शिवप्रसाद सिंह, अखिलेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, वीरेंद्र कुमार, सुषमा आदि मौजूद रहे।



### छात्र संघ की मांग को लेकर विरोध जारी

**वाराणसी।** हरिश्चंद्र पीजी कॉलेज के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालिन धरने पर बैठे छात्रों ने बुधवार को छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त को पत्र भेजा। इस दौरान छात्रों ने लिखे पत्र में अधिकारियों को अवगत कराया कि महाविद्यालय में सभी पाठ्यक्रम में कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके बावजूद भी चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जा रही है। जबकि लिंगदोह कमेटी के अनुसार सभी पाठ्यक्रम प्रवेश कार्य संपादित हाने व 21 दिन कक्षाएं संचालित होने के बाद छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी करने का नियम है। इस दौरान रवि गुप्ता, आनंद मौर्या, शिवम पटेल, सुनिधि द्विवेदी, शिवम कुमार सिंह, मोनू कुमार, उत्कर्ष तिवारी और गौरव गुप्ता मौजूद रहे।



### पर्यटन प्रबंधन के छात्रों से बातचीत कर दी जानकारी

**वाराणसी।** पर्यटन मंत्रालय के उत्तरी क्षेत्र कार्यालय में मल्लिका वर्मा और डॉ. विवेक तिवारी की देखरेख में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के पर्यटन प्रबंधन के छात्रों से बुधवार को बातचीत की गई। भारत पर्यटन अधिकारियों और टीजीए के अध्यक्ष जैनेंद्र राय ने पर्यटन मंत्रालय के कार्य, अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन क्यों महत्वपूर्ण है, राष्ट्र निर्माण में पर्यटन की भूमिका, पर्यटन और आतिथ्य उद्योगों में वाहक के बारे में उपयोगी जानकारी दी। पर्यटन प्रबंधन के 25 से अधिक छात्रों ने एक भाग शिक्षा कार्यशाला के रूप में इंडियाटूरिज्म वाराणसी के परिसर में दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक इस इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।



### सीडीओ ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग की बैठक

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा बुधवार को विकास भवन सभाकक्ष में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं उनके अध्यापकों के साथ जी-20 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। सीडीओ द्वारा बैठक में शिक्षा विभाग को मिले क्लस्टर में उनके द्वारा क्या कार्य किए गए और क्या-क्या कार्य अभी बाकी हैं आदि विषयों पर चर्चा किया गया और स्पष्ट निर्देश दिया गया कि समय पूर्व आप अपने क्लस्टर का अवलोकन कर उसकी ठीक-ठीक स्थिति बनाकर अपनी फाइल कार्यालय में जमा करें, क्लस्टर प्रमुखों ने वादा किया कि हम समय पूर्व अपने काम को संपादित कर लेंगे।



### गृहकर के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

**वाराणसी।** नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम द्वारा गृहकर के बड़े बकायेदारों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी भेलूपुर जितेंद्र कुमार आनंद के नेतृत्व में कर अधीक्षक उमाशंकर गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा पांच बड़े बकायेदरों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। जोनल अधिकारी द्वारा पांचों भवनों पर तालाबंदी की कार्यवाही प्रारंभ करते हुये भवनों को सील किया गया। भवन स्वामियों के द्वारा एक सप्ताह के भीतर गृहकर जमा करने का आशवासन दिया गया।



### माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने देखा बजट सत्र

**वाराणसी।** लोहता स्थित काशी विद्यापीठ पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नामांकन (610) में (302) बच्चों की उपस्थिति रही। जहां बच्चों के साथ संसद भवन में सत्री बजट पास हुआ और सभी छात्र-छात्राओं ने बजट सत्र देखा और प्रसन्न हुए, बजट सत्र को अंबुजा फाउंडेशन की तरफ से प्रोजेक्टर स्मार्ट क्लास के माध्यम से प्रसारित किया गया।



### खामियां मिलते ही पहुंचे अभियंता

**चिरईगांव।** जाल्हूपुर-भगतुआ मार्ग से अम्बा सम्पर्क मार्ग पर सीसी रोड निर्माण की खामियां उजागर होने के बाद बुधवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एके सिंह मौके पर पहुँचकर अवर अभियंता नीलेश गुप्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए खामियों को तत्काल दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने ने रोड निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री के गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण करने के लिए भी निर्देशित किया।



### उपेक्षित मांडवी तालाब का होगा सुंदरीकरण

**वाराणसी।** रामनगर स्थित शास्त्री घाट के निर्माण की प्रस्तावित योजना को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बुधवार को संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ डीडी टूरिज्म एवं उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन के परियोजना प्रबंधक भी थे। सीडीओ ने कार्यदाई संस्था को इस्टीमेट में पेड़-पौधे, बेंच आदि की व्यवस्था शामिल करने के निर्देश दिये। इसी क्रम में उन्होंने मंडुवाडीह थाना परिसर के निकट स्थित मांडवी तालाब का भी मुआयना किया। इस तालाब की स्थिति बेहद दयनीय पायी गयी। उसके आसपास अतिक्रमण है। निकट के घरों का मलवा, गंदा पानी और सीवरेज तालाब में ही गिराया जा रहा है। वहीं, कूड़ा भी गिराया जा रहा है। तालाब के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इसके जीर्णोद्धार की तैयारी है। सीडीओ ने इस बारे में आवश्यक निर्देश दिये।



### रामनगर में बनाया जाय जोनल कार्यालय

**रामनगर।** स्थानीय क्षेत्र को नगर निगम का जोनल कार्यालय बनाने की मांग लेकर बुधवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमशाद खां के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। उनहोंने कहा कि नगर निगम में शामिल होने के बाद रामनगर और सूजा बाद को भेलूपुर जोन में सम्मिलित किया जाना अव्यवहारिक है। कारण, दूरी अधिक होने के चलते जनता को कई स्तर पर समस्या का सामना करना पड़ेगा। इसलिए रामनगर को जोन बनाकर नगर पालिका भवन में उसका कार्यालय बनाया जाय। प्रतिनिधि मंडल में सतनाम सिंह, विपिन सिंह, सुजात खान, हाफिज शरीफ, इमरान मिर्जा, जावेद खान आदि रहे।

# ट्रेन से किशोर का कटा दोनों पैर



अस्पताल में भर्ती किशोर।

**बैरिया (बलिया)।** सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार को बरौनी गोदिया डाउन एक्सप्रेस के जद मे आने से एक 10 वर्षीय अर्द्धविक्षिप्त किशोर का दोनों पैर कट गया। घटना के बाद स्टेशन पर कोहराम मच गया। आनन फानन मे परिजनो उसे और उसका दोनो कटा हुआ पैर लेकर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सको से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गम्भीरावस्था मे जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। चिकित्सको ने उसकी हालत चिन्ताजनक बताई है। जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव निवासी सुरेन्द्र साहु का दस वर्षीय पुत्र शक्ति साहु अर्द्धविक्षिप्त है। वह घर से बाहर खेल रहा था। खेलते खेलते सुरेमनपुर स्टेशन पहुंच गया। जहां वह बरौनी गोन्दिया डाउन एक्सप्रेस के जद मे आ गया। उसके दोनों पैर का जंघा कट कर अलग हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा तफरी मच गया। सैकड़ो की भीड़ जमा हो गया। परिजनो ने उसे उठा कर सामुदायिक स्वास्थ्य सोनबरसा पहुंचाया। जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया। परिजनो का रोते रोते बुरा हाल था।

# पुलिस मुठभेड़ में वाहन चोर को लगी गोली, तीन फरार

**मिली सफलता**

### एक स्कार्पियो समेत हथियार बरामद, कई चोरी की बात कबूली

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सुखपुरा थाना पुलिस द्वारा हुए मुठभेड़ में एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं तीन वाहन चोर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में कामयाब रहे। चोरों के पास से चोरी की एक स्कार्पियो बरामद की गयी हैं। वहीं पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किये गये वाहन चोर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने इलाज के लिये उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा पारसनाथ सिंह और उप निरीक्षक बांक बहादुर सिंह मिड्ढा पुलिया के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस टीम को मुखबिर से खबर मिली कि 31 जनवरी को हनुमानगंज से चोरी हुई स्कार्पियों गाड़ी से कुछ अज्ञात व्यक्ति बसन्तपुर से होते हुए बेरूआरबारी को जाने वाले है। सूचना पर विश्वास करते हुए तत्काल चौकी प्रभारी बेरूआरबारी उप निरीक्षक राम सिंह व चौकी प्रभारी हनुमानगंज उप निरीक्षक जयप्रकाश सिंह दतिबड़ पुलिया के पास सुखपुरा पुलिस टीम द्वारा आने वालें वाहनों का चेकिंग करने लगे।

चेकिंग के दौरान एक चार पहिया संदिग्ध वाहन शिवपुर के रास्ते से आते हुए दिखाई पड़ा। जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो गाड़ी में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करते हुये भागने लगे। पुलिस टीम घेराबन्दी करते हुए पिस्टल से एक फायर किया।

जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर तीन वाहन में सवार तीन चोर भागने में कामयाब हो गये। पुलिस ने घायल चोर को जिला अस्पताल में इलाज के लिये पहुंचाया।



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश।

### कई वाहनों की चोरी में इनका रहा हाथ

पुलिस द्वारा पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र सूर्यदेव निवासी दीघा फतेहपुर थाना बलीगांव जिला वैशाली बिहार बताया। घायल अभियुक्त के पास से घटना स्थल पर एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस व एक अदद मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। भागे हुए अपराधियों का नाम पता पूछा गया तो गिरफ्तार अपराधी ने उनका नाम मोनू शाह समस्तीपुर बिहार और सुमन महतो और निजाम बताया। स्कार्पियों के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि 31 जनवरी को हम सभी लोगों ने मिलकर हनुमानगंज के पास से एक स्कार्पियो गाड़ी चोरी किया था। इससे पहले हम लोगों ने सिकन्दरपुर से दो स्कार्पियो तथा सुखपुरा थाना क्षेत्र से दो स्कार्पियो व बैरिया थाना क्षेत्र से एक स्कार्पियो तथा थाना खेजुरी क्षेत्र से एक स्कार्पियो चोरी किया था। हम लोग चोरी किये वाहनों को बेचकर आपस में पैसा बांट लेते थे।

## संक्षेप

### विदाई समारोह का हुआ आयोजन



विदाई समारोह में उपस्थित विशिष्ट जन।

**बांसडीह (बलिया)।** आंखों से दूर सही दिल से कहां जाएगा, जाने वाले तू हमें याद बहुत आएगा। उक्त बातें भारतीय जीवन बीमा निगम बांसडीह के कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी राजीव प्रजापति के विदाई समारोह के मौके पर मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक रामप्रवेश ने कहा की यह समय मेरे लिए बहुत दुःखद है लेकिन हमे दुखी नहीं होना चाहिए। हम सभी को अपने प्रिय साथी को हसी-खुशी विदा करना है। आपके चले जाने के बाद हमे आपकी कमी बहुत महसूस होगी। विशिष्ट अतिथी अनूप श्रीवास्तव ने कहा की नौकरी में एक स्थान से दूसरे स्थान आना व जाना तो लगा ही रहता हैं। लेकिन अच्छा कार्य करने वाले को भूला पाना काफी मुश्किल होता हैं। विभाग में रहते हुए आप अपने मृदुल स्वभाव व अपने ईमानदारी पूर्वक कार्यो के बदौलत ही सबके दिलों पर राज किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। स्थनांतरण हो कर जा रहे प्रशासनिक अधिकारि राजीव प्रजापति ने कहा कि मेरे लिए इस तरह का शानदार विदाई समारोह आयोजन करने के लिए मैं आप सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। श्यामाचरण शुक्ला, अशोक सिंह, जेपी पाल, उमाशंकर यादव, उत्कर्ष कुमार, सीताराम सिंह, अनुरुद्ध सिंह, मुद्रिका प्रसाद, विक्रम सिंह, वेदरत्न वाजपेयी, देवेश आदि मौजूद रहे। संचालन सहायक शाखा प्रबंधक अनिरूद्ध सिंह विशेन ने किया।

### योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में जिले का रहा दबदबा



गुहावटी से खेलकर लौटीं खिलाड़ी।

**बलिया।** राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान मे आयोजित तीन दिवसीय तीसरी सीनियर राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2022-2023 गुवाहाटी मे संपन्न किया गया। जिसमे बलिया जिले की सचिव संगम वर्मा के उचित मार्गदशन में सुप्रिया, नम्रता, काजल और नेहा ने प्रतिभाग कर अपने माता-पिता के साथ साथ जनपद और प्रदेश का नाम रोशन किया। बता दें कि यह आयोजन गुहावटी में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित था। खिलाड़ियों को इसका प्रशिक्षण शहर से सटे परमंदापुर स्थित किंगफोर्ड कान्वेंट स्कूल में दिया गया था। इसकी जानकारी होते ही बलिया योगासन के अध्यक्ष मेराज असलम खान, इरशाद, डा. अशोक कुमार सिंह, डॉ विवेक कुमार सिंह, डॉ जितेंद्र वर्मा, बृजेश कुमार गुप्ता, पूनम सिंह संरक्षक आजमगढ़ मण्डल, कोऑर्डिनेटर मो. समील्लाह आदि ने प्रतिभागियों को बधाई देने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत, कोहराम

**सिकंदरपुर (बलिया)।** सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी एक मजदूर की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हो गई। घटना की मंगलवार देर शाम की है। इसकी जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के हरदिया लखवलिया निवासी राम जीतन 40 वर्ष समीप के ही ईंट भट्ठा पर काम कर अपना आजीविका चलाता था। रोज की भांति वह मंगलवार को भी काम पर गया था। शाम करीब छह बजे काम समाप्त कर ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर पर सवार रामजीतन उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर भिजवाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही घर-परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सोनिया और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। जीतन की मौत से परिवार वाले सदमे में है।

### नरहीं ने भोजपुर को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

**बलिया।** युवक संघ नरही द्वारा आयोजित जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच भोजपुर बिहार व युवक संघ नरहीं के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में नरहीं ने भोजपुर को 2-0 से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। नरहीं गांव के खेल मैदान पर चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जमुना राम मेमोरियल स्कूल चितबड़ागांव के प्रबंध निदेशक तुषार नन्द ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुभारंभ कराया। कृष्णा शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट नरहीं के एनसीसी कैडेटों द्वारा खेल मैदान पर टेबल ड्रिल और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान भारत माता के जयकारों से खेल मैदान गूंज उठा। मंगलवार को खेले गए फाइनल मैच में केएफसी भोजपुर बिहार व युवक संघ नरहीं के बीच खेला गया। मैच शुरू होने के21 वें मिनट में नरहीं के खिलाड़ी हिमांशु राय ने गोल करने में सफल रहे दूसरा गोल नरहीं के खिलाड़ी नीतीश श्याम ने 41 वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक कायम रहा। इस प्रकार नरहीं की टीम 2-0 से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नरहीं के नीतीश श्याम और मैन ऑफ सीरीज भी नरहीं के हिमांशु राय व वेस्ट गोलकीपर सौरभ समीर राय को दिया गया। निर्णायक की भूमिका अमल कुंवर, राजू कुमार, चंद्रकांत राय एवं अंकित कुमार ने निभाई। अध्यक्षता रविकांत उपाध्याय और संचालन अनूप राय चन्दन, पियूष राय ने किया।

# गन व्यवसायी ने की आत्महत्या

**जांच में जुटी पुलिस**

### सुसाइड से पहले वायरल किया लाइव वीडियो

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शहर के मालगोदाम रोड स्थित बलिया आर्म्स कारपोरेश के प्रोपराइटर नंदलाल गुप्त ने बुधवार को दिन में लगभग दो बजे अपने फेसबुक आइडी से लाइव वीडियो बनाकर वायरल करने करने के बाद बंदुक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी परिवार को हुई घायल अवस्था में नंदलाल को अस्पताल लेकर पहुंच गये। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुचे कोतवाल शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। उधर सीओ सिटी अपने टीम के साथ नंदलाल के दुकान पहुंचे जहां घंटों तक जांच पड़ताल करते है। वहीं फोरेंसिक टीम भी जांच में जुटी हुई थीं। इसी जानकारी आम लोगों को सभी लोग जिला अस्पताल पहुंच गये।

घटना की जानकारी होते ही लोगों के होश उड़ गये। दुकान से लेकर जिला अस्पताल तक पुलिस व जनता की भीड़ लगी रही।




गन व्यवसायी के आत्महत्या के बाद पहुंची पुलिस।

### सभी तथ्यों की हो रही जांच : एएसपी

वहीं अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद मिश्र ने मीडिया को बताया कि व्यवसायी नंदलाल गुप्ता द्वारा गोली मारने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी। वहीं इस मामले में सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रही है। अभी तक परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।



एएसपी दुर्गा प्रसाद।



नंदलाल गुप्ता। फाइल फोटो।

### लाइव वीडियो में नंदलाल ने क्या कहा

**बलिया।** आत्महत्या से पहले नंदलाल गुप्ता ने वायरल वीडियो में कह कि मैं नंदलाल गुप्ता पुत्र स्व. विजय कुमार स्टेशन मालगोदाम, को बेवजह परेशान किया जा रहा है। सूदखोरों से थोड़ा बहुत पैसा लिया था, वसूली के लिये सूदखोर परेशान कर दिये थे। बकाये से अधिक मैंने पैसा दे दिया। यहां तक मेरा घर तक बिकवा दिये। पीएम मोदी और सीएम योगी जी मेरा न्याय कीजिए, कहकर खुद को गोली मार ली।

# छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में मारपीट चार पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के मुढ़ाडीह ग्राम पंचायत का पुरवा गायघाट में मंगलवार को छेड़खानी करने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों ने तलवार, लाठी, डंडे आदि का खुल कर प्रयोग किया गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक जांच पड़ताल में जुट गयी है।

एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रात में ही क्षेत्राधिकारी बैरिया समेत पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीएससी तैनात की गई है। जानकारी के अनुसार हल्दी थाना क्षेत्र के मुढ़ाडीह ग्राम पंचायत का पुरवा गायघाट में मंगलवार की शाम गांव के ही एक युवक ने अपने ही गांव की लड़की पर फब्तियां कसी तो उसके भाई ने सुन लिया और लड़के की पिटाई कर दी। कुछ देर बाद दोनों तरफ से मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने तलवार सहित धारदार हथियारों का प्रयोग किया।

घटाना की सूचना मिलने ही क्षेत्राधिकारी बैरिया, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गए। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही बुआ राजभर, सुगंध पांडेय, धीरेश पान्डेय व निरहु पान्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उच्चाधिकारियों ने दो समुदायों के बीच विवाद होने के कारण पीएससी तैनात की है।

# कटानपीड़ितों को एनएच खाली कराने का दिया अल्टीमेटम

जनसंदेश न्यूज

**मिला नोटिस**

### एनएच-31 पर अभी भी 81 कटानपीड़ित डाले है डेरा

**बैरिया (बलिया)।** कटान से बेघर हुए कटान पीड़ितो की दुर्दशा को देखते हुए तहसील प्रशासन ने मौजा दया छपरा व मानसिंह छपरा मे आवासिय पट्टा आवन्टित कर पैमाइस करा कर बसा दिया है। बावजूद इसके राष्ट्रीय राज मार्ग 31 के पटरियो पर 81 कटान पीड़ित अभी भी अपना डेरा जमाये हुए है।

जनहित व यातायात सुरक्षा के दृष्टीगत उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने मंगलवार को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अन्दर राष्ट्रीय राजमार्ग 31 खाली करने का चेतावनी दिया है। लेकिन एनएच 31 की पटरी पर डेरा जमाये कटान पीड़ितो को नोटिस से कोई फर्क पड़ता नजर नही आ रहा है। उपजिलाधिकारी बैरिया ने बताया है कि ग्राम पंचायत केहरपुर व गोपालपुर के कटान पीड़ितों को नोटिस के माध्यम से कहा है कि आप लोगों को ग्राम पंचायत दयाछपरा व मानसिंह छपरा में आवासीय पट्टा दिया गया है। साथ ही राजस्व टीम द्वारा उक्त पट्टे की भूमि पर कब्जा भी दिलवा दिया गया है। पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाये दो माह से अधिक बीत जाने के बावजूद कटान पीड़ितों के द्वारा अब तक राष्ट्रीय राज मार्ग 31 की पटरी को खाली नही किया गया है।

एसडीएम ने एक सप्ताह का समय देते हुए एनएच 31 को खाली करने का आदेश दिया है। एसडीएम ने चेतावनी दिया है कि अगर एक सप्ताह के अन्दर कटान पीड़ित एनएच 31की पटरी खाली नही करते है तो फोर्स लगा कर एनएच की पटरी खाली कराया जायेगा।

वही उन्हे खाली कराने मे जो प्रशासन का खर्चा होगा वह धनराशि उनसे वसूल की जायेगी। उपर से वैधानिक कार्यवायी भी होगी।

### बेटे की बारात जाने से पहले पिता की मौत

**मझौंवा (बलिया)।** बेटे की बरात उठने से पहले ही पिता की मौत हो गयी। इस घटना से शादी का माहौल मातम में बदल गया। परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बेलहरी ब्लाक के ग्राम पंचायत मझौवां निवासी पूर्व प्रधान केदारनाथ सिंह 88 वर्ष मंगलवार के दिन के हृदय गति रुकने से उस समय मौत हो गई जब वह घर के आंगन से मातृ पूजा करा कर बाहर निकले और बरात कि तैयारी का जायजा लेने लगे। विधि को कुछ और ही मंजूर था। खुशी के माहौल के बीच एकाएक मातम छा गया। अब विवाह की बरात को कौन कहे ग्रामीण अर्थी की तैयारी में लग गए। ग्रामीणों की समझाने बुझाने पर किसी तरह 5 लोगों ने कन्या के मंडप में जाकर विवाह का रस्म अदा की और सुबह होते ही पिता की अर्थी लेकर गंगा घाट चले गए। पूर्व प्रधान के निधन होते ही शोक की लहर दौड़ गई। मौत कि सूचना मिलते ही शोक प्रकट करने वालों का तांता लग गया। उनके दो पुत्र अमृत सिंह घरचन व प्रेमशंकर सिंह उर्फ बुटन सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। अन्तिम संस्कार गंगा घाट पचरुखिया घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अमृत सिंह ने दी।

# सरकार का बजट सराहनीय

जनसंदेश न्यूज

**बोले सरदार बलजीत सिंह**

### अर्थव्यवस्था को मिलेगी सही दिशा

**बलिया।** कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट सत्र 2023 - 24 के लिए प्रस्तुत किया गया। सीए सरदार बलजीत सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर यह संतुलित बजट है जिससे कि देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में प्रगति की पथ पर आगे बढ़ेगी और अपना देश विकसित राष्ट्र बनेगा। बताया कि इस वर्ष सरकार द्वारा सप्त ऋषि के नाम से 7 प्राथमिकताएं चुनी गई हैं जिसके अंतर्गत देश के समग्र विकास की बात कही गई है।

आज का यह बजट निर्धन वर्ग, मध्यमवर्ग, करदाताओं, किसानों तथा उद्यमियों के विकास के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। यदि विस्तारपूर्वक कृषि क्षेत्र की बात की जाए तो कृषि क्षेत्र में नए स्टार्टअप शुरू करने के लिए एग्रीकल्चर वर्धक फंड की स्थापना कर उद्यमियों को सहायता देने के बाद की गई है।

साथ ही कृषि ऋण की उपलब्धता को बढ़ाया गया है जिसके साथ पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही श्रीधन यानी मोटे अनाज की उत्पादन को बढ़ाने हेतु कई योजनाओं की बात की गई है और कृषि उत्पाद भंडारण क्षमता को भी बढ़ाने की बात की गई है और प्राकृतिक खेती के विकास की बात की गई हैं।

निर्धन वर्ग के राहत देने के लिए पीएम आवास योजना के तहत फंड में 66 प्रतिशत की वृद्धि की गई है और मुफ्त राशन की योजना को एक वर्ष बढ़ा दिया गया हैं। छात्रों के सुविधा के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना की बात की गई है। मध्यम एवं लघु उद्यमी को प्रोत्साहित करने के लिए तथा उनके उत्पादों की बिक्री हेतु कई प्रोत्साहन एवं ऋण योजनाओं की शुरूआत की गई है। यदि बजट में प्रस्तावित कर प्रावधानों की बात की जाए तो सरकार ने प्रत्यक्ष करो मैं लागू नई आयकर व्यवस्था में आयकर छूट की सीमा 500000 से बढ़ाकर 700000 कर दी है।

साथ ही नई आयकर व्यवस्था में आयकर के स्लैब को भी कम कर दिया गया है जिससे नई कर व्यवस्था चुनने वाले करदाताओं को लाभ होगा। इस बजट में वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में जमा की अधिकतम राशि को 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख कर दिया गया है। साथ ही महिलाओं के लिए दो लाख तक की राशि जमा करने की सुविधा के साथ साथ दो वर्ष की अवधि के लिए एक लघु बचत योजना लागू की गई है।



सरदार बलजीत सिंह।

# जिले में 3.24 करोड़ की लागत से बनेंगे दो हाईटेक नर्सरी

जनसंदेश न्यूज

**कवायद शुरू**

### सोहांव तथा बछईपुर चिलकहर में स्थल चयन होगा निर्माण

**बलिया।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार की और से कई उपाय किए जा रहे हैं। फलदार बाग लगाने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। जिले में उद्यान विभाग के परिसर के अलावा कोई सरकारी नर्सरी नहीं है। परिसर का क्षेत्रफल छोटा है। इस वजह से किसानों की डिमांड के सापेक्ष पौधे नहीं मिल पाते हैं। इसलिए जिले में 3.24 करोड़ की लागत से दो हाईटेक नर्सरी के निर्माण की कवायद शुरू हुई है। जिला उद्यान विभाग की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव तथा औद्यानिक प्रक्षेत्र बछईपुर चिलकहर में स्थल चयन कर निर्माण का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा गया था। उस पर जिलाधिकरी सौम्या अग्रवाल ने अनुमोदन कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया है।

धन आवंटित होते ही कार्य शुरू हो जाएगा। यह नर्सरी एक-एक हेक्टेयर में होगी। इसके अलावा किसान, उद्यमी भी सरकार की इस योजना का लाभ लेकर नर्सरी निर्माण करा सकते है। इसमें लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था है। हाइटेक नर्सरी से अनुकूल वातावरण में हर मौसम में फलों में बेर, अनार, कटहल, नींबू, सेब, आम आदि फलों के साथ फूलगोभी, मिर्च, चाइनीज कैबेज, खरबूज आदि महंगी सब्जियों की गुणवत्तापूर्ण पौध किसानों को लागत मूल्य पर दी जाएगी।

उद्यान विभाग का राजकीय पौधशाला उसी परिसर में है। इस वर्ष शासन से 10 हजार पौधों की नर्सरी तैयारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी आम, अमरूद, बेल, नीबू आदि की पांच हजार से अधिक पौधों की नर्सरी तैयार हो चुकी है।

### दो स्थानों पर एक-एक प्रस्ताव का अनुमोदन

इस संबंध में जिला उद्यान अधिकारी शीतल प्रसाद वर्मा ने बताया कि जिले के दो स्थानों पर एक-एक प्रस्ताव का अनुमोदन हो चुका है। धन मिलने के बाद कार्य प्रारंभ हो जाएगा। राजकीय पौधशाला में 10 हजार पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है। इससे 4000 कलम तैयार किया जाएगा। इसके लिये श्रमिकों को लगा दिया गया है।

# प्रतिमाह दो करोड़ खर्च, फिर भी स्वच्छता अभियान फेल

**लापरवाही**


### अधिकांश गांवों में नहीं दिखते सफाई कर्मी, जिम्मेदार बेपरवाह

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया (बलिया)।** स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभप्रद है। ऐसे मे प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को ठेगां दिखा रहे हैं गांवो में तैनात सफाई कर्मी। प्रतिवर्ष लाखों रुपए वेतन के रूप में पाने वाले सफाई कर्मी गांवो के साफ-सफाई से तौबा कर चुके हैं। अधिकांश गांव में तो सफाई कर्मी आते ही नहीं है।

मुरली छपरा तथा बैरिया विकासखंड के कुल 55 ग्राम पंचायतों में 105 सफाई कर्मियों की तैनाती है। प्रतिमाह इनके वेतन के मद में सरकार 2 करोड़ से अधिक रुपए खर्च करती है। बावजूद इसके किसी भी गांव में आपको साफ सफाई देखने को नहीं मिलेगा। पूछने पर संबंधित विभाग के अधिकारी यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि सफाई कर्मियों का मामला जिला पंचायत राज अधिकारी देखते हैं।

उन्हीं से आप लोग बात कीजिए। जिन गांव में एक से अधिक सफाई कर्मी तैनात है। वहां सफाई कर्मी घर बैठे वेतन लेते हैं। जहां इकलौता सफाई कर्मी तैनात है। वह ग्राम प्रधान के दरवाजे तक पहुंचकर हाजिरी लगाकर वापस लौट जाता है। ऐसे में शायद ही कोई ऐसा गांव है। जहां जलजमाव और गंदगी का अंबार ना लगा हो। राजनैतिक पकड़ गांव के सफाई के लिए कोढ़ में खाज बना हुआ है।



सफाई के अभाव में जाम पड़ी नाली।

### शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई

इस बाबत पूछने पर एडीओ पंचायत बैरिया रितेश राय ने बताया कि जहां सफाई कर्मी सफाई नहीं कर रहे हैं। वहां की लिखित शिकायत अगर वहां के ग्रामीण देते हैं, तो संबंधित सफाई कर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गांव को स्वच्छ रखना सफाई कर्मियों का पहला दायित्व है।

## ग्राम सचिवालय से होगा किये गये कार्यों का भुगतान

**बैरिया (बलिया)।** सरकार का प्रयास है कि ग्राम पंचायतो का समग्र विकास हो। इस क्रम मे कई योजना सरकार ने बना कर ग्राम पंचायतो मे लागू कर रखा हैं। इन योजनाओं पर सरकार आन लाइन निगहबानी भी कर रही है। ऐसे मे ग्राम पंचायतो के विकास मे खर्च होने वाले धन का भुगतान पहले कही से भी डोगंल का इस्तेमाल कर सचिव व ग्राम प्रधान कर लेते थे। लेकिन अब ऐसा नही हो सकता है। अब भुगतान केवल ग्राम सचिवालय मे लगे कंप्यूटर से ही होगा। इस पर नकेल कसने के लिए अपर मुख्य सचिव पंचायती विभाग मनोज कुमार सिंह ने एक पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया है कि पन्द्रहवां वित, राज वित के अलावे परफारमेंस ग्रान्ट, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राजीव गांधी स्वरोजगार अभियान, अन्तेष्टि स्थल आदि योजनाओ पर खर्च किये गये धन के भुगतान की धनराशि ग्राम सचिवालय मे स्थापित कंप्यूटर से ही होगा। ऐसा नही करने पर पकड़ मे आने वाले सचिव व ग्राम प्रधान पर कार्यवायी भी हों सकती है। इस आदेश की प्रति उन्होने समस्त कार्यालय को भेजा हैं।

# सामूहिक विवाह के लिये 93.33 लाख की धनराशि पास

## पंजीकरण ब्लॉक स्तर पर आरंभ किया जाएगा

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में होने वाले विवाह का बजट शासन ने विभाग को भेज दी है। दिसंबर में गरीब और असहाय बेटियों के हाथ पीले करने से बचे माता-पिता की चिंता जल्द दूर होगी। वित्तीय वर्ष का दूसरा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आठ फरवरी को प्रस्तावित है।

इसके लिए शासन ने करीब 93 लाख 33 हजार की धनराशि समाज कल्याण विभाग को भेज दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दूसरे चरण का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आठ फरवरी को होना प्रस्तावित है। इसके लिए जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बीडीओ सहित नगर पालिका व पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वह ज्यादा से ज्यादा जोड़ों का पंजीयन कर गरीब कन्याओं को लाभ दिलाएं। समाज कल्याण अधिकारी को सामूहिक विवाह में जन प्रतिनिधियों व अफसरों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उधर, समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह का कहना है कि सामूहिक विवाह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पंजीयन पर जोर दिया जा रहा है। सामूहिक विवाह का लक्ष्य कम या ज्यादा हो सकता है।

जिले में इस बार 183 बेटियों का विवाह कराने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त भी अगर पंजीकरण होता है तो उन कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार उसी तिथि को संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही पंजीकरण ब्लॉक स्तर पर आरंभ किया जाएगा।

# आरटीआई कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर कलेक्ट्रेट का किया घेराव, सौंपा पत्रक

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** गरीब बच्चों के निःशुल्क शिक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में लंबे समय से गड़बड़झाला चल रहा है। इसे दूर करने के लिए पिछले तीन सालों से आरटीआई कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस आंदोलन करते आ रहे हैं। हंस के आंदोलन से जनपद के 5000 लोगों को इसका लाभ मिला है, लेकिन निजी विद्यालयों के दबाव में विभाग इसे लेकर कोई कड़ा कानून नहीं बनाना चाहता है।

यहां तक कि अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मनोज राय हंस का साथ देते हुए पिछले दिनों कलेक्ट्रेट में न केवल धरना दिया था, बल्कि जिलाधिकारी से मिलकर गरीब छात्रों को न्याय दिलाने की अपील भी की थी, लेकिन अभी भी मामला जहां का तहां लटका हुआ है। बुधवार को गरीब बच्चों को दिए जाने वाले निःशुल्क शिक्षा को पार्दर्शी करने एवं न्याय दिलाने के लिए सैकड़ों अभिभावकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। बीते दिनों जिलाधिकारी द्वारा एक फरवरी तक समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया गया था। इसे लेकर आरटीआई कार्यकर्ता मनोज राय हंस ने एक बार फिर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारीयों से वार्ता के बाद उन्हें पत्रक सौंपा। उनकी मांगों में प्रमुख रूप से अभिभावकों की सहायता राशि एवं विद्यालयों की फीस प्रतिपूर्ति तत्काल देने को कहा गया। इसके साथ ही विद्यालयों के रजिस्ट्रेशन एवं ऑफलाइन आवेदन की अनुमति देने की बात कही गई। मांग में यह भी कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग नियम को ताक पर रख छात्रों के नामांकन को वार्ड व ग्राम पंचायत में बांटा जा रहा है जबकि ऐसा कोई नियम नहीं है।

श्री हंस ने चेतावनी दी है कि जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग छात्रों की छात्रवृत्ति एवं उनका निःशुल्क एडमिशन करने की दिशा में त्वरित पहल नहीं करता है, तो आंदोलन और उग्र हो सकता है। इस आंदोलन में अभिभावक एवं आम जनता के साथ ही अधिकार सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

# बोले प्रधानः पुरानी गाइड लाइन पर काम ले सरकार तो बनेगी बात

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** ग्राम पंचायतों से जुड़ी तमाम ज्वलंत समस्यओं एवं इसके निस्तारण के उपाय पर प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में शासन द्वारा जारी किये गये गाइड लाइन एनएमएमएस का जोरदार विरोध किया गया और इसे वापस कर पुराने गाइड लाइन पर काम करने की मांग की गयी। यदि पुराने गाइड लाइन पर सरकार काम नहीं लेती है तो वे काम बंद कर देंगे। प्रदेश महासचिव त्रिलोकी नाथ पाण्डेय ने कहा कि गांधी जी का सपना था कि गांव को स्वतंत्र स्वावलम्बी, गतिशील व मजबूत अपनी सरकार हो। यह तभी सम्भव होगा जब 73वें संविधन संशोधन को पूर्ण रूप से लागू किया जाय। प्रधान वर्षो से मांग करते आ रहे है कि प्रधानों को संवैधानिक जनप्रतिधि का दर्जा देकर इन्हें वेतन भत्ता पेशंन दे। जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी बबलू ने कहा कि सरकार द्वारा जारी मनरेगा की नये गाइड लाइन एनएमएमएस पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसकी खामियां गिनाई। इस अवसर पर दिनेश गिरि, शैलेन्द्र तिवारी लकड़ी, लल्लन राम, शिवनाथ प्रसाद, रामदेव यादव, देवेन्द्र यादव, प्रभात पाण्डेय, शैलेन्द्र तिवारी, सुनील तिवारी, हरिद्वार यादव, मारकण्डे सिंह, अमरेश यादव, रघुनाथ प्रसाद, शैल सिंह, श्रीकांत यादव, शारदानन्द साहनी, रमेश्वर सदन यादव, सुधीर वर्मा प्रिंस, विनोद पासवान, नन्दजी पासवान, हृदयनारायण, अंजनी चैबे, भुवनेश्वर पासवान आदि प्रधान उपस्थित रहे। अध्यक्षता श्रीराम तिवारी व संचालन हरेराम राय ने किया।

## संक्षेप

### बजट में आंकड़ेबाजी के अलावा कुछ नहींः कान्हाजी



**बलिया।** आम बजट आंकड़ेबाजी के अलावा कुछ नहीं है, इसमें किसान, नौजवान और गरीबों का कोई ध्यान नहीं रखा गया। गरीबों को सिर्फ झुनझुना थमाया गया है। बजट से स्पष्ट हो गया कि यह सरकार अमीरों के प्रबन्धक की तरह काम करने वाली सरकार है, क्योंकि बजट के अधिकांश प्राविधान पूंजीपतियों के हित के लिए हैं। शिक्षा पर पर्याप्त धनराशि का प्रावधान न करना यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार देश को गर्त में ले जाने के लिए दृढ़निश्चयी की भूमिका में है।

### नाली रोड को लेकर महिलाओं का धरना



**बलिया।** शहर के काजीपुरा मुहल्ले में नाली रोड की मांग को लेकर महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना दिया। महिलाओं ने कहा कि विगत 10 वर्षों से वे नाली रोड की समस्या से जुझ रही है, जिसके चलते उनकी रिश्तेदारियां भी टूटती जा रही है लोग आ नहीं रहे है। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस अवसर पर उषा देवी, मजदा, रजिया, परमात्मा राम, मोहम्मद बागी, लक्ष्मीना, शांती, मुन्नी, माधुरी, हरिद्वार, विद्या आदि मौजूद रही।

### रोजगार मेला तीन फरवरी को

**नगरा।** क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर आ गया है। सुभावती देवी आईटीआई स्कूल के प्रांगण में 3 फरवरी शुक्रवार को रोजगार मेला लगने जा रहा है। प्रबन्धक योगेन्द्र यादव ने कहा कि युवाओं के लिए बम्पर भर्ती के लिए 3 फरवरी को स्कूल में कैम्पस सेलेक्शन के माध्यम से मारुति सुजुकी की तरफ से आईटीआई के हुनरमंद योग्य अभ्यर्थियों को नौकरी दी जाएगी। व्यवस्थापक आयोजनकर्ता प्रशान्त यादव ने कहा परीक्षण में पहले आओ पहले पाओ अभियान के तहत हर अभ्यर्थी सुबह 9 बजे तक विद्यालय परिसर में अपने साथ बायो डाटा, आधार कार्ड, फोटो, हाईस्कूल व आईटीआई प्रमाण पत्र के दो प्रति में फोटो कापी फाइल के साथ उपस्थित हो जाएं।

### बजट स्कीम सभी वर्गों के लिए प्रोत्साहन देने वालाः प्रदीप



**बलिया।** सरकार द्वारा लाई गई नए बजट स्कीम सभी वर्गों के लिए बहुत ही प्रोत्साहन देने वाला है। यहां तक कि एमएसएमई में भी जो उद्योग कोविड-19 प्रभावित हो गए थे उन उद्योगों को सरकार द्वारा 95 परसेंट अलग से लोन देकर सरकार उस उद्योग को चालू करने में बढ़ावा देने की प्रस्ताव लाई है तो वास्तव में बहुत ही सराहनीय है। सरकार ने इनकम टैक्स की सीमा 500000 से बढ़ाकर 700000 किया है, इससे ज्यादा आय वाले उद्योग या ज्यादा आय वाले व्यापारी को काफी राहत मिलेगी और लोग प्रोत्साहित होकर नई टैक्स रिज्यूम को आपय करके ज्यादा से ज्यादा व्यापारी या उद्यमी आयकर रिटर्न भरना चाहेंगे। सरकार की यह बजट व्यापारियों और उद्यमियों को काफी राहत देगा और इसमें उद्योग और व्यापार को इस मंदी के दौर से निकलने में काफी राहत मिलेगा। इसके लिए भारत सरकार को मोदी और वित्त मंत्री को पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल टैक्स बार एसोसिएशन बलिया की तरफ से बहुत-बहुत साधुवाद व बधाई। प्र्रदीप कुमार वर्मा एड्वोकेट, प्रदेश अध्यक्ष-पूर्वांचल उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश-जिलाध्यक्ष टैक्स बार एशोसिएशन बलिया ने बधाई दी।

## 15 फरवरी तक विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा

**बलिया।** ऊर्जा मंत्री के निर्देश के अनुपालन में 1 फरवरी से 15 फरवरी तक सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक ह्यविद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पखवाड़ाह्य मनाया जाएगा। इसके तहत सभी उपकेन्द्रों पर शिविर आयोजित किये जायेगें। इन शिविरों में विद्युत उपभोक्ताओं की केवाईसी (मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी) अपडेट किया जायेगा। इससे उपभोक्ताओं को तमाम सुविधाएं जैसे-भुगतान न होने पर विद्युत विच्छेदन की पूर्ण जानकारी, बिल की समस्त जानकारी, बिल भुगतान में सुविधा, शिकायतों का त्वरित निस्तारण, विभागीय योजनाओं-कैम्पों की जानकारी आदि मिलेंगी। अवर अभियन्ता अपने क्षेत्रान्तर्गत उपकेन्द्र के सभी फीडरों पर तथा सभी गांवों में जहां विद्युत लाइन का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वहां वैध रूप से कनेक्शन दिलवाएंगे। समस्त उपखण्ड अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता इसका अनुश्रवण एवं कैम्प का निरीक्षण करेंगे।

## तारकेश्वर पाण्डेय स्वयं में थे एक गतिशील आंदोलनः जनार्दन

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** तारकेश्वर पाण्डेय स्वयं में एक गतिशील आंदोलन थे। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के भुलाया नहीं जा सकता है। उक्त उद्गार प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ0 जनार्दन राय के है, वे सतीश चन्द्र कालेज चैराहा पर स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद स्वं0 पं0 तारकेश्वर की स्मृति दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उपस्थित जिनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा।

सेनानी राम विचार पाण्डेय ने कहा कि तारकेश्वर पाण्डेय गरीबों के मसीहा थे। भारतीय सद्भावना मिशन के प्रांतीय महासचिव जेपी पाण्डेय ने कहा कि पाण्डेय जी समाजवाद के पोषक थे। श्रीराम तिवारी एवं डॉ0 शिव कुमार मिश्रा ने उन्हें एक आदर्श राजनेता एवं महापुरूष बताया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में शिवाधार पाण्डेय, वंशरोपन पाण्डेय, दिनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, सुनील कुमार पाण्डेय, फतेहचन्द बेचैन, दीनाभाई, दिग्विजय नारायण सिंह, शिवजी तिवारी, राजनाथ पाण्डेय, संतोष चैबे, रोशन कुमार राय, शिवाशंकर चैबे, तारकेश्वर मिश्रा, रामेश्वर पाण्डेय, चन्द्रशेखर उपाध्याय पूर्व प्रधानाचार्य, सुरेन्द्रनाथ ओझा, राजकुमार पाण्डेय, धर्मात्मानन्द पाण्डेय, अमित कुमार पाण्डेय, उमेश्ज्ञ चन्द्र पाण्डेय, संतोष तिवारी, अनिल कुमार पाण्डेय एडवोकेट आदि शामिल रहे। अध्यक्षता डॉ0 जनार्दन राय एवं संचालन जेपी पाण्डेय ने किया।

# 10 फरवरी से चलेगा एमडीए अभियान

जनसंदेश न्यूज

**मुहिम**

**फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान के प्रति किया जागरूक**

**स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने खिलाएंगे दवा**

**बलिया।** जिले में फाइलेरिया से बचाव और इसमें सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर अनेक प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव के अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर जगदीशपुर शहरी क्षेत्र में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक को एमडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन तथा फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक संजय सिंह ने फाइलेरिया दवा सेवन का संकल्प दिलाया। इस दौरान बायो लॉजिस्ट हेमंत कुमार एवं फाइलेरिया निरीक्षक शशी कुमार सिंह टीम के साथ उपस्थित रहे एवं प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की। इसी कड़ी में दुबहड़ ब्लॉक में स्थित महावीर नर्सिंग स्कूल में प्रशिक्षणरत जीएनएम, एएनएम एवं स्टाफ को जिला मलेरिया अधिकारी एवं पीसीआई के अर्पित कुमार श्रीवास्तव ने एमडीए अभियान एवं फाइलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में जागरूक किया।

मलेरिया निरीक्षक सुशील कुमार यादव एवं वरुण कुमार यादव ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों में फाइलेरिया के परजीवी होते हैं उनमें दवा खाने के बाद चक्कर आना, जी मितलाना जैसी समस्याएं हो सकती हैं, लेकिन घबराना नहीं हैं। कुछ समय बाद ठीक हो जायगा। इसके बाद भी अगर कोई दिक्कत लगती है तो अपने क्षेत्र की रैपिड रिस्पॉन्स (आरआरटी) से संपर्क करें या निकटतम स्वास्थ्यकर्मी या स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि आमतौर पर शुरूआती दिनों में फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। इसके लक्षण आने में 10 से 15 साल लग जाते है, जिसमें पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसिल (अंडकोषों की सूजन) आने लगती हैं। फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है। मच्छर गंदगी में पैदा होते हैं। इसलिए इस रोग से बचना है, तो आस-पास सफाई रखना जरूरी है। दूषित पानी, कूड़ा जमा न होने दें, जमे पानी पर कैरोसीन तेल छिड़क कर मच्छरों को पनपने से रोकें, सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने अपील की कि साल में एक बार फाइलेरिया की दवा का सेवन करें, जिससे बीमारी से बचाव हो सके।

## बिना मान्यता वाले नर्सिंग होम की जुटायी जा रही जानकारी

**बलिया।** बिना मान्यता व निर्धारित मानक के निजी अस्पतालों के संचालन पर लगाम लगाने की कवायद में अब पुलिस पूरी तरह से लग गयी है। इसकी शिकायतें आए दिन सामने आती रहती हैं। प्राईवेट अस्पतालों व क्लीनिक का पूरा ब्योरा अब पुलिस तैयार कर रही है। नर्सिंग होम व दवाखाना की पूरी जानकारी पुलिस द्वारा जुटायी जा रही है। इस कार्रवाई से निजी अस्पताल संचालकों में खलबली मची है। शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग को प्रदेश के सभी जनपदों की पुलिस को प्राइवेट अस्पतालों व क्लीनिक का ब्योरा जुटाने का फरमान जारी किया गया है। यह आदेश पुलिस अधिकारियों के जरिये कोतवालियों, थानों व पुलिस चैकियों तक पहुंचा है। पुलिस सूत्रों की मानें तो एक निर्धारित प्रोफार्मा में प्राईवेट अस्पताल अथवा क्लीनिक का नाम, डॉक्टर का नाम, पता, मोबाइल नम्बर व डिग्री दर्ज करना है। प्रारूप में अस्पताल में किसी विधि से इलाज होता है मसलन एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथ अथवा यूनानी पद्धति, इसका भी उल्लेख करना है। शहर से गांव-देहात तक धड़ल्ले से संचालित हो रहे नर्सिंग होम व क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का जोर नहीं चलता। सैकड़ों की संख्या में संचालित हो रहे प्राईवेट अस्पतालों व दवाखाना में से कुछ का ही सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण है। कई नर्सिंग होम ऐसे भी हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन एमबीबीएस डॉक्टर के नाम पर कराया गया है, लेकिन लोगों का इलाज अथवा अस्पताल का संचालन कोई और करता है।

**पुलिस को हर तरह की जानकारी दे रहे नर्सिंग होम संचालक**

इस संबंध में डॉ. वीके गुप्ता, सचिव, बलिया नर्सिंग होम एसोसिएशन ने बताया कि प्राइवेट अस्पतालों व क्लीनिक का पुलिस ब्योरा जुटा रही है। यह कदम उचित है तथा इसका लाभ मानक के अनुसार संचालित हो रहे अस्पतालों को मिलेगा। नर्सिंग होम संचालक पुलिस को हर तरह की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। इस तरह से अवैध नर्सिंग होम और अस्पतालों पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी।

# बैंक के सामने खड़ी बाइक की डिग्गी से उड़ाये दो लाख

**बेखौफ**

**मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी**

जनसंदेश न्यूज



**कोपागंज, मऊ।** बुधवार को कोपागंज पेट्रोल पंप के पास यूनियन बैंक के फ्रेंचाइजी शाखा के सामने खड़ी बाइक की डिक्की से दो लाख रुपए किसी ने उड़ा दिया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित युवक से पूरे मामले की छानबीन और आसपास के लगे सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर रुपए उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी हुई है। कोपागंज दोस्त पूरा निवासी यशवंत मौर्या नगर पंचायत कार्यालय जाने वाले मुख्य सड़क पर यूनियन बैंक का फ्रेंचाइजी संचालक है। बुधवार को दोपहर संचालक बाइक की डिक्की में दो लाख रुपए लेकर पेट्रोल पंप के पास युनियन बैंक शाखा में जमा करने गया था। किसी कारण रूपया जमा नहीं हो पाया तो वह बैंक से थोड़ी दूर यूनियन बैंक के फ्रेंचाइजी शाखा पर किसी काम से गया। काम निपटाने के बाद जैसे ही वह बाहर आया बाइक की डिक्की खुला देख उसके होश उड़ गए। देखा तो बाइक की डिक्की में दो लाख रुपए नहीं था ।तब तक वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। सूचना पाकर मौके पर कस्बा इंचार्ज राज नारायण पांडे और डायल 112 पुलिस भी पहुंच गई इसके बाद पुलिस ने पीड़ित युवक से पूछताछ करते हुए आसपास के स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज से रुपए उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी हुई है।

## तीन राशि गौवंश तथा एक बाइक बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

**मऊ।** थाना रानीपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नगपुर के पासे एक पिकअप वाहन (यूपी 54 डीटी 6312) में क्रूरतापूर्वक लाद कर वध हेतु जा रही तीन राशि गौवंस (एक गाय व दो बछडे) बरामद कर तस्कर मो0 इश्माइल पुत्र मो0 सफीक निवासी गौरी थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल अपाचे (जिसका नम्बर प्लेट बदला हुआ था) भी बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 20/23 धारा 41,411,419,420,467,468,471 भादवि0, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशुक्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद वाहन को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

## एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 80 पीस एंकर बोल्ट बरामद

जनसंदेश न्यूज



**कोपागंज, मऊ।** बुधवार को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान चिश्चिपुर पुलिया के पास से गनपत पुत्र स्व0 राजनाथ निवासी नौसेमर थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से बिजली विभाग के सब स्टेशन से चोरी हुवे 80 पीश एन्कर बोल्ट कीमत लगभग 02 लाख रुपए बरामद किया गया।

इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में पंजीकृत अभियोग मे धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### एक जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** बुधवार को थाना दक्षिणटोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान डोमनपुरा चुंगी के पास से जिलाबदर अपराधी उमर पुत्र रिजवान निवासी हबीबपुर भटकुवापट्टी थाना दक्षिणटोला जनपद को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# कूड़ा कलेक्शन के लिए डोर टू डोर अभियान शुरू

**जागरूकता**

**पहले दिन पालिका कर्मियों ने स्वच्छता के लिए घर-घर जाकर की प्रार्थना**

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा कलेक्शन के लिये ह्यह्य10 तक डोर टू डोरह्यह्य अभियान शुरू किया गया है। अभियान के प्रथम दिन नगर पालिका कर्मियों ने घर-घर जाकर आम जनमानस को ह्य10 तक डोर टू डोरह्ल अभियान में सहभागिता के लिए ह्यप्रार्थनाह्ल की तथा झांकी के शक्ल में पालिका की गाड़ियों से रैली निकाल कर सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने हेतु जागरुक किया।

पालिका के सफाई मित्रों ने जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की भी जानकारी दी और आमजन को चिकनगुनिया, डेंगू, मलेरिया आदि जनित रोगों से बचाव के लिए भी जागरूक किया। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में आज से ह्यह्य10-तक डोर टू डोरह्यह्य अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान तीन चरणों में (प्रार्थना-सहमत-चालान) चलाया जायेगा। जिसका उद्देश्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक शत प्रतिशत सोर्स सेग्रीगेशन सहित पूर्णतया डोर टू डोर वेस्ट (कूड़ा) कलेक्शन सुनिश्चित करना है।

द्वितीय चरण 16 फरवरी से तीन मार्च तक तथा 04 मार्च से 31 मार्च तक तीसरे चरण के तहत गंदगी फैलाने वालों को सबक सिखाया जायेगा। गन्दगी फैलाने वाले को चिन्हित करते हुए चलाना करते हुए उनपर जुमार्ना लगाया जायेगा। इस मौके पर पालिका के सफाई एवं खाद्य् निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह सहित पालिका के सफाई नायक व पालिका के सफाई कर्मी उपस्थित थे।

## मऊ ने रतनपुरा को 35 रन से हराया

**मऊ।** डॉ भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहा शारदा नारायण बालक बालिका जिला स्तरीय क्रिकेट गोल्ड कप के तीसरे दिन बालक वर्ग में डीसीए रतनपुरा बानाम एमसीए मऊ के बिच खेला गया जिसमे मऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 165 रन बनाये जिसमे अंकित कुमार ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया तथा सचिन यादव ने 38 रन बनाये। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एमसीए रतनपुरा की टीम 19 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 130 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को खेला जायेगा।

**शारदा नारायण बालक बालिका जिला स्तरीय क्रिकेट गोल्ड कप**

# टैबलेट पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**समारोह**

**इंदु महिला महाविद्यालय में हुआ टेबलेट वितरण**



**रतनपुरा, मऊ।** इंदु महिला महाविद्यालय बढ़या, भुड़सुरी के परिसर में छात्राओं को टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 34 छात्राओं को टेबलेट प्रदान किया गया। टेबलेट पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। टैबलेट वितरण समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ मनीष कुमार राय एवं संचालन राजेश कुमार यादव ने किया।

उन्होंने कहा कि टेबलेट वितरण से युवाओं को स्मार्ट बनाया जाएगा, यही उसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन और टैबलेट देने का काम राज्य सरकार कर रही है। ताकि आज का युवा डिजिटल इंडिया के तहत शिक्षा ग्रहण करने की तकनीक में पूरी तरह से स्मार्ट बन सके। यह प्रक्रिया आप सभी को तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित करना है, इसलिए इसके माध्यम से आप ज्ञान अर्जित करें ना कि इसका दुरुपयोग करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़ने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा। इस महाविद्यालय की नींव वर्ष 2010 में रखी गई। यह इलाका शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत पिछड़ा हुआ था। स्नातक वर्ग में गृह विज्ञान तथा विज्ञान की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय नहीं थे। मैंने इसको महसूस किया और यहां पर गृह विज्ञान तथा बीएससी की पढ़ाई के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की और प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के स्लोगन को आगे बढ़ाया। हमारा प्रयास है कि विज्ञान की पढ़ाई यहां पर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर दी जाए मैं इसके लिए प्रयासरत हूं। यद्यपि यह महिला महाविद्यालय ज्ञान शिखा के केंद्र बिंदु बने, इसके लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। यहां पर आय के स्रोत नो प्रॉफिट नो लॉस में हैं। इसके बावजूद भी प्राध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अपने स्तर से वेतन दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि रमेश सिंह चैहान, बबलू यादव, फतेह बहादुर गुप्त, विश्वजीत सिंह अर्पित ने भी संबोधित किया। अन्य उपस्थित जनों में विजय शंकर यादव, छविराम यादव, विनय कुमार राय, बेचू यादव, अंगद कुमार, राजेश राजभर, सुनील कुमार, अभिमन्यु, छविराम, पारस यादव, संगीता, पूजा, राधा इत्यादि थे।

# कर्मचारियों ने सराहा, महिलाओं ने नकारा

**लोगों की राय**

## मोदी बजट से कही गम कही धमाकेदार उत्साह




जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** बजट पूरी तरह विकास का है। इसमें लगभग सभी वर्गों के लोगों के लिए राहत का उपक्रम बनाया गया है। जीएसटी के मामले में ऐतिहासिक सुधार कर व्यापारियों, नौकरीपेशा से जुड़े लोगों और उद्यमियों को काफी राहत दी है।

आयकर स्लैब में बदलाव कर सरकार ने पूरी तरह से उदारता का परिचय दिया है। इस बजट में किसी पर टैक्स का बोझ नहीं दिया गया है। किसानों छात्रों को बजट में विकास के लिए अवसर देने के साथ ही निजी निवेश में बढ़ावा देकर यह एक प्रोग्रेसिव बजट के रूप में है।

### महिलाएं बोलीं



शारदा राय।

बजट में महिलाओं को किसी प्रकार की तरजीह नहीं दी गई है। गैस सिलेंडर और सामग्रियों का दाम बढ़ने के कारण उनके रसोई का बजट बिगड़ गया है। **शारदा राय पीरनगर**

### बुजुर्ग बोले

#### रेल बजट में रियायत की थी आस

**गाजीपुर।** रेलवे को हाईटेक किए जाने के साथ ही कर्मचारियों की कमी को पूरा करने पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि यात्री परेशान न हों। बजट में ऐसा कुछ नहीं दिखाई दिया। रेल मंत्री द्वारा प्रेषित रेल बजट में आम लोगों के लिए कुछ नहीं है। उन्हें चाहिए कि रेल को समय से चलाएं और किराए में छूट दें। पैसेंजर ट्रेनों को लेकर ऐलान नहीं किया।



श्रीनिवास चौबे।

### नौकरीपेशा वर्ग को बड़ी राहत



चौधरी दिनेशचंद्र राय।

व्यक्तिगत कर में मोदी सरकार ने नौकरीपेशा वर्ग को बड़ी राहत दी है। अब नई कर व्यवस्था के तहत 7 लाख तक की सालाना आय टैक्स-फ्री हो गई है। यह छूट पहले 5 लाख तक थी। पुरानी कर व्यवस्था के तहत कर छूट की सीमा अब 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख तक कर दी गई है। वहीं टैक्स स्लैब में भी बदलाव किया गया है।
**-चौधरी दिनेश चंद्र राय माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य।**

### शिक्षक-कर्मचारी हित में उत्साह जनक बजट नहीं



दुर्गेश प्रताप सिंह।

प्रदेश संयुक्त मंत्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी शिक्षक एसोसिएशन उ.प्र के डा. दुर्गेश प्रताप सिंह ने बजट पर अपनी रायशुमारी दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में शिक्षक व कर्मचारी हित में कुछ व्यवहारिक निर्णय अवश्य लिए गए है। किंतु इसके बावजूद भी इसे शिक्षक कर्मचारी हित में बहुत उत्साह जनक नही कहा जा सकता। क्योकि वर्ष 2014 से चली आ रही धारा 80 सी के तहत रुपये 1.5 लाख तक बचत को आज भी उतना ही रखा गया है। इसके साथ ही पुरनी पेंशन व वेतन फिटमेंट फैक्टर जो कि अद्दतन 2.57 है पर कोई बात नही कही गयी है। जबकि इसके रिवीजन की मांग लम्बे समय से हो रही थी। हालांकि कुल सकल आय के टैक्स के दर में परिवर्तन करके कुछ राहत देने का प्रयास जरूर किया गया है।

### आम जनता का है बजट



बालेंद्र त्रिपाठी।

पेश किए गए बजट से आम जन मानस को लाभ मिलेगा हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रावधान किए गए हैं। देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाने वाला बजट है। -बालेन्द्र त्रिपाठी जिलाध्यक्ष कर्मचारी महासंघ।

### मोदी सरकार का बजट अभूतपूर्व ही नहीं ऐतिहासिक



विनोद अग्रवाल।

देशहित में पेश बजट अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक-सभी वर्गों का रखा गया गाजीपुर। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद अग्रवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की महिला वित्त मंत्री द्वारा 5 वी बजट आज सदन में पेश किया गया है जो अभूतपूर्व ही नहीं ऐतिहासिक भी है। उन्होंने सभी वर्गों को दिए गए राहत की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आयकर की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करने एवं टैक्स का स्लैब भी परिवर्तित कर करदाताओं को लाभ पहुँचाने का एक अच्छा प्रयास किया गया है जो सराहनीय है। सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ, शिक्षा और खेती से जुड़े महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही व्हेईकल स्कैपिंग पॉलिसी को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए अनेक नई योजनाओं जैसे 2,200 करोड़ रुपये का आत्मनिर्भर स्वच्छ योजना कार्यक्रम, वैकल्पिक उर्वरकों और उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम योजना का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य बजट में फार्मास्यूटिकल्स अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार नया कार्यक्रम शुरू करेगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

## ग्यारह को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय गाजीपुर व वाह्य न्यायालय सैदपुर, मुहम्मदाबाद एवं ग्राम न्यायालय जखनियां के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में शनिवार को किया जाएगा। कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है।

# बांसफोर बस्ती में घुसी बेकाबू बोलेरो

**पांच घायल**

## नवापुरा-हाटा मार्ग पर रात्रि में हादसा, चालक फरार

जनसंदेश न्यूज



नवापुरा-हाटा मार्ग स्थित बांसफोर बस्ती में हादसा के बाद लगी ग्रामीणों की भीड़।

**मुहम्मदाबाद।** क्षेत्र के नवापुरा-हाटा मार्ग स्थित बांसफोर बस्ती में मंगलवार की रात्रि में बेकाबू बोलेरों ने झोपड़ी में सोए लोगों को रौंदते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक केंद्र भेजवाया जहां पर घायलों को इलाज चल रहा है। घायलों में रानी देवी पत्नी धर्मेंद्र (25),विकास (2),पवन (3), मंगरू (55), प्रमोद (20) है। दोनों पुरुषों की स्थिति काफी दयनीय है। बोलेरों चालक किसी वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहा था।

वह नशे में था। रात्रि के लगभग दस बजे थे। वह नवापुरा हाटा मार्ग पर चल रहा था। अचानक इस मार्ग पर जब वह हरिजन बस्ती के करीब पहुंचा तो वहां एक गड्ढा के कारण वह अनियंत्रित हो गया। उससे सटे ही बांसफोड़ जाति के लोग रहते हैं। वहां एक विद्युत का खंबा है ,जिससे टकराते हुए बोलेरों झोपड़ी में घुस गई। उस समय परिजन सोए हुए थे। चुकी बोलेरों पहले खंभे से टकराई जिससे विद्युत खंभा टूट कर गिर पड़ा और उसके बाद गाड़ी झोपड़ी में घुसी। रफ्तार कम होने से झोपड़ी में सोए लोग केवल बुरी तरह घायल हो गए। चारों तरफ चीख-पुकार सुनकर नागरिक पहुंचे और नागरिकों ने 112 नंबर को सूचित किया।

सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी सदल बल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए नागरिकों के सहयोग से सभी घायलों को सीएचसी मुहम्मदाबाद पहुंचाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को जिला चिकित्सालय भेज दिया। समाचार लिखने तक सभी का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार बोलेरों चालक अवसर पाकर किसी तरह बोलेरो सहित फरार हो गया। घायल के परिजन ने मुहम्मदाबाद कोतवाली में तहरीर दी है तथा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 10 फरवरी तक डोर टू डोर अभियान चलाएगी नगर पालिका

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद ने बुधवार को जलकल प्रांगण से 10तक डोर टू डोर महाभियान का शुरूआत किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ गाड़ियों को सजाकर, बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण कर लोगों से अपील किया गया। अधिशासी अधिकारी श्री लालचंद सरोज ने कहा कि आज से प्रारंभ 10 तक डोर टू डोर अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। जिसमें पहला चरण एक फरवरी से 15 फरवरी तक चलेगा। जिसमें प्रार्थना के अंतर्गत लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम, व्यापक आईईसी गतिविधियां चलाकर आमजन मानस को दुर्गंध मुक्त वातावरण, जीवीपि मुक्त नगर, संक्रामक रोगों से बचाव एवं स्वच्छ गली, स्वच्छ मोहल्ला सहित बेहतर जीवन स्तर के बारे में अवगत कराया जायेगा। द्वितीय चरण 16 फरवरी से 03 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसमें निकाय स्तर पर 10-10 सफाई चैंपियन की पांच-पांच टीमों के माध्यम से घर-घर जाकर कूड़ा पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जाएगा। 4 मार्च से 31 मार्च तक अभियान के तीसरे चरण में गंदगी फैलाने वालों को चिन्हित कर उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, जेई विवेक बिंद, पूजा सिंह, विजय शंकर वर्मा, निर्गुणदास केशरी, अमरनाथ दुबे, समरेंद्र सिंह, रुपक तिवारी, कमलेश बिंद, अशोक मौर्या, हरिलाल गुप्ता, दिग्विजय पासवान आदि कर्मचारीगण मौजूद थे। संचालन एसआई एहसान आलम ने किया।

## आज होगी जिला पोषण समिति की बैठक

**गाजीपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी डी.के पाण्डेय ने बताया है कि जिला पोषण समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरूवार को अपरान्ह 03:00 बजे राईफल क्लब सभागार आहूत की गयी है। जिसमें आप सभी कन्वर्जेन्स विभाग के अन्तर्गत सहयोगी विभाग होने के कारण आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

## संक्षेप

### नगर पंचायत में प्रशासक एसडीएम ने पदभार संभाला



दिलदारनगर नगर पंचायत के प्रशासक ग्रहण करते एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद।

**दिलदारनगर।** नगर पंचायत के चैयरमैन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर सेवराई के उप जिलाधिकारी राजेश प्रसाद नगर पंचायत दिलदारनगर के प्रशासक के पद के रूप में कार्यभार ग्रहण किया ।प्रशासक बनने के बाद नगर पंचायत के विभिन्न वार्डो में अतिक्रमण हटाने नगर की साफ सफाई के साथ नगर के विकास के लिए कार्य करने एवं नगर की समस्यों के निराकरण के नगर के लोगों के सुझाव को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय, घनश्याम सिंह, गौतम बुद्ध महाजन सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### झोपड़ी में बंधी भैंस चोरी,पुलिस सुस्त



जंगीपुर शेखपुर में पशु चोरी के बाद ग्रामीणों की भीड़।

**बिरनो।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर निवासी रामध्यान बिंद और कुंदन बिंद बीते मंगलवार की रात में प्रतिदिन की भांति खाना पीना कर अपने परिवार के साथ सोने चले गए। रात में लगभग दो बजे के आस पास रामध्यान बिंद शौच के लिए बाहर निकले और झोपडी में बंधी भैंस को देखने चले गए। मौके पर भैंस को ना देख वह शोर मचाने लगे। जिस पर पड़ोसी कुंदन बिंद आवाज सुनकर बाहर निकले और देखा की उनकी भी झोपडी में बंधी भैंस नदारद है। जंगीपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा की यह मामला हमारे संज्ञान मे नहीं है। अगर जानकारी मिलती है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नुक्कड़ नाटक कर लोगों को किया जागरूक

**गाजीपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत मृणाल सेवा संस्थान आजमगढ़ द्वारा विकास खण्ड मुहम्मदाबाद ग्राम पंचायत नगवा उर्फ नवापुरा में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। इसके अतिरिक्त मातृ शिशु कल्याण उपकेन्द्र नगवा उर्फ नवापुरा में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं को बेबी किट तथा अन्य समाग्री उपलब्ध कराया गया, जिसमें महिला शक्ति केन्द्र के महिला कल्याण अधिकारी के साथ थानाध्यक्ष थाना-नोनहरा के महिला विट आरक्षी भी उपस्थित रही।

### तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**गाजीपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत में लम्बित वादों एवं प्री-लिटिगेशन वादों के निस्तारण के साथ-साथ दाम्पत्य विवादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर, आरबीट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण हेतु प्रस्तावित विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, वाह्य न्यायालय सैदपुर व मोहम्मदाबाद एवं ग्राम न्यायालय जखनियां में किया जायेगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन आठ,नौ,दस फरवरी को किया जायेगा।

### फुटबॉल के उद्घाटन मैच में मुहम्दाबाद ने मुगलसराय को हराया

**गहमर।** विकास खंड भदौरा के बलुआ खेल मैदान में दादा फतेह खां चैंपियन कप फुटबाल टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबले में मोहम्दाबाद की टीम ने मुगलसराय को 2-1 के अंतर से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मुकाबला काफी रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें एक-दूसरे के गोलपोस्ट में गोल करने की जंग में लगे रहे। मध्यांतर तक दोनों टीमें एक दूसरे के पोस्ट में कोई भी गोल नहीं करने से खेल बराबरी पर रही। लेकिन, हाफ टाइम के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले को एक-एक गोल की बराबरी पर ला दिए। खेल के अंतिम समय में मोहम्दाबाद की टीम ने मुगलसराय की टीम के गोलपोस्ट में गोल दागकर 2-1 से मुकाबले में विजयी हो अगले राउंड में प्रवेश कर गई। इससे पूर्व फुटबाल मैच के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जबुरना सरफराज खां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबाल को किक मारकर खेल को प्रारंभ किया। मैच में रेफरी की भूमिका एमडी खां, लाइन मैन मोहसीन खां एवं मंटू खां, कॉमेंटेटर इरफान खां ने बखूबी निभाया। इस मौके पर आयोजक मंडल के पूर्व प्रधान सगीर खां, एजाज खां, सऊद अली खां, शोयब खां, शमसाद खां, हातिम खां, मुकेश कुशवाहा, तारिक खां, मोदस्सिर खां, फुरकान, जावेद, तबरेज, मारुफ सहित काफी संख्या में ग्रामीण दर्शक मौजूद रहे। इस टूनार्मेंट में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। मैच का फाइनल मुकाबला आठ फरवरी को खेला जाएगा।

### टमाटर का लाल रंग दाम नहीं मिलने से फीका

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय रुप में स्थापित पाताल गंगा सब्जी मंडी बढनपुरा में टमाटर का लाल रंग दाम नहीं मिलने से फिका हो गया है। इन दिनों सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है। बताते चलें कि इस सब्जी मंडी में गोरखपुर,छपरा, आजमगढ़, जौनपुर,मऊ, कोलकाता बलिया, देवरिया, कुशीनगर यहां तक कि नेपाल आदि के सब्जी के बड़े-बड़े आढतिया आते हैं और यहां से मटर,मिर्चा, बैंगन टमाटर आदि क्रय करके अपने यहां ले जाते हैं। अक्सर दोपहर बाद देर शाम तक क्रय विक्रय करने वालों की भीड़ लगने वाली इस मंडी में कोई दो सप्ताह से बिल्कुल विरान नही आ रही है और इसका एक मात्र कारण टमाटर का भाव दो रुपए प्रति किलो हो जाना बताया जाता है। दो सौ रुपए कुंतल के बाव से भी कोई जल्दी टमाटर खरीदने को तैयार नही हो रहा है। टमाटर का भाव एकाएक गिर जाने के कारण किसानों को लागत मुल्य की बात कौन कहे खेत में टमाटर तुडाई व मड़ी तक ले आने का खर्च भी नही निकल रहा है। आढ़तियां किसी तरह दो सौ कुंतल के भाव से तैयार भी होता है तो अधिक पके टमाटर को लेने से इंकार कर देता है ।अधपके टमाटर को ही आने पौने कीमत पर ले रहा हूं।

# सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत भिक्खिचौरा निवासी एवं सड़क हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी निगम यादव (36) का बीते देर शाम को वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों व गाँव में कोहराम मच गया। इधर परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर मृतक का श्मशान घाट पर अन्तिम दाहसंस्कार कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि बीते मंगलवार को उसका छोटा पुत्र जो दुगार्पुर स्टील प्लांट में काम करता था जो ट्रेन पकडने के लिए अकेले बाईक से दिलदारनगर ट्रेन पकड़ने जा रहा था कि सरहुला गाँव के समीप मोड़ पर सड़क पर बनाए गये ब्रेकर से गुजरते समय बाईक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके चलते उसका पुत्र मय बाईक समेत गिर गया,जिससे कि सिर में गम्भीर रूप चोट लगने से वह चोटिल हो गया। मृतक के पिता ने बताया कि घटना के बाद मौके पर ग्रामीण पहुंच गये,जिसके तुरंत बाद उसके पाकेट से मिले मोबाइल के जरिए इसकी सूचना घर दी। सूचना मिलते ही वह खुद व परिवार के लोग वाहन लेकर मौके पर पहुंच घायल पुत्र को दिलदारनगर के अस्पताल में भर्ती कराया ।हालत गम्भीर देख चिकित्सक ने उसके घायल पुत्र को बीते देर रात्रि को ही वाराणसी रेफर कर दिया ।जहां एक निजी चिकित्सालय में उसे भर्ती कराया गया। बुधवार की सुबह उसके पुत्र की इलाज के दौरान मौत हो ग ई ।वहीं शव गाँव पहुंचते परिजन रोने विलखने लगे,पत्नी ममता व बच्चों हर्षित व नवनीत सहित अन्य का रो-रोकर बुरा हाल था। इस संबंध में नगसर थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि परिजनों के द्वारा कोई सूचना नहीं दिया गया है।



युवक की सड़क हादसे में मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

## वार्डवासियों को नहीं मिल रहा पानी

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगर पालिका कर्मियों व अधिकारियों की लापरवाही के कारण अलग-अलग वार्डों के हजारों नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 17, 7 ,तिवारी मोहल्ला ,पांडे टोला ,नोनिया पूरा , भट्ठी मुहल्ला के हजारों नागरिक विगत 4 दिनों से जलापूर्ति बाधित होने के कारण कठिनाइयों का दंश झेल रहे हैं। दूसरी ओर नागरिकों द्वारा तथा सभासदों द्वारा कहने के पश्चात भी जलापूर्ति बाधित होने की समस्या का निवारण नहीं हो पा रहा है। जलापूर्ति बाधित होने का मुख्य कारण मोटर की खराबी या विद्युत आपूर्ति का सही ढंग से ना होना है। नगरपालिका के ईओ विरेंद्र राव से बात की तो उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति सही ढंग से ना होने के कारण जलापूर्ति बाधित है । उसे जल्दी ही ठीक करा दिया जाएगा ।इधर विद्युत आपूर्ति ठीक होने के बावजूद भी जलापूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है। जलापूर्ति का नियमित ना होना मोटर की खराबी का कारण है। इस संदर्भ में नगरपालिका के ईओ विरेंद्र राव को नागरिकों ने सूचित किया। नागरिकों को केवल जलापूर्ति तत्काल ठीक करा कर पेयजल आपूर्ति करने का आश्वासन मिला। विगत चार दिनों से नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है।

# पशुओं को सड़क पर छोड़ने पर पशु पालकों पर होगी एफआईआर:डीएम

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

## जिला अनुश्रवण,मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक संपंन

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एंव पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में जिला अनुश्रवण /मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक रायफल क्लब सभगार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने पशु आश्रय स्थलों में संरक्षित पशुओं की जानकारी लेने पर बताया कि जनपद में 47 गो-आश्रण स्थल है जिसमें 6006 पशु संरक्षित है तथा सहभागिता योजना में 605 पशुओं को पशुपालकों के सुपर्द किया गया है। जिलाधिकारी ने माह दिसम्बर 2022 में स्थाई,अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश के भरण पोषण मांग हेतु धनराशि अनुमोदन के सम्बन्ध में फाईल पस्तुत करने का निर्देश दिया कहा। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड मनिहारी में ग्राम हरदासपुर काशी एवं विकास खण्ड देवकली के ग्राम सरौली में छुट्टा पशुओं के शिकायत पर फटकार लगाते हुए पशुओं को गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त यदि कही भी इस तरह की शिकायत आती है तो सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी एवं विकास खण्ड जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि जिन व्यक्तियो या पशु पालको द्वारा पशुओं को सड़कों पर छोड़ा जाता है तो उसके विरूद्ध ततकाल कार्यवाही की करते हुए एफआईआर दर्ज कराया जाय। जिलाधिकारी मनरेगा अन्तर्गत निमार्णाधीन दो गो-आश्रण स्थलों को जिसमें चमड़ा गोदाम एवं जल्लापुर के संचालन न होने पर खण्ड विकास अधिकारी सदर को स्पष्टिकरण जारी करने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर बनाये गये कन्ट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतो को तत्काल निस्तारण कराया जायें । जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अब तक कितने पशुओ को चिन्हित कर पशुपालकों को सुपुर्द किए गए हैं एवं कितने पशुओ को आश्रय स्थल मे रखा गया है की जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारीयों को निर्देश दिया कि इस योजना में जरूरतमंद परिवारो को दुधारू पशुओ की सुपुर्दगी की जाये तथा उसका समय से भुगतान भी किया जाय। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि पशुओं की बराबर वेरिफिकेशन किया जाय। यदि किसी पशु के मृत्यु के बाद भी उसका भुगतान किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही तय है। उन्होने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के तहत पशुपालको मे दिये जाने वाले भुगतान समय से किया जाये। इसमे लापरवाही क्षम्य नही होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/पंचायत , एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विद्युत उपभोक्ता पहचान वाहन को डीएम ने दिखाई झंडी

**गाजीपुर।** एक फरवरी से 15 फरवरी तक एटीएण्डसी हानियों को घटाने तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएँ प्रदान किये जाने हेतु विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा कार्यक्रम के के अन्तर्गत उपभोक्ताओ की केवाईसी तथा विद्युत चोरी रोकते हुए वृहद रूप से संयोजनों की संख्या में वृद्धि किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अन्तर्गत उप्र पावर कारपोरेशन लि. के अन्तर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओं की केवाईसी की जायेगी। केवाईसी के पश्चात उपभोक्ताओं को विद्युत भुगतान न होन पर विद्युत विच्छेदन की पूर्व जानकारी, बिल की समस्त जानकारी, बिल भुगतान की सुविधा, शिकायतों का तत्काल त्वरित निस्तारण, विभागीय योजनाओं,कैम्पों की जानकारी, विद्युत बाधित होने की जानकारी प्राप्त होगी। केवाईसी किये जाने हेतु उपभोक्ता के लिए आनलाईन एवं आफलाईन व्यवस्थाएँ है ऑन लाइन हेतु केवाईसी हेतु वेबसाईट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर -18001805025 पर सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपना केवाईसी के अर्न्तगत मोबाइल नम्बर, वाट्सएप मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी अंकित कराया जा सकता है। जिससे विलिंग प्रणाली पर अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त हो जायेगा। इस अभियान के दौरान किसी भी सुविधा, असुविधा सेवाओं की अपने उपकेन्द्र,विद्युत केन्द्र पर जानकारी प्राप्त कर सकते है। उपभोक्ता द्वारा भरे हुए फार्म को एकत्र करने हेतु अभियान के दौरान प्रत्येक उपकेन्द्र पर प्रातः 08:00 बजे से साय काल 08:00 बजे तक केवाईसी किये जाने/ अद्यतन किया जाय। उन्होने बताया कि ऐसे आवेदक, जिनके विरूद्ध पूर्व की चोरी प्रकरणों के विरूद्ध लम्बित बकाया अथवा एफआईआर दर्ज है उनके सादा पेपर पर निम्न प्रारूप में इस आशय का घोषणा पत्र प्राप्त कर ऐसे प्रकरणों पर भविष्य में जो भी नीतिगत निर्णय होगा व उन्हें मान्य होगा, उन्हे संयोजन दे दिया जाये। इस अभियान के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी एंव कार्मिक स्वयं स्थल पर उपस्थित होते हुए प्रत्येक उपभोक्ताओं को अभियान के फायदो के बारे मे जागरूक करेगे।



कलेक्ट्रेट परिसर में झंडी दिखाती डीएम आर्यका अखौरी।

## शहरी बेरोजगारों को रोजगार के लिए मिलेगा कर्ज

**गाजीपुर।** दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहरी गरीबों को सेवायोजित करने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले के अन्तर्गत शहरी बेरोजगारों को रोजगार सहायतार्थ 02.00 लाख तक व्यक्तिगत ऋण एवं रू0-10 लाख तक समूह ऋण हेतु आवेदन निःशुल्क आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन नगर पालिका परिषद, जमानियॉ व मुहम्मदाबाद के शहरी क्षेत्र के निवासी ही कर सकते है। इस आशय की जानकारी डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी डूडा ने दी है। रोजगार ऋण स्वीकृत होने पर ब्याज सब्सिडी डूडा द्वारा दिया जायेगा। इसके लिए नगर क्षेत्र, जमानियॉ व मुहम्मदाबाद का निवासी होना तथा शहरी गरीब की श्रेणी होनी अनिवार्य है। इसी प्रकार स्वयं सहायता समूह बना कर 10 लाख का सामूहिक ऋण के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। सामूहिक ऋण हेतु 5 अथवा ज्यादा महिला सदस्यों वाले स्वयं सहायता समूह द्वारा व्यवसाय हेतु आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र आधार कार्ड दिखा कर कार्यालय दिवस में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय, ददरीघाट चौराहा से प्राप्त कर किया जा सकते है।

# ग्रामीण इलाकों की सड़कें जर्जर, आवागमन मुश्किल

**बारा।** आवागमन को सुगम और दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन विभागों में बैठे अधिकारियों की उदासीनता के चलते मंशा फलिभूत नहीं हो पा रही है। बिहार सीमा पर भदौरा ब्लॉक में तमाम ग्रामीण सड़कें खस्ताहाल हैं। इससे आवागमन मुश्किल हो गया है। ताड़ीघाट - बारा मार्ग से हरकरनपुर गांव तक जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। स्थिति यह है कि इस सड़क पर बड़े - बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारा गांव में नई आबादी के मध्य सड़क पर पानी जमा रहता है। इस सड़क से मरीज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारा एवं स्कूली बच्चे बारा इंटर कॉलेज जाते हैं, लेकिन लोकनिर्माण विभाग आंखें बंद किए हुए है।लगभग डेढ़ किलोमीटर की यह सड़क डेढ़ दशक पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग से बनी थी, अब यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई है। इस सड़क पर आवागमन दुरूह हो गया है। तमाम स्कूली बच्चे दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इसी तरह ताड़ीघाट - बारा मार्ग से रेवतीपुर - पथरा, गहमर-बारा मार्ग को जोड़ने वाली सड़क जर्जर दशा में है। दीपक होटल से विद्युत उपकेंद्र बारा तक लगभग पांच सौ मीटर सड़क खराब हो चुकी है। जिससे लोगों को आने - जाने में काफी दिक्कतें होती हैं। ग्रामीणों ने अविलंब बदहाल सड़कों को दुरूस्त कराने की मांग की है।




बारा-हरकरनपुर मार्ग पर बारा नई आबादी के पास जर्जर सड़क पर भरा पानी।

## जनसंपादकीय

# बड़ा ध्वाखा हुइगा : रमई काका

**भारतेंदु मिश्र**



जहां तक याद आता है सन 1977 में मार्च की बात रही होगी हिन्दी विभाग में चंद्रभूषण त्रिवेदी 'रमई काका' जी को हमारी बीए की कक्षा में काव्यपाठ के लिए आमंत्रित किया गया था। गुरुवर डॉ.सूर्यप्रसाद दीक्षित जी उन्हें कक्षा में लेकर आये थे। मेरे लिए उनका कविता पाठ सुनने और उनसे संवाद करने का वह पहला और अंतिम मौका था। मैं उनके लिए अपरिचित भीड़ का एक युवा चेहरा था। मेरे लिए रमई काका आयु में मेरे पितामह जैसे और अवधी के बहुत बड़े कवि थे लेकिन लगा कि वे अधिक चीन्हे पहचाने थे, क्योंकि, ध्वाखा हुइगा, अवस्थी कै बरात, दानी किसान, लछिमिनिया कजरी तीज रही, बड़प्पन, बुढऊ केर बिहाव जैसी उनकी अनेक कविताओं के अंश तब मुझे याद थे। घर में उनकी फुहार, बौछार जैसी पुस्तकें पहले से ही उपलब्ध थीं जिन्हें हम अक्सर चौपाल में परिवारी जनों, किसानों और दोस्तों को सुनाया करते थे।रेडियो पर उनका नाटक सीरिअल ह्यबहिरे बाबाह्न बहुत



मशहूर हो चुका था। पढ़ीस जी के बाद लम्बे समय तक आकाशवाणी लखनऊ से जुड़े रहने वाले अवधी कवि नाटककार रमई काका बहुत सुने पढ़े जाने वाले साहित्यकार थे। उनकी ख्याति पूरी हिन्दी पट्टी के गाँवों तक फैली हुई थी । उनके नाटक घर में किसानों के चौपालों में लगातार सुने जाते थे। पढ़े लिखे ही नहीं अनपढ़ ग्रामीण स्त्री पुरुष बच्चे सभी रमई काका की कविताई और संवाद याद किये घूमते थे । वह आकाशवाणी और प्रिंट मीडिया का स्वर्ण काल था। दूरदर्शन अभी आम जन तक नही पहुंचा था।

एक दिन रमई काका जी के आगमन की सूचना हिन्दी विभाग के सूचनापट पर पढ़कर सहपाठी भाई सुशील सिद्धार्थ के साथ मैं दीक्षित जी से मिला और जिस दिन उन्हें आना था उसदिन काका जी के स्वागत में कुछ पंक्तियों की टूटी फूटी तुकबन्दी तैयार की । दीक्षित जी उस कार्यक्रम के संयोजक थे तो उनसे वह स्वागत गान प्रस्तुत करने की अनुमति ली। 'काका के चरनन का प्रणाम' जैसी कुछ पंक्तियाँ थीं। होश संभालने के बाद से लेकर अब तक जिन्हें पढ़ता आया था और गाँव जवार की चौपाल में जिनकी कविताओं को लेकर बतकही सुनते हुए बड़ा हुआ था वह जन कवि रमई काका आज मेरे सामने थे ।एकदम निर्विशेष बहुत सहज, बहुत सामान्य बिना कलफ किया सफेद कुर्ता और पायजामा पैरों में चप्पल या शायद सैंडिल रही हो। इसी रूप में उन्हें पहली बार हिन्दी विभाग के 14 नंबर हाल में देखा था । कुछ कविताएं उन्होंने सुनाई, कविता क्या होती है ,अवधी में वे क्यों लिखते हैं इस बारे में अपनी बात रखने के बाद सब छात्रों ने उनसे 'ध्वाखा हुइगा' कविता सुनाने का आग्रह भी किया। उन्होंने वह भी सुनाया।

तब कविता या अवधी कविता की भी इतनी समझ न थी, बस कक्षा में आगे से आगे उछल कूद करते रहने की एक स्वाभाविक चाह मन में थी। मैं गुरुकुल के संस्कार के कारण आदतन सभी शिक्षकों के पैर छूता था इसलिए भी सबका आशीर्वाद मिलता था। घर से और योगेश्वर कालेज से भी यही सीख मिली थी कि गुरुजनों को देखते ही उन्हें प्रणाम करूं और आशीष गृहण करूं। विश्व विद्यालय में हालांकि माहौल बहुत बदला हुआ था ब्राह्मण से इतर जाति के शिक्षक मेरे इस व्यवहार से कभी कभी असहज हो जाते और टोक दिया करते थे। कुछ सहपाठी दोस्त मेरी इस मूर्खता का मजाक बनाते, कुछ इसे चमचागीरी का नाम देते। कुछ ब्राह्मण सहपाठी अन्य जाति के गुरुओं के पैर छूता हुआ मुझे देखकर मुझसे कन्नी काटने लगे थे। कुछ सहपाठी गुरुजनों की जाति देखकर पैर छूते थे। बहरहाल मेरे लिए सभी गुरुजन एक जैसे थे क्या ब्राह्मण , दलित अथवा स्त्री। मुझे सिखाया गया था ह्यगुरुर्ब्रह्माह्न तो मैं उसी के अनुरूप आचरण करता था। हालांकि आपातकाल के अवसान के बाद विश्वविद्यालय में अनंत आजादी का वातावरण था।

रमई काका जी को देखकर स्वाभाविक सहजता का भाव और देसी ग्राम्य सौन्दर्य बोध मेरे मन में घर करता चला गया। उनके द्वारा सृजित किये गए मनबोधन बाबा, जगराना बुआ,मटरू मामा,मगन मिस्तिरी, नटखट नंदू जैसे रेडियो रूपकों के सहज स्वाभाविक पात्र मुझे उनकी आँखों में झलकने लगे थे। समझ में यह भी आया कि मनुष्य के वस्त्र महत्वपूर्ण नहीं होते। मैं अक्सर सादा कुर्ता और पैजामा ही पहनता था। उस दिन भी मैं बिना कलफ का सादा कुर्ता और पाजामा पहने हुए था, किसी मित्र ने कहा- 'यार तुम तो रमई काका के खानदानी लग रहे हो, ऐसा लपक लपक के पैर छू रहे थे कि....।' मैंने कहा-ह्यऐसा नहीं है ..मैं तो इनसे पहली बार मिला हूँ...हाँ कोई रिश्तेदारी निकल आती तो मशहूरी के लिए अच्छा होता।' उस दिन अस्सी नब्बे के लगभग छात्र छात्राएं उस हाल में उपस्थित थे। तब हिन्दी विभाग में हरिकृष्ण अवस्थी और दीक्षित जी के अलावा शंभुनाथ चतुवेर्दी, पी.सी.टंडन, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, सरला शुक्ला, रामफेर त्रिपाठी,डॉ भक्तराज जी जैसे अनेक विद्वान रीडर,प्रोफेसर थे। माइक नहीं था लेकिन पूरे सभागार में सब इतने तन्मय भाव से बैठे थे कि एक एक शब्द साफ सुनाई दे रहा था।

इसके बाद आकाशवाणी लखनऊ में एक बार और उन्हें प्रणाम करने का अवसर मिला पर संकोचवश ज्यादा कोई बात न हो सकी। तब यह भी न जानता था कि रमई काका की कविताई का क्या महत्त्व है और उनकी अवधी कविता में कितनी शक्ति है। राष्ट्रवादी स्वर ,ग्राम्य सौन्दर्य तो सभी कवि अपनी तरह से लिखते थे लेकिन अंगरेजी सभ्यता वाले भद्रलोक के तथाकथित सभ्य लोगों का मजाक उड़ाने की कविता आसान नहीं थी। गाँव के भोले भाले किसान को बाजार के नकलीपन बोध कराना बड़ी कविता का ही लक्ष्य हो सकता है। हालांकि उन्हें हास्य कवि कहा जाने लगा किन्तु उनकी आंचलिक श्रम सौन्दर्य की गंभीर कविताई भी हमें आकर्षित करती है-

लारिकौना लीन्हे काँधे पर /बहुरेवा मड़नी माड़ि रही।


काका अपनी मातृभाषा बैसवारी अवधी के बड़े कवि हैं। वे अपने पाठक भी स्वयं निर्मित करते हैं। कवि सम्मेलनों में उनकी धूम होती थी। मंचों से उन्हें हास्य कवि के रूप में सुना जाता था। हालांकि हास्य से अधिक व्यंग्य शैली की खासकर अंगरेजी सभ्यता और बाजारवाद का मजाक उड़ाने की गंभीर कविता रमई काका ने ही लिखी थी। अब तो गड़बड़ झाला केवल अमीनाबाद में ही नहीं अपितु हर बड़े छोटे बाजार का अनिवार्य हिस्सा बन गया है -

हम गएन अमीनाबादै जब कुछ कपड़ा लेय बजाजा मा/ माटी कै सुघर मेहरिया असि जंह खड़ी रहै दरवाजा मा/ समझा दूकान कै यह मलकिनि सो भाव ताव पूछै लागेन/ याकै बोले यह मूरति है हम कहा बड़ा ध्वाखा हुइगा।

अपने समाज को अपनी कविताई से जगाने वाले रमई काका जी की पावन स्मृति को नमन।

**(संपर्क : सी-45/वाई-4, दिलशाद गार्डन, दिल्ली, फोन-9868 031384)**

## गजल



मुझको छूकर निकल गया आखिर/ वो समां फिर बदल गया आखिर
जब लगा होश खोये जाता हूँ/ लड़खड़ाता सम्भल गया आखिर
चुप रहा उम्र भर करीने से/ आखिरी दम उबल गया आखिर
बारहा रात भोर की जिसने/ इक वो अरमाँ निकल गया आखिर
इश्क पैदाइशी खजाना था/ लुट के दुनिया बदल गया आखिर
वैसे किसकी भला वो सुनता है/ सुन के मेरी गजल गया आखिर

**- डॉ. बिनोद सिन्हा**

# शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन जरूरी

**शिक्षा**



**गिरीश्वर मिश्र**

आज के युग में किसी देश की उन्नति बहुत हद तक वहाँ की शिक्षा की गुणवत्ता पर ही निर्भर करती है। सूचना, ज्ञान और प्रौद्योगिकी की स्पर्धा में ज्यादा से ज्यादा बढ़त पाने को सभी देश आतुर हैं। आज जब देश ह्यसशक्तह्न और ह्यआत्म निर्भरह्न बनने को तत्पर हो रहा है तो शिक्षा की दशा-दिशा पर विचार और भी जरूरी हो जाता है, हालाँकि भारत ने विद्या, ज्ञान और शिक्षा का भौतिक और पारमार्थिक दोनों स्तरों पर महत्व बहुत पहले ही पहचान लिया था। ज्ञान सबसे पवित्र माना गया था और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में जितनी प्रगति थी उसकी बदौलत भारत को ह्यविश्व गुरुह्न का दर्जा भी मिला था। परंतु औपनिवेशिक काल में शिक्षा पर ऐसा ताला पड़ा और ज्ञान परंपरा को ले कर जो संशय और उदासीनता पैदा हुई उसके चलते हम ज्ञान के क्षेत्र में उधारी पर कमाई करने वाले होते गए। इस माहौल में ज्ञान के क्षेत्र में परनिर्भरता सुदृढ़ होती गई । हम पश्चिम (यूरो-अमीरीकी माडल) को एकल, मानक और वैश्विक विकल्प मान बैठे और शेष को उससे विचलन मान लिया। गौर तलब है कि उपनिवेश बनने के पहले भारत विश्व में अधिक समृद्ध देशों में से एक था और यहाँ विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्र भी थे जिन्हें आक्रांताओं ने नष्ट किया था।

औपनिवेशिक दाय की स्वीकृति के साथ नव उदारवादी माहौल में हम ज्ञान विज्ञान की पराई दृष्टि में जकड़ते ही चले गए। हमारी पूरी शिक्षा ज्यादातर अनुकरणमूलक होती गई जिसमें सर्जना शक्ति को हाशिए पर बैठा दिया। बाहर से आरोपित होने के कारण शिक्षा और समाज का ठीक तालमेल भी नहीं हो सका। आज यदि शिक्षा के प्रति संशय और अन्यमनस्कता है तो इसका एक बड़ा कारण शिक्षा की विषयवस्तु और प्रक्रिया की दुर्बलता और देश के संदर्भ से उसका कटा होना भी है। सरकारी नीति में शिक्षा की लगातार उपेक्षा होती रही और भेद-भाव बना रहा। बजट में जो बचा खुचा होता है शिक्षा को मिलता है। आज आँगन वाड़ी, प्राथमिक विद्यालय, हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं में अधिकांश की स्थिति संसाधनहीनता और अव्यवस्था के चलते नाजुक होती जा रही है।

यह खेदजनक है कि यह जानते हुए भी कि शिक्षा सामाजिक गतिशीलता, आर्थिक उन्नति, रोजगार के अवसर और सांस्कृतिक विकास की कुंजी है इसे देश की विकास-योजना में कभी भी वह जगह नहीं मिली जो उसे मिलनी चाहिए थी। फलतः शिक्षा में जरूरी निवेश नहीं हुआ, फिर सरकार (यानी सार्वजनिक क्षेत्र) इससे अपने हाथ भी खींचने लगा, निजी क्षेत्र हाबी होने लगा, शिक्षा बाजार के हवाले होती गई और अब वह बाजार का मुकम्मल हिस्सा बन चुकी है। फिर शिक्षा का व्यापार शुरू हो गया, सभी बड़े व्यापारी शिक्षा की दूकानें खोलने लगे । शिक्षा की जो भी सरकारी या जन-संरचना थी वह चरमरा कर ध्वस्त होने लगी।

निजी क्षेत्र में शिक्षा का तीव्र विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊँची फीस दे कर वहां पढाई कर रहे हैं। दिल्ली के आस पास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रहे हैं वहाँ शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम उभर रहा है। यही हाल पुणे, बैंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर असंख्य पाठ्यक्रमों की पढाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। ऐसे में संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर आर्थिक स्थिति से जुड़ते गए। आज हर स्तर पर शिक्षा संस्थाओं की जातियां और उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएँ खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा की उपयुक्तता जन-मानस में संदिग्ध होती गई। फि लहाल जैसे तैसे प्रवेश और परीक्षा को निपटाना ही शिक्षा के प्रथम और अंतिम लक्ष्य बने चुके हैं।

आज भारत के प्रतिभाशाली और आर्थिक औकात वाले विद्यार्थी अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर विदेश की ओर रुख कर रहे हैं। इसका कारण भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का निरंतर ह्रास है। युवा वर्ग महत्वाकांक्षी है, वह आगे बढ़ना चाहता है। पढ़-लिख कर बहु राष्ट्रीय कंपनियों में ऊँची पगार पर काम करने के अवसर उनको आकृष्ट करते हैं और देश को उनका लाभ नहीं मिल पाता है। यह देख कर कि विश्व की अनेक बड़ी आई टी कंपिनियाँ भारतीय चला रहे हैं मन को थोड़ी संतुष्टि और गौरव-बोध होता है पर यह सोच कर दुःख होता है कि ऐसी प्रतिभाओं के लिए हम शिक्षा और कार्य के अवसर नहीं जुटा पा रहे हैं।

औपचारिक शिक्षा भारतीय मूल से भी कटती गई और हम अपने आप से बिछुड़ते गए। आज इक्कीसवीं सदी हमारे सामने एक वैश्विक दुनिया प्रस्तुत करती है जिसमें संचार और यातायात की क्रान्ति देश काल को नए ढंग से संयोजित कर रही है। टी वी, मोबाइल, लैप टाप, आई पैड आदि सूचना के लेन -देन और उनको उपयोग में लाने के अवसरों में अभूतपूर्व क्रांति ला रहे हैं। इनके अच्छे बुरे असर अब बच्चों और किशोरों में दिखने लगे हैं। यहाँ पर यह भी गौर तलब है कि युवा वर्ग का जनसंख्या में अनुपात की दृष्टि से भारत युवतम देश हो रहा है। यह उत्पादकता, क्षमता और राष्ट्र-निर्माण का अनोखा अवसर बन रहा है। कुशल और सुसंस्कृत युवा सचमुच भारत का कायापलट करने में सक्षम हो सकता है बशर्ते उसे निपुण और ज्ञान-सम्पन्न बनाया जाय। परंतु स्थिति निरंकुशता की हो रही है और स्वच्छंदता के साथ शिक्षा के नाम पर ऐसा बहुत कुछ अवांछित भी हो रहा है ।

चूँकि शिक्षा की उपेक्षा संभव नहीं है इसलिए जब तब कुछ कुछ होता रहा है पर गम्भीर पहल नहीं हो सकी । यदि कुछ हुआ भी तो लड़खड़ाते ढांचे, राजनैतिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार के चलते सार्थक परिणाम नहीं दे सका। आज भारी भरकम और अंशतः अनुपयोगी विषय वस्तु और सामग्री के साथ बचपन से ही शिक्षा का खिलवाड़ शुरू हो जाता है। पुस्तकों का ज्यादा भार , सांस्कृतिक संवेदना का विकास, चरित्र निर्माण और मातृ भाषा में आरम्भिक शिक्षा जैसे मामलों में हम तमाशबीन बने हुए हैं। उच्च शिक्षा में अनियंत्रित विस्तार और कुशलता के अभाव के चलते बेरोजगारों की फौज बढ़ती जा रही है। इस स्थिति में सुधारों का सिलसिला कब शुरू होगा किसी को पता नहीं पर जमीनी हालात बेकाबू से हो रहे है।

शिक्षा का आयोजन ज्ञान की अभिवृद्धि, समाज के मानस-निर्माण, शर्म की कुशलता, उत्पादकता तथा सांस्कृतिक और सर्जनात्मक उन्मेष जैसे कई सरोकारों से सीधे-सीधे जुड़ा हुआ है । इसलिए शिक्षा को लेकर सबके के मन में आशाएँ पलती रहती हैं । पिछले सात दशकों में शिक्षा केन्द्रों की संख्या तो जरूर बढी है पर उतनी नहीं जितनी चाहिए। इस बीच शिक्षा-तंत्र कई तरह के विकारों से ग्रस्त भी होता गया है जिनको सहते हुए शिक्षा अपने लक्ष्यों को पाने में पिछड़ती रही है। सरकारी नीति के मुताबिक यदा-कदा टुकड़े-टुकड़े कुछ-कुछ तदर्थवादी सोच (एडहाकिज्म) के साथ किया भी जाता रहा है जिनके मिश्रित परिणाम हुए हैं । भारत में शिक्षा की गहराती चुनौतियों पर विचार कर वर्तमान सरकार ने शिक्षा नीति लाने की पहल की। उसके तहत इन प्रश्नों पर ध्यान दिया गया है पर इक्कीसवीं सदी के लिए भारत की तैयारी के लिए जो संलग्नता और प्रयास होने चाहिए, कार्य योजना पर अमल भी करना होगा।अभी तक सरकार की ओर से शिक्षा में न पर्याप्त निवेश हो सका है और न व्यवस्था ही कारगर हो सकी ।

नई शिक्षा नीति के तहत अमल करते हुए कई कदम उठाए जा रहे हैं । अनुमान किया जाता है कि बन रहे पाठ्यक्रम से ज्ञान, कौशल और मूल्य को संस्कृति और पर्यावरण के अनुकूल ढालने के उद्यम को सहयोग मिलेगा। उससे अपेक्षा है कि नए पाठ्यक्रम नौकरी, नागरिकता, संस्कृति और प्रकृति सभी के लिए प्रासंगिक होगा । वह भारतकेन्द्रित होने के साथ-साथ वैश्विक दृष्टि से भी सम्पन्न होगा । मातृभाषा को माध्यम के रूप में और भारतीय ज्ञान परम्परा को अध्ययन-विषय के रूप में प्रमुखता से स्थान मिलेगा । यह सब कैसे और कब होगा यह भविष्य के गर्भ में है । अगले पचीस वर्ष के ह्यअमृत कालह्न की अवधि में एक नए भारत (न्यू इंडिया!) के स्वप्न को साकार करने के लिए अच्छी शिक्षा बेहद जरूरी है। यह एक निर्णायक दौर होगा जिसे अवसर में बदलने के लिए शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाना होगा । अमृत-काल का लाभ तभी होगा यदि मरणशील शिक्षा को संजीवनी मिलेगी। आशा है आगामी बजट शिक्षा को वरीयता देगा और उसके विभिन्न अवयवों के लिए समुचित संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा। नए भारत के लिए शिक्षा की सुधि लेनी ही होगी।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

निजी क्षेत्र में शिक्षा का तीव्र विस्तार जिस तरह हो रहा है उसके कई परिणाम हो रहे हैं। सम्पन्न घरों के छात्र ऊँची फीस दे कर वहां पढाई कर रहे हैं। दिल्ली के आस पास अशोका, अमिटी, शिव नाडार और जिन्दल के विश्वविद्यालय जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर लाने की कोशिश हो रहे हैं वहाँ शैक्षिक असमानता का एक नया आयाम उभर रहा है। यही हाल पुणे, बैंगलुरु और अन्य महानगरों का भी है। निजी विश्वविद्यालय सरकारी विश्वविद्यालयों की तुलना में कई-कई गुनी फीस ले कर असंख्य पाठ्यक्रमों की पढाई कर रहे हैं। उनकी नीति और नियम अपने ही ढंग के हैं। ऐसे में संविधान द्वारा शिक्षा के अधिकार सबको देने के बावजूद शिक्षा के अवसर आर्थिक स्थिति से जुड़ते गए। आज हर स्तर पर शिक्षा संस्थाओं की जातियां और उप जातियां खड़ी होती जा रही हैं। शिक्षालय के साथ कोचिंग की विराट संस्थाएँ खड़ी होती गईं और सामान्य विद्यालयी शिक्षा की उपयुक्तता जन-मानस में संदिग्ध होती गई।

# सबसे बड़ा 'डिटेंशन सेंटर' असम के गोवालपाड़ा में खुला

**प्रसंगवश**



**दिनकर कुमार**

कम से कम 68 'विदेशी नागरिकों' के पहले बैच को 27 जनवरी को असम के गोवालपाड़ा में एक नवनिर्मित 'डिटेंशन सेंटर' में ले जाया गया - जिसे अब आधिकारिक तौर पर 'ट्रांजिट कैंप' के रूप में जाना जाता है। यह गुवाहाटी से 150 किलोमीटर दूर मटिया ट्रांजिट कैंप में 'विदेशियों' के प्रस्तावित चरण-वार स्थानांतरण की शुरूआत है।

केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार विशेष रूप से 'अवैध विदेशियों' को रखने के लिए यह शिविर राज्य का पहला केंद्र है। अब तक बंदियों को पूरे असम में छह डिटेंशन सेंटर में रखा जाता रहा है, जो जेलों के अंदर ही स्थित हैं।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि जिन लोगों को डिटेंशन सेंटर में स्थानांतरित किया गया है, उनमें असम में विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा 'विदेशी' घोषित किए गए लोगों के साथ-साथ वीजा प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए न्यायिक अदालतों द्वारा दोषी ठहराए गए लोग भी शामिल हैं।

'अड़सठ लोगों, जिनमें 45 पुरुष, 21 महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं, को स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें विदेशी नागरिकों के रूप में पहचाना गया था,' बरनाली शर्मा, जेल महानिरीक्षक, असम ने कहा।

'अगले कुछ चरणों में सरकार के निदेर्शों के अनुसार हम डिब्रूगढ़, सिलचर, जोरहाट, कोकराझार और तेजपुर जेलों में पांच अन्य ट्रांजिट कैंपों में बंद घोषित विदेशियों को मटिया में स्थानांतरित कर देंगे,' शर्मा ने बताया।

'इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है और अभी स्टाफ कम हैं। जो लोग स्थानांतरित हो रहे हैं, उनके लिए जो भी सुविधा की जरूरत होगी, उनके लिए जिला और पुलिस प्रशासन की तरफ से सहयोग किया जा रहा है,' शर्मा (आईजी, जेल) ने बताया।

जेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मटिया में स्टैंडअलोन ट्रांजिट कैंप सहित असम के सभी ट्रांजिट कैंपों में कुल मिलाकर लगभग 219 घोषित विदेशी बंद हैं। मटिया सेंटर चालू होने से पहले इन छह जेलों में सभी बंदियों को रखा जा रहा था। विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा 'विदेशी' घोषित किए गए लोगों को रखने वाले डिटेंशन सेंटर को 2021 में ट्रांजिट कैंप का नाम दिया गया था।

राज्य के गृह विभाग के प्रधान सचिव नीरज वर्मा ने कहा कि मटिया में सेंटर का निर्माण करते हुए एक 'मानवीय स्पर्श' दिया गया है। वर्मा ने बताया, 'मटिया कैंप में 2,000 कैदियों को समायोजित करने की क्षमता है। यहां एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समान एक स्कूल, क्रेच और एक अस्पताल होगा। कैंप का स्वरूप जेल से अलग होगा।'

उन्होंने कहा, 'बहुत जल्द हम सभी 'घोषित विदेशियों' को अन्य ट्रांजिट कैंपों से मटिया में स्थानांतरित कर देंगे।'

गुवाहाटी के पश्चिम में 125 किमी की दूरी पर मटिया में डिटेंशन सेंटर 20 बीघा के क्षेत्र में विकसित किया गया है। पूरा खर्चा केंद्र वहन कर रहा है। इससे पहले गौहाटी उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मटिया में शिविर के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया था ताकि बंदियों को स्थानांतरित किया जा सके। अदालत का आदेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं के एक बैच के जवाब में था, जिसमें असम की जेलों के अंदर सजायाफ्ता और घोषित विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने को चुनौती दी गई थी। उन अधिसूचनाओं को चुनौती देते हुए जिनके द्वारा जेलों को डिटेंशन सेंटर में परिवर्तित किया गया था, याचिकाओं में बंदियों की रिहाई की मांग की गई थी। याचिकाएँ 2020 में वकीलों और कार्यकताओं की एक टीम द्वारा दायर की गई थीं, जो एक शोध संगठन स्टूडियो नीलिमा द्वारा संचालित थी।

छह जेलों में खराब रहने की स्थिति के लिए अक्सर सरकार की आलोचना की जाती रही है, जहां बंदियों को रखा गया है।

नवंबर 2022 से, गौहाटी उच्च न्यायालय सरकार से बंदियों को मटिया में स्थानांतरित करने का आग्रह कर रहा है। 17 नवंबर 2022 को गौहाटी उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर एम छाया (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति सौमित्र सैकिया की पीठ ने कहा था कि ट्रांजिट कैंप निवास के लिए तैयार था, और राज्य सरकार को चिकित्सा के लिए पैरा-मेडिकल और सुरक्षा कर्मचारी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

असम में एनआरसी के मसौदे के प्रकाशन के दौरान इस बात का डर था कि जिनके नाम नागरिकता दस्तावेज में नहीं होंगे उन्हें मटिया कैंप भेज दिया जाएगा। राज्य के गृह विभाग ने बढ़ती चिंता को खारिज कर दिया था और इसे अटकलबाजी कहा था। एनआरसी के अंतिम मसौदे से लगभग 19 लाख आवेदक के नाम छूट गए थे, जो 2019 में प्रकाशित हुआ था।

एक अन्य सुनवाई के दौरान, 29 नवंबर 2022 को, न्यायमूर्ति छाया ने कहा कि बंदियों को 15 दिसंबर, 2022 से पहले स्थानांतरित किया जाना चाहिए। जवाब में, असम के महाधिवक्ता डी सैकिया ने कहा कि राज्य सरकार ने मटिया ट्रांजिट बनाने के लिए 'सचेत निर्णय' लिया था। राज्य सरकार आवश्यक सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के लिए और अधिक समय चाहती थी। 20 दिसंबर और 27 जनवरी को अगली सुनवाई स्थगित कर दी गई। अगली सुनवाई 28 फरवरी को रखी गई है।

गृह विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों को स्थानांतरित करने में देरी इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने शिविर चलाने के लिए कर्मचारियों को काम पर नहीं रखा था, जबकि भवन तैयार था। 'परिसर में एक स्कूल, एक क्रेच और चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमें इन सभी सुविधाओं के लिए पद सृजित करने थे...इसीलिए इसमें समय लगा।'

असम के कार्यकर्ताओं ने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा है कि डिटेंशन सेंटर 'सजायाफ्ता विदेशियों' के लिए हैं। हालाँकि, जिन लोगों को स्थानांतरित किया जा रहा है उनमें से केवल घोषित विदेशी (विदेशी ट्रिब्यूनल द्वारा घोषित) हैं, जो अपनी भारतीय नागरिकता साबित करने के लिए उच्च न्यायालयों में अपील कर सकते हैं, और संभवतः खुद को नागरिक साबित करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मटिया में घोषित विदेशियों को स्थानांतरित करने से उनका अनिश्चितकालीन कारावास होगा, क्योंकि बांग्लादेश में निर्वासन के लिए कोई द्विपक्षीय ढांचा मौजूद नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इन केंद्रों में बंदियों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में कम हो गई है - 2019 में, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि 'विदेशी' जिन्होंने तीन साल से अधिक समय तक हिरासत में बिताया है, वे कुछ शर्तों की पूर्ति पर सशर्त रिहाई हासिल कर सकते हैं। 2020 में, कोविड -19 महामारी के कारण जेलों में भीड़ को रोकने के लिए अदालत ने उन 'विदेशियों' की जमानत पर सशर्त रिहाई का आदेश दिया, जिन्होंने जेल में दो साल से अधिक समय पूरा कर लिया था।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

गुवाहाटी के पश्चिम में 125 किमी की दूरी पर मटिया में डिटेंशन सेंटर 20 बीघा के क्षेत्र में विकसित किया गया है। पूरा खर्चा केंद्र वहन कर रहा है। इससे पहले गौहाटी उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को मटिया में शिविर के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया था ताकि बंदियों को स्थानांतरित किया जा सके। अदालत का आदेश बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं के एक बैच के जवाब में था, जिसमें असम की जेलों के अंदर सजायाफ्ता और घोषित विदेशी नागरिकों को हिरासत में लेने को चुनौती दी गई थी। उन अधिसूचनाओं को चुनौती देते हुए जिनके द्वारा जेलों को डिटेंशन सेंटर में परिवर्तित किया गया था, याचिकाओं में बंदियों की रिहाई की मांग की गई थी।

**व्यंग्य**



## जब मैं पिटते पिटते बचा

**हरि जोशी**

बात सन १९८४-८५ की है। उन दिनों मैं एस जी एस आई टी एस इंदौर में पढाता था। भोपाल के प्रोफेसर कॉलोनी का क्वार्टर खाली करना पडा क्योंकि व्यंग्य रचना लिखने के फलस्वरूप शासकीय नौकरी से निलम्बित किया जा चुका था । प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल के आवास से सामान निकालकर मजबूरी में खरीदे गए ,हाउसिंग बोर्ड वाले भोपाल के घर में सामान रखकर इंदौर चला गया। वहां पहुंचा तो शासकीय कोटे की सारी आकस्मिक छुट्टियाँ , अर्जित अवकाश सब एक झटके में समाप्त हो गए । अशासकीय व्यवस्था के अंतर्गत नई इनिंग शुरू हुई ।उन्हीं दिनों एक शनिवार रविवार को मैं भोपाल आया हुआ था। अगला दिन सोमवार था और उस दिन मेरा सुबह आठ बजे पहला पीरियड चतुर्थ वर्ष मेकेनिकल इंजीनीयरिंग में था। अतः रविवार को लगभग चार बजे शाम को मैं भोपाल के नादरा बस स्टैंड पर आया और बस की प्रतीक्षा करने लगा। बस मिलने में थोड़ी देर थी किन्तु एक जीप सामने आगे आ खड़ी थी। जीप के ड्राईवर ने आवाज लगाई इंदौर इंदौर। किराया बस का ही लूँगा लेकिन जल्दी पहुंचा दूंगा। मन ही मन सोचा निजी जीप में जानेमें कोई बुराई नहीं है ।दो चार सवारियां उसे मिल ही गई थी। मैं अकेला था। एक छोटा बैग लिए मैं भी जीप में सवार हो गया। जल्दी ही जीप खचाखच भर गई ।मुझे पीछे की बर्थ पर सीट मिली। बस क्या था जल्दी ही जीप हवा से बात करने लगी। रास्ते में अपना रौब बताते हुए ड्राइवर बोला - जानते हो जीप किसकी है ?

हमने कहा किसीकी भी हो हमें तो इंदौर जल्दी पहुँचना है। वह बोला -उन मंत्री जी की है ।याने चालक अकेला, जो भरपूर चालाक भी था मंत्री परिवार को भोपाल छोड़ने आया था। जाते समय पैसे कमा लेना चाहता था। उन दिनों सोनकच्छ के पास सड़क के दोनों ओर लोहे के कंटीले तारों से खेतों की बागड़ बनी हुई रहती थी। दोनों और तार लगे थे। वाहन पहुंचते पहुँचते शाम के साढ़े छः हो चुके थे, अँधेरा होने लगा था। जब शाम का अधिक अँधेरा हुआ तब पता चला कि जीप की हेड लाइट खराब है किन्तु धुंधलके का लाभ उठाते हुए ड्राइवर तेज और तेज गति से जीप को सन्ना रहा था।

सामने से भैसों का झुण्ड निश्चिन्त निर्द्वंद्व चला आ रहा था ड्राइवर जल्दी पहुँचाने की कोशिश में गति निरन्तर बढ़ाये चला जा रहा था। इसी बीच दूसरी दुर्घटना को आमंत्रि करते हुए ,पहली दुर्घटना हो गई। एक हृष्ट पुष्ट भैंसा रेंकते रेंकते बीच सड़क में जीप की ओर ही दौड़ा।

ऐसे दुर्भाग्य वाले क्षण जो होना था वही हुआ । बिना हेड लाइट के जीप की सीधी टक्कर भैसे के हेड से हो गी। भारी भरकम भैंसे की टक्कर के बाद जीप पलटते पलटते बची, और हम लोग भी चोटिल होने से तब तो बाल बाल बचे। गाँव बगल में ही था। उधर चरवाहे ने गाँव के लोगों को जोर से आवाज लगा दी। 'म्हारा बोधा ख इन्ने मार डाल्यो रे।' हमारी टयूब लाइट तत्काल जल उठी । यात्रियों ने सोचा जितनी जल्दी हो,इस क्षण यहाँ से खिसक लेने में ही अपना हित है । गाँव का किनारा है अभी लट्ठ ले लेकर ग्रामीण जन आयेंगे और सारी सवारियों पर भी लात जूते लट्ठ बरसाये बिना न रहेंगे । जीप खराब हो चुकी थी बगड़ में घुसकर निढाल पड़ी हुई थी।

ड्राइवर को किसी ने किराया दिया किसीने नहीं दिया सब उतरकर जान बचाकर भागे। मैं भी उतरा , सड़क के दुसरे किनारे पर तेजी से चलने लगा। सड़क के दूसरे किनारे किनारे बेग लेकर तेजी से चलने लगा, जैसे इस जीप से मेरा कोई सम्बन्ध ही न रहा हो ? मेरे सौभाग्य से एक ट्रक ड्राइवर ने ट्रक रोककर मुझे बैठा लिया। ट्रक में आगे की सीट पर बैठ जाना जान बच जाने का स्पष्ट संकेत था । अब मेरी जान में जान आयी। जान जोखिम में डाले हुए इंदौर पहुंच गया। रात में कुछ नींद आयी कुछ उडी किन्तु अगले दिन नई दुनिया में खबर थी कि एक मंत्री की जीप की टक्कर से एक भैसा सड़क पर मर गया जिसके कारण गुस्साई भीड़ ने ड्राईवर की पिटाई की , कुछ यात्रियों को भी गंभीर चोटें आयी हैं । थाने में प्रकरण जा चुका है।

मैंने भगवान को धन्यवाद दिया कि मैं अगले दिन क्लास लेने में समर्थ हूँ। जान बची और लाखों पाए।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** साइबर थाना आजमगढ़ द्वारा बुधवार को पूर्वांचल पीजी कॉलेज रानी की सराय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। कॉलेज में करीब 500 छात्र-छात्राओं ने साइबर जागरूकता में प्रतिभाग किया। प्रभारी निरीक्षक विमल प्रकाश राय व एचसी मनीष सिंह द्वारा वर्तमान समय मं हो रहें सोशल मीडिया व आर्थिक साइबर अपराध के बारे में एवं उनसे बचने के तरीकों के बारे में बताया गया। त्वरित कार्यवाही हेतु साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल के बारे में भी बताया गया।

इसी क्रम में कंधरापुर थाना क्षेत्र के श्री दुर्गा जी इंटर कॉलेज सेहदा में व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईपीएस शक्ति मोहन अवस्थी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीपप्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कॉलेज में करीब 500 छात्र-छात्राओं ने साइबर जागरूकता में प्रतिभाग किया।

इस अवसर कंधरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह, साइबर



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक।

सेल के हेड कांस्टेबल मुकेश भारती, राहुल सिंह, विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर सीमा यादव, प्रिंसिपल एकता साहनी, खुशी यादव, प्रिया रानी मिश्रा, दीपशिखा, राजनंदनी, अलाउद्दीन, सोभित यादव, रितेश यादव आदि मौजूद रहे।

# सिर पर प्रहार कर वृद्ध महिला की हत्या

**कप्तानगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खासबेपुर गांव निवासी 70 वर्षीया वृद्धा की सर पर प्रहार कर हत्या कर दी गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गयी। उक्त गांव निवासिनी बेबी गिरी ने कप्तानगंज थाने में तहरीर दी कि मेरी मां मालती गिरी 70 वर्ष पत्नी कल्पनाथ गिरी अपने घर खासबेपुर में अकेली रहती थी। मंगलवार की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर प्रहार कर दिया गया जिससे उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना पाकर परिजन व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा कप्तानगंज पुलिस को सूचना दी गई। कप्तानगंज इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौके पर फोर्स के साथ पहुंच कर जांच में जुट गये। बेटी बेबी की तहरीर पर कप्तानगंज पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डॉग स्क्वायड टीम व फोरेंसिक टीम को लगाया गया है।

# आम बजट विकास से संबंधित : प्रो. अनिल श्रीवास्तव

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट पेश कर दिया। इस बजट में उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर 5 कर दी गई है। बजट में वित्त मंत्री ने महिला बचत सम्मान योजना लॉन्च करने का भी ऐलान किया है। उनका कहना है कि इससे महिलाएं बचत के लिए प्रोत्साहित होंगी। इसके तहत 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज मिलेगा।

बजट के सम्बंध में डीएवी कालेज के अर्थ शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आम वजट मिलाजुलाकर विकास से सम्बंधित बजट है इस बजट से विकास होने की सम्भावना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा। और कृषि व्यवस्था के लिए डिजिटल प्रणाली के माध्यम से विकास करने की बात कही गयी है। इसमें किसानों का तेजी से विकास होगा और पैदावार भी बढेगी। मोटे अनाजों के पैदावार पर बल दिया गया है। जिससे किसानों की आया में वृद्धि होने की सम्भावाना है।

इसके अतिरिक्त जो छोटे और मझले उद्यमियों को सरकार ने करों में रियायत देकरके उत्पादन कार्य को बढ़ाने की बात कही है इसमें उत्पादन तेजी से बढ़ेगा और इन क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने की सम्भावना है। जहां तक वेतनगोगी वर्ग की बात है उसमें कर रियायत दी गयी है 7 लाख रुपये तक आय पर कर मुक्त होगा और इसके अतिरिक्त पांच स्लैब बनाये गये हैं।

जिसमें 0 से 3 लाख तक शून्य प्रतिशत, 3 से 6 लाख तक 5 प्रतिशत, 6 से 9 लाख तक 10 प्रतिशत, 9 से 12 लाख तक 15 प्रतिशत, 12 से 15 तक 20 प्रतिशत और 15 से ऊपर 30 प्रतिशत देय होगा। रोजगार सृजित करने के लिए लोन की व्यवस्था की गयी है रोजगार शिक्षा के की भी व्यवस्था की गयी है। बजट के सम्बंध में शिक्षक विजय सिंह ने बताया कि यह बजट शिक्षक कर्मचारियों के हित में है।




### बजट निराशाजनक और झूठ का पुलिंदा-हवलदार यादव

**आजमगढ़।** सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने बताया कि यह बजट निराशाजनक व झूट का पुलिंदा है। किसानों गरीबों बेरोजगारों को राहत देने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। पूंजीनिवेश की बात करना जनता से झूठ बोलना है। इस बजट से मंहगाई कम नहीं होगी बल्कि बढ़ेगी। बेरोजगारों व सरकारी नौकरी के लिए कोई प्रावधान नहीं है यह बजट पूंजीपतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

## संक्षेप

### अभियुक्त के घर धारा 82 की नोटिस चस्पा



**फूलपुर (आजमगढ़)।** थाना गम्भीरपुर पुलिस ने अभियुक्त आबिद पुत्र जुबेर निवासी मुड़ियार थाना फूलपुर के न्यायालय में हाजिर नहीं होने और फरार रहने पर मुनादी कराकर उसके घर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। उक्त अभियुक्त के खिलाफ दीवानी न्यायालय आजमगढ़ द्वारा गिरफ्तारी वारन्ट जारी किया गया था। वारन्ट के बाद न्यायालय द्वारा 82की कार्यवाही की नोटिस दी गयी जिसके सापेक्ष कोतवाली फूलपुर के उपनिरीक्षक विपिन सिंह जय प्रकाश पांडे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मुड़ियार गांव में 12 बजे दिन में पहुंच कर मुनादी करा कर फरार अभियुक्त आविद पुत्र जुबेर के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में 82की नोटिस चस्पा कराया। ग्रामीणों को न्यायालय के आदेश की जानकारी दी।

### आदर्श कुमार राय को किया गया सम्मानित



**लालगंज (आजमगढ़)।** भाजपा लालगंज के जिला कार्य समिति बैठक में प्रदेश में आयोजित अटल भाषण प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान लाने पर आदर्श कुमार राय का भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री शकुंतला चौहान एवं जिलाध्यक्ष भाजपा लालगंज ऋषि कांत राय ने माला पहनाकर पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश प्रतियोगिता में जिले का मान बढ़ाने के लिए आदर्श कुमार राय की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमनाथ सिंह ब्लाक प्रमुख अनुराग सिंह सोनू जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय, नागेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो शिवेंद्र राय शिवम, अंकुर राय, रानू राजभर, विशाल, रजनीश जयसवाल, अनिल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### विवादित रास्ते की भूमि का हुआ सीमांकन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के सिकंदरपुर स्थित गाटा संख्या 63 जो कि मिल जुमला आबादी की जमीन है और इसी गाटा संख्या में गांव का रास्ता भी है। इस भूखंड पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा निर्माण कराया जा रहा था जिसे लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम बूढ़नपुर को प्रार्थना पत्र सौंपा था जिसे संज्ञान में लेते हुए एसडीएम नवीन प्रसाद ने राजस्व टीम गठित कर विवादित भूखंड का सीमांकन कराने का आदेश दिया था। उक्त के क्रम में बुधवार को राजस्व टीम द्वारा सिकंदरपुर स्थित गाटा संख्या 68, 69 व 63 का सीमांकन किया गया। गाटा संख्या 63 में गांव का सामूहिक रास्ता है जिसे कुछ लोगों द्वारा अवरुद्ध किया गया था तथा इसे लेकर दीवानी न्यायालय में वाद दाखिल किया गया था। लेखपाल अजीत कुमार ने बताया कि गाटा संख्या 68, 69 व 63 का सीमांकन किया गया है। दोनों पक्षों से दीवानी न्यायालय में वाद विचाराधीन होने का प्रमाण पत्र लिया गया। गाटा संख्या 68, 69 दीवानी में विचाराधीन है उसे अलग किया गया। वहीं अद्या प्रसाद के हो रहे निर्माण को बताया गया कि निर्माण का कितना हिस्सा विवादित भूखंड में है और कितना हिस्सा विवाद से बाहर है जहां निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर अजीत कुमार रोशन द्विवेदी, पंकज कुमार, अखिलेश कुमार, प्रधान सुनील कुमार, कांस्टेबल अविनाश, सर्वेश कुमार तथा ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान पर लगाया निधि के दुरूपयोग का आरोप

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** विकास खंड कोयलसा के मोलनापुर नत्थन पट्टी गांव निवासी समाजसेवी दिवाकर मौर्य के नेतृत्व में बुधवार को ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए जांच की मांग की। ग्रामीणों आरोप है कि ग्राम सभा की निधि का ग्राम प्रधान द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। लाखों रुपए के धन का रुपए का ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्य नहीं किया गया। फर्जी वाउचर बिल बना करके सचिव की मिलीभगत से ग्राम प्रधान द्वारा भुगतान करा लिया गया। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीणों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि 50 लाख रुपए से अधिक धन का भुगतान किया गया है लेकिन ग्राम सभा में कोई विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कोयलसा श्वेतांक सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत पत्र मिला है, टीम गठित कर जांच की जाएगी। जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बैट्री चोर गिरोह का सरगना पुलिस मुठभेड़ में घायल

**आजमगढ़।** थाना जहानागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावरों से बैट्री व अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले 25 हजार रुपये का इनामिया व गैंग के लीडर को मुठभेड़ के दौरान घायल करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध तमन्चा व कारतूस बरामद हुआ। जहानागंज पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त संतोष सिंह पुत्र स्व.चन्द्र प्रकाश सिंह निवासी तिलहुवां थाना निजामाबाद, सतिश सिंह उर्फ छोटू पूत्र स्व.प्रदीप सिंह निवासी धनहुवां थाना जहानागंज, मिथलेश कुमार पुत्र महेन्द्र निवासी गौसपुर थाना निजामाबाद बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार होकर धनहुवां पुलिया थाना जहानागंज की ओर जा रहे है। इस सुचना पर थानाध्यक्ष जहानागंज विनय कुमार सिंह मय हमराह धनहुआ पुलिया पर चेकिगं करने लगे। उसी समय एक मोटर साइकिल आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे पुलिस पार्टी पर फायर करने लगे। एक अभियुक्त संतोष सिंह गिर गया और गिरकर मिट्टी की आड़ लेकर पुलिस पर फायरिंग करने लगा और मौके का फायदा उठाकर 2 बदमाश फरार हो गये। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ चलायी गयी गोली बदमाश के बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी। अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु पीएचसी कोल्हूखोर भेजा।

### नाबालिग से दुष्कर्म, मां ने दी तहरीर

**माहुल (आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पीड़िता की मां ने अहरौला थाना में तहरीर दी है। आरोप है कि पीड़िता मंगलवार की दोपहर 1:30 बजे खेत में गई हुई थी वहां पर गांव के 2 लोग आए और पीड़िता को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर उसे उठा ले गए। लगभग 6 बजे शाम को पीड़िता को गांव के पास थोड़ी दूर पर एक जंगल में बेहोशी की हालत में फेंक दिया। लगभग 2 घंटे बाद पीड़िता को होश आया और रात बजे 9 पीडिता किसी तरह घर पहुंची। पीड़िता की मां द्वारा अहरौला थाना में बुधवार को तहरीर दी गई है। थाना के प्रभारी इंचार्ज धनराज सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, पुलिस मामले में जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# आक्रोशित संगठनों ने फूंका स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** बूढ़नपुर चैक पर बुधवार को दिनेश त्रिपाठी के नेतृत्व में कई संगठन के लोगों ने मिलकर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका।

सनातन धर्म को लेकर रामचरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी के चलते स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला फूंकने का प्रयास किया गया, परंतु अतरौलिया थाने के प्रभारी निरीक्षक सहित बूढ़नपुर चैकी इंचार्ज मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान काफी देर तक नोकझोंक होती रही परंतु प्रशासन ने पुतला फूंकने नहीं दिया। पुतला फूंकने वालों की मांग थी कि स्वामी प्रसाद मौर्य यदि खुलेआम माफी मांग ले तो ऐसे विरोध प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। नहीं तो पूरे उत्तर प्रदेश में जगह जगह पर सनातन धर्म और रामायण की मयार्दा को लेकर प्रदर्शन जारी रहेगा। रामचरित मानस सनातन धर्म को मानने वाले सभी लोगों ने एकजुट होकर यह मुहिम छेड़ी है, जिसमें भाजपा, सपा, कांग्रेस सभी राजनीतिक दलों के लोग सम्मिलित रहे। गौरा हरदो के महा प्रधान प्रतिनिधि अंकित गुप्ता ने बताया कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा हम हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई गई उनके द्वारा रामचरित मानस पर पहले व्यंगात्मक टिप्पणियां की गई बाद में उनके कार्यकताओं द्वारा रामचरित मानस को जलाया भी गया जिसका हम सभी घोर निंदा करते हैं। साथ ही चेतावनी देते हैं कि अगर हमारे धर्म के साथ किसी भी तरह का अनादर किया गया तो हम सभी लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।


बूढ़नपुर चैक पर नारेबाजी करते संगठन के लोग।

कांग्रेस के जिला सचिव दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि भगवान राम हम सभी के लिए आदरणीय हैं। हम सभी हिंदू भगवान राम को आदर्श मानकर उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रयास करते हैं इसलिए यह हमारी भावना के साथ खिलवाड़ किया गया है जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर उपेंद्र मिश्रा, अजय, पवन मिश्रा, दयानंद, रविकांत तिवारी, दीपक मोदनवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लम्बित आवेदनों को समय से करें निस्तारित-डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, स्वः रोजगार बन्धु, एकल मेज व्यवस्था, औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठम सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त लम्बित आवेदन को समय से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आक्सीजन प्लान्ट एवं अन्य उद्योगों को निर्धारित मानक के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, पं. दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनके सुझाव, प्रस्ताव को संज्ञान में लेकर शीर्ष प्राथमिकता पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग एसएस रावत सहित संबंधित अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

# कूड़ा कलेक्शन को लेकर निकाली गई रैली


नगर वासियों को जागरूक करते नगर पंचायत कर्मचारी।

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत अतरौलिया द्वारा एक फरवरी से लेकर 10 फरवरी तक चलाए जा रहे विशेष अभियान डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सूखा व गीला कूड़ा को अलग-अलग कर निस्तारण किये जाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता रैली नगर पंचायत कार्यालय से होते हुए सभी वार्डों में जागरूकता वैन के माध्यम से निकाली गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वच्छ व सुंदर नगर पंचायत बनाने हेतु नगर में एक फरवरी से 10 फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। जिसमें सूखा व गीले कूड़े को अलग-अलग कर नगर कर्मचारियों द्वारा वाहन से ले जाकर डंपिंग किया जाएगा। इसे लेकर नगर वासियों को जागरूक किया गया कि लोग अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग बॉक्स में डालें जिसका सही तरीके से निस्तारण किया जाए। इस मौके पर सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय विद्युत के प्रांगण में ऊर्जा मंत्री के निर्देशन में चलाए जा रहे एक फरवरी से पन्द्रह फरवरी तक विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा दिवस के तहत मंगलवार को कैम्प का आयोजन उपखण्ड अधिकारी विद्युत बिनोद कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम अमरेथु के 40 बिद्युत उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर अपडेट किये गए। 18 बिद्युत उपभोक्तावो के बिलो में सुधार कर उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं बिद्युत बकायदारों के बिद्युत बिच्छेदन अभियान में अवर अभियन्ता मनीष कुमार द्वारा अमरेथु फदगुदिया मुस्तफा बाद अम्बारी गांव में अभियान के तहद 45 बिद्युत बिच्छेदन की कार्यवाहो की गयी। एक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। वही अवर अभियन्ता टाउन निखिल शेखर सिंह द्वारा चलाए गए बिच्छेदन अभियान में 10 बकायदारों के बिद्युत बिच्छेदन किया गया। अजय कुमार, पवन, प्रशांत जहां कैप में रहे वहीं देविश्याम, रमाकान्त, लालचन्द, अंगद, इस्लाम, राजकुमार, फूलचन्द, बिपिन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'शिक्षक श्री' पुस्तक सगुण काव्य का विमोचन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** प्रोफेसर गीता सिंह 'शिक्षक श्री' की सम्पादित पुस्तक 'सगुण काव्य' (एम.ए.हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) का लोकार्पण स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर एवं केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित द्वि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में भव्य रूप में किया गया।

इस अंतरराष्ट्रीय दो-द्विवसीय संगोष्ठी में देश और विदेश से हिन्दी विद्वानों का विमर्श 'वर्तमान वैश्विक परिवेश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रांसगिकता' पर चल रहा है। संगोष्ठी में बोलते हुए प्रो.गीता सिंह ने कहा कि-अपनी सांझी सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत एक प्राचीन सांस्कृतिक राष्ट्र है। सांस्कृतिक सूत्र में बंधा यह राष्ट्र भारत को विश्व में अलग पहचान देता है।

ध्यातव्य है कि प्रो.गीता सिंह अध्यक्ष स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ में कार्यरत हैं। वह हिन्दी साहित्य में लगातार कार्य कर रहीं हैं। यह उनके द्वारा प्रकाशित हिन्दी साहित्य की 20वीं पुस्तक है। इनके संपादन में आजमगढ़ से निकलने वाली 'अखिल गीत शोध दृष्टि' (अंतरराष्ट्रीय अर्धवार्षिक शोध जर्नल) का अब तक 18 अंक प्रकाशित है।

अंक 19 प्रकाशनाधीन है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अब तक 6 दर्जन शोध पत्र प्रकाशित हैं। इनके कुशल शोध निर्देशन में अब तक 12 शोध छात्रों को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है और अनेक शोध छात्र शोध कार्य कर रहें हैं। अनेक छात्र देश के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद को सुशोभित कर रहें हैं।

इनके कुशल लेखन और उच्च शिक्षा में किये जा रहे उच्च कार्य से इनको अनेकों संस्थाओं ने सम्मानित भी किया है। सगुण काव्य पुस्तक के लोकार्पण के लिये डॉ.गीता सिंह ने एतदर्थ प्राचार्य प्रो.वीके राय एवं संगोष्ठी समन्वयक डॉ.प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ह्लअनंगह्ल के प्रति आभार व्यक्त किया।


पुस्तक के विमोचन पर उपस्थित डा.गीता सिंह व अन्य

# संगठन के कार्य को पूरी तन्मयता से करें कार्यकर्ता

**बोले विजय बहादुर पाठक**

### जयपुरिया स्कूल सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जयपुरिया स्कूल के सभागार में जिला कार्यसमिति, कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक मौजूद रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता संगठन के कार्य को पूरी तन्मयता और तत्परता से करें। संगठन का विस्तार होगा पार्टी और मजबूत होगी। पार्टी के जो भी कार्यक्रम आप करते हैं उसकी सही-सही जानकारी प्रदेश को भेजने का काम करें। आप की रिपोर्टिंग के आधार पर ही प्रदेश द्वारा आगे की योजना बनायी जाती है। आप ने अभी उपचुनाव में विजय प्राप्त किया है। नगर निकाय चुनाव टल गया है। अब आप को तैयारी का अतिरिक्त समय मिल गया है। नगर निकाय चुनाव की वोटर लिस्ट अलग है। सभी बूथों पर प्रभावी कार्यकताओं पदाधिकारियों को पन्ना प्रमुख बनाने का काम पूरा करें। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 सीटों पर विजय प्राप्त होगी।

द्वितीय सत्र में जिला मंत्री जूही श्रीवास्तव और जिला आईटी प्रमुख अभिनव श्रीवास्तव ने संकल्प महा विस्तार अभियान के अन्तर्गत सरल ऐप पर सभी पदाधिकारियों का पर्सनल डाटा फीड करवाया। जिला महामंत्री विनोद उपाध्याय ने राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा किया और जिला महामंत्री नन्हकू राम सरोज ने राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन किया। जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा, पूनम सिंह ने राजनीतिक प्रस्ताव का अनुमोदन किया। जिला उपाध्यक्ष अवनीश मिश्रा ने बताया कि सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख व सामाजिक सम्पर्क टोली बनाने कार्य सभी मन्डल अध्यक्ष पूरा करें और बूथों पर होने वाले कार्यक्रम 11 फरवरी को समर्पण दिवस कार्यक्रम, 6 अप्रैल को स्थापना दिवस कार्यक्रम, 14 अप्रैल को समरसता दिवस, 23 जून बलिदान दिवस 25 सितम्बर को पं दीनदयाल जयन्ती, 25 दिसम्बर सुशासन दिवस और प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने की योजना रचना मंडल अध्यक्ष सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि सभी मंडलों की कार्य समिति बैठक 3 से 15 फरवरी तक करना है जिसमें सरल एप पर पर्सनल डाटा फीडिंग का काम भी प्रमुखता से किया जाना है।


दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का एसडीएम ने किया उद्घाटन

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** जीवन उजाला समिति चिवटहरा के सौजन्य से छठवें फुटबॉल टूनामेंट का मंगलवार को एसडीएम सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी अति आवश्यक है क्योंकि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

हामिद अली एडवोकेट ने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में इतने बड़े फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए वह आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं जिन्होंने फुटबॉल के लिए इतना बड़ा आयोजन किया जिसकी इस क्षेत्र में कल्पना भी नहीं की जा सकती। उद्घाटन मैच हारी बाबा मिजार्पुर गाजीपुर और बीएनबी सुल्तानीपुर, तरवां आजमगढ़ के बीच खेला जा रहा है जिसमें मिजार्पुर की टीम एक शून्य से आगे है। समाचार लिखे जाने तक मैच जारी रहा। इसके बाद जौनपुर तथा मुनारी वाराणसी के बीच मैच खेला जाएगा। आयोजकों ने बताया कि आज 5 मैच खेले जाएंगे। जबकि इसका समापन 3 फरवरी को होगा। इस अवसर पर तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पंकज शाही, मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसाई व समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह, कामरेड हामिद अली, नित्यानंद सिंह उर्फ नितालु के साथ कमेटी के अध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष विनय सिंह पिंटू, कोषाध्यक्ष सुनील प्रजापति, महामंत्री संजय यादव, सचिव राजेश मौर्य, उप महामंत्री देवेंद्र सिंह सन्नू, प्रसार मंत्री बाला यादव, प्रभारी व्यवस्थापक अभिमन्यु यादव, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, सहायक व्यवस्थापक तेज बहादुर यादव, अतिरिक्त प्रभारी जितेंद्र सिंह, संयुक्त मंत्री होरी लाल यादव, ग्राम प्रधान इंद्रजीत यादव इंदल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमशेर यादव और विशाल यादव आदि मौजूद रहे।


फुटबॉल मैच का फीता काटकर उद्घाटन करते एसडीएम


अखाड़े में दांव आजमाते पहलवान।

### पहलवानों ने अखाड़े में आजमाये दावपेंच

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के चडई में स्थित अखाडे.पर खरपत्तू पहलवान की स्मृति में जयबजरंग अखाड़ा द्वारा बुधवार को कुश्ती दंगल में पहलवानों ने खूब दावं आजमाएं। दिल्ली, अयोध्या, वाराणसी, जौनपुर, गोरखपुर आदि जनपद के पहलवानों ने भागीदारी निभाई। बड़ी कुश्तियां बराबरी पर रही। आयोजित दंगल मे चर्चित कुश्ती में निशांत दिल्ली और रितेश अयोध्या, अजहर वाराणसी और पारस दिल्ली, संदीप गोरखपुर और सुनील दिल्ली, अमरदेव बहुरहवा बाबा और रितेश नीबी के बीच हुई जो सभी बराबरी पर छूटी। इसके अलावा विशाल चड़ई से अमन अरया के बीच हुई जिसमें विशाल ने पटखनी दी। नितेश जौनपुर से देवेश नीवी से हुई जिसमे नितेश ने बाजी मारी। रंजीत स्टेडियम आजमगढ़ से संदीप जौनपुर में संदीप ने बाजी मारी। शिवम चड़ई ने प्रिंस कदम घाट को धूल चटाई। दंगल में 80 पहलवानों ने दाव आजमाए। सुबह से शुरू कुश्ती शाम तक चलती रही। मौके पर मौजूद लोग बडे. पहलवानों के दांव देखने के लिए शाम तक जमे रहे। विजेता पहलवानों को प्रतीक चिन्ह. पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी की कुश्ती की कला आज भी है जो महक इसमें है वह और में नही। आवश्यकता है इस परंपरा को संयोये हुए आगे बढाने की। दंगल के रेफरी रमानंद यादव, अरविंद कुमार, श्याम लाल रहे। दंगल समिति के अमरजीत यादव, राम अवध यादव.राम दयाल, राम प्रवेश यादव आदि लगे रहे।

# पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है बजट

## मध्यवर्गीय परिवारों को बजट से नहीं होगा कोई फायदा



जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा सदन में आम बजट पेश किया गया है। आम बजट पेश किए जाने के बाद आयकर में छूट को लेकर राहत मिली है, लेकिन आम जनता को महंगाई से कोई लाभ नहीं मिला।

आम जनता का कहना है कि सरकार के द्वारा जो बजट जारी किया गया है, उसमें आम जनता का ख्याल नहीं रखा गया है। टैक्स में छूट का लाभ सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा। आम जनता की उतनी आमदनी भी नहीं है। महंगाई को लेकर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यह बजट पूरी तरीके से पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है। मध्यवर्गीय लोगों के लिये यह बजट नही है। इससे मध्यवर्गीय लोगों को कोई फायदा नही पहुंचेगा।

रायशुमारी

### जिले की जनता को रास नहीं आया बजट



रवि सोनी

सरकार द्वारा टैक्स में जो छूट दी गई है। उसका लाभ सिर्फ सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा, आम जनता की उतनी आमदनी नही है। यह बजट बहुत ही निराशाजनक है। सरकार को मध्यवर्गीय लोगों के लिए कुछ करना चाहिए था।

रवि सोनी



रजनीश गुप्ता

सरकार का यह बजट सिर्फ पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाएगा। आम जनता को इस बजट से कोई राहत नही मिलती है। सरकार ने बजट में आम जनता को राहत नही दी है।

रजनीश गुप्ता



प्रदीप पाल

हम लोगों को उम्मीद थी कि बजट में महंगाई को लेकर कुछ एलान होगा, लेकिन बजट से सिर्फ हमें निराशा ही मिली। खुदरा महंगाई को कम करने के लिए कोई कदम नही उठाया गया। आम जनता महंगाई से पूरी तरह से त्रस्त है, जो सबसे बड़ी समस्या है।

प्रदीप पाल



आदित्य दूबे

बजट से आम जनता को कोई लाभ नही हुआ है। हर साल बजट आता है और चला जाता है। सरसो का तेल 100 की बजाय 200 रुपये हो गया है। गैस सिलेंडर सहित हर चीज का दाम बढ़ा हुआ है। आम जनता को क्या लाभ मिला। मध्यवर्गीय लोगों पर सरकार तनिक भी ध्यान नही दे रही है।

आदित्य दूबे उर्फ मुन्ना दूबे

# आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाएगा आम बजट

सांसद की राय

### वंचितों पिछड़ों, गरीबों, किसानों व नौजवानों के विकास का है आम बजट : अनुप्रिया पटेल

### केंद्रीय मंत्री ने पीएम व केंद्रीय वित्त मंत्री का जताया आभार



अनुप्रिया पटेल

मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि वर्ष 2023-24 का आम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को वंचितों, पिछड़ों, गरीबों व किसानों के प्रति समर्पित बताया है। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति को भरपेट भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुफ्त राशन योजना को अगले एक वर्ष तक बढ़ाने की सराहनीय पहल की गई है। अब यह योजना जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। श्रीमती पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) गरीबों, वंचितों व पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की मांग करता रहा है।

पार्टी का यह भी कहती रही है कि आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वंचित व पिछड़ा समाज के लोग वर्षों तक जेल में पड़े रहते हैं, उनकी जमानत नहीं हो पाती है। केंद्र की लोकप्रिय श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपना दल (एस) के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए गरीबों की जमानत का पैसा खुद सरकार द्वारा वहन करने की घोषणा की है। इस सराहनीय पहल के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री जी का बहुत बहुत आभार। अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि यह बजट ऐतिहासिक, संपूर्ण समावेशी, हर एक भारतीय के जीवन में सकारात्मक बदलाव का बजट है। देश में एयर सर्विस को बढ़ावा देने के लिए 50 नए एयरपोर्ट और हेलिपैड भी बनाए जाएंगे। युवाओं के लिए 30 इंटरनेशनल स्किल सेंटर्स बनेंगे। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि आम बजट युवाओं, नौजवानों का बजट है।

नए बजट में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 को शुरू करने की घोषणा की गई है। 47 लाख युवाओं को राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत 3 साल तक भत्ते दिए जाएंगे। युवाओं को ग्लोबल लेबल की ट्रेनिंग देने के लिए 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर बनाए जाएंगे। देश में 157 नए नर्सिंग कॉलेज भी खोले जाएंगे।

# खदान के पत्थर की चपेट में आने से बालिका की मौत

जनसंदेश न्यूज

दुखद

### अब तक जा चुकी हैं कई जानें, कब होगी इनपर कार्रवाई



मड़िहान। स्थानीय क्षेत्र के देवरी कलां पहाड़ी पर खदान से निकले पत्थर के नीचे दबने से बालिका की दर्दनाक मौत हो गयी। बताया जाता है कि देवरी कलां पहाड़ी पर स्थित खदान में काम करने हेतु मध्यप्रदेश के सिंगरौली जनपद अन्तर्गत देवरा गांव निवासी सुमवती पत्नी बबलू एक सप्ताह पूर्व खदान में काम करने हेतु आई थी। जिसके साथ दो बच्चें भी थे कि बुद्धवार सुबह बालिका की माँ काम करने में जुटी हुई थी व बालिका चमेली खेल रही थी कि पोकलेन से पत्थर निकालकर ट्रैक्टर ट्रॉली में लोड किया जा रहा था।

उसी समय पत्थर गिरने से बालिका दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल बालिका को आनन फानन में उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गयी। जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, सीओ ऑपरेशन अनिल कुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल में जुट गये। वही बालिका की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़



शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

मीरजापुर। हलिया पुलिस द्वारा अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब का निर्माण व बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से 55 लीटर अपमिश्रित देशी शराब, यूरिया सहित शराब बनाने में प्रयुक्त अन्य सामाग्री बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा अवैध अपमिश्रित शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उ.नि. विजय कुमार यादव मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हलिया क्षेत्र से अवैध/अपमिश्रित कच्ची देशी शराब बनाने वाले ठिकाने पर दबिश देकर एक आरोपी विजयी उर्फ राकेश पुत्र स्व.लालचन्द्र निवासी बेदउर थाना हलिया मीरजापुर को गिरफ्तार कर मौके से 55 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 03 किग्रा यूरिया सहित भट्ठी से शराब निर्माण करने में प्रयुक्त पात्रों को बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हलिया पर धारा 60(2) आबकारी अधिनियम व धारा 272,273 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया।

कामयाबी

### एक आरोपी, यूरिया व 55 लीटर शराब किया बरामद

### आठ मवेशी बरामद, तीन अन्तर्जनपदीय पशु तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में गो तस्कर

मीरजापुर। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा पिकअप पर क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जाए जा रहे 08 राशि मवेशियों को बरामद कर पुलिस ने 03 अन्तर्जनपदीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा पशु तस्करों की गिरफ्तारी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिये गये है। एक फरवरी को उ.नि. भरत राय मय पुलिस बल द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत से पिकअप सवार 03 पशु तस्करों अब्बास अली पुत्र स्व.जुमराती, हसबुद्दीन पुत्र कयामुद्दीन, रुस्तम कुरैशी पुत्र बबलू कुरैशी निवासीगण सलखन थाना चोपन सोनभद्र को गिरफ्तार किया। जिनके द्वारा पिकअप वाहन पर क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जाये जा रहे 08 राशि मवेशियों को बरामद किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया तथा पशु तस्करी में प्रयुक्त वाहन पिकअप को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## संक्षेप

### टूटे परिवार को जोड़ने का काम कर रहा है परामर्श केन्द्र : डीआईजी



मीरजापुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर.पी.सिंह के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपदों में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा माह जनवरी में 32 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। टूटे परिवार को जोड़ने का काम परिवार परामर्श केन्द्र कर रहा। पति-पत्नी के सम्बन्धों को सुधारने के लिए काउंसलिंग की जा रही। शासन द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में जनपदों में स्थापित वैवाहिक विवादों में मध्यस्थता हेतु उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं के अनुश्रवण का कार्य महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किया जा रहा है, एवं परामर्श केन्द्र द्वारा आये हुए दम्पत्तियों की पारिवारिक संबंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने को प्रेरणा दी गयी जिससे दोनों जोडे.राजी-खुशी के साथ में रहने हेतु तैयार हो गये, माह जनवरी में जनपद मीरजापुर के माध्यम से कुल-19, सोनभद्र में कुल-08 तथा भदोही में कुल-05 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। इस प्रकार परिक्षेत्र स्तर कुल 32 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा अथक प्रयास से मिलाया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल के निर्देशन में रेंज के तीनों जनपदों में परिवार परामर्श केन्द्र में प्रतिदिन अनेको दम्पत्तियों को महिला पुलिस व समाज सेवीजनों द्वारा काउंसलिंग की जा रही है। उनके आपसी मतभेदों को दूर कर आपस मे मिलवाया जा रहा है जिससे उनकी जिन्दगी में दोबारा संतुलन आ जाय।

### आर्यावर्त बैंक में दो दिन से कैश न होने से उपभोक्ता परेशान

हलिया। स्थानीय बरी स्थित आर्यावर्त बैंक शाखा में दो दिन से कैश न होने के कारण उपभोक्ता परेशान दिखे गए उपभोक्ताओं का कहना है कि इस समय आवास, शादी विवाह एवं मनरेगा की मजदूरी का भुगतान लेना था। परंतु बैंक से 40 किलोमीटर दूर से दो दिनों से आना जाना लगा रहा परंतु अभी तक बैंक से पैसा नहीं मिल पा रहा है। प्राइवेट वाहनों को भाड़ा देकर बैंक आकर बैरंग वापस जाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बैंक में धन उपलब्ध कराने की मांग किया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि आवश्यक कामों के लिए अपना ही पैसा अपने काम में नहीं आ पा रहा है। दो दिनों से बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं में गोरगी गांव के ग्राम प्रधान रमेश मौर्या, नचक कोल, दयाराम, हीरालाल, शास्त्री, कमलेश आदि निवासी गोरगी, मनिगढ़ा, पटपरा आदि गांव से 40 किलोमीटर की दूरी से सफर कर बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शाखा प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले से पैसा मंगाया गया है। बैंक की लिमिट 40 लाख है। प्रतिदिन 50 लाख के करीब उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। पैसा आने के बाद उपभोक्ताओं को पैसा दिया जाएगा।

### मथुरा में जिले के खिलाड़ियों ने किया कमाल जीते 26 गोल्ड

मीरजापुर। जिले के राजपूत अकादमी के खिलाड़ियों ने 26 गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। अकादमी के कोच ने जानकारी दिया कि खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन से उनके अन्दर और जीत कि भावना आएगी और अच्छा प्रदर्शन करेंगे जिससे अपना और अपने जिले का नाम रोशन करेंगे। क्रिकेट के खिलाड़ियों में शिवम, परवेज, राज मिश्रा, आकाश, प्रियांशु, ओम, प्रतिक, पंकज, राकेश सचिन और शिवांश रहें। कबड्ड़ी के खिलाडियों में अवनीश, मनीष, जय यादव, गुलशन, साबिर अली, अनुज, विजय, बिशाल, शाहिल आलम, सलमान, अभिनव सिंह, बंटी, उत्सव रहे। दौड़ के खिलाड़ियों में प्रभात सिंह, किशन यादव, आशिष कुमार पाल, राजू, फूटबाल में, प्रभाकर और आशुतोष दुबे रहे। जिले की टीम ने मथुरा में जाकर चैंपियन में भाग लिया था। जिसमें टीम को 26 गोल्ड मिले हैं। खिलाड़ियों के जनपद आगमन पर लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी। यह 26 गोल्ड क्रिकेट, फुटबॉल व कबड्डी में मिला है। टीम का सलेक्शन राष्ट्रीय स्तर किया गया जिसमें जिले के कई खिलाड़ियों का चयन भी किया गया।

### ब्लॉक दिवस पर नहीं पहुंचा कोई फरियादी

लालगंज। विकास खंड सभागार में बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन नवागत खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ब्लॉक दिवस में एक भी फरियादी नहीं आए। हालांकि ब्लॉक दिवस को बैठक में बदल दिया गया। लालगंज ब्लाक सभागार में आयोजित ब्लॉक दिवस में नवागत खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने ब्लाक के सभी कर्मचारियों के बीच परिचय प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जनता की समस्या प्रमुखता से लें। उन्होंने शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिये जाने में किसी प्रकार कि लापरवाही न करे। कहा कि शासन की मंशा है कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित ना हो। मौके पर ब्लॉक प्रमुख जयंत कुमार, कुलदीप पटेल, ग्राम प्रधान गणेश शंकर दुबे, संजय, रोशन, शांति एवं ग्राम विकास अधिकारी श्यामधर तिवारी, कैलाश आदि मौजूद रहे।

### थानाध्यक्ष ने बीट तंत्र को मजबूत बनाने के लिए किया बैठक

राजगढ़। नवागत थानाध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के बाद बीट व हल्का प्रभारियों के साथ अपने विचारों को साझा किया। उन्होंने अपने साथ काम कर रहे पुलिसकर्मियों को कड़ी मेहनत कर अपने सूचना तंत्रों को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय होने की बात कही। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बीट व हल्का प्रभारियों के साथ आवश्यक बैठक बुलाई। इस दौरान बैठक में उपस्थित समस्त प्रभारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि आस पास की घटनाओं पर पैनी नजर रखी जाय तथा सूचना तंत्र को मजबूत बनाने पर विशेष जोर देकर आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूचनाओं के अभिलेखीकरण के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं। बैठक के बाद समस्त पुलिसकर्मियों को एक डायरी व पेन देकर प्रभावी कार्रवाई हेतु सक्रियता से जुट जाने की बात कही। बैठक में अविनाश सिंह, मनोज सिंह, आशुतोष दुबे, प्रभूनाथ शर्मा, प्रशान्त राय आदि उपस्थित रहे।

### बारात में आये युवकों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर की चोरी

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के बघौडा गांव में मंगलवार की रात बारात में आए दो युवकों द्वारा गाड़ी का शीशा तोड़कर चोरी करने की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही में जुट गई है। थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव में मंगलवार की रात प्रयागराज जिले के कोराव से बारात आई हुई थी। जब सभी बाराती द्वारपूजा पर चले गए तो बरात में आए दो युवक खड़ी दो वाहनों का शीशा तोड़कर उसमें चोरी करने लगे। चोरी करता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया जिस पर युवक वाहन से निकल कर भाग गए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस राजगढ़ थाना में 379 व 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई है।

### राजपुर गांव का पीडी ने किया स्थलीय निरीक्षण

हलिया। बुधवार को ब्लॉक सभागार में सचिवों की बैठक के बाद राजपुर गांव में विकास कार्यो का पीडी अनय कुमार मिश्र ने खंड विकास अधिकारी कुलदीप पटेल के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास, शौचालय, गाँव में चल रहे इंटरलाकिंग आदि कार्यो का निरीक्षण किया तथा सचिव को विकास कार्यों में लापरवाही न बरतने पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस मौके पर सचिव अरविंद, जेई सुनील कुमार खरवार, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# डोर-टू-डोर अभियान को डीएम ने दिखायी हरी झंडी

पहल

### नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए पहले प्रार्थना फिर वसूला जायेगा जुर्माना



वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं डीएम

मीरजापुर। नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाये रखने के लिए 10 तक अभियान की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीम नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर जाकर अभियान की जानकारी देगी। तीन चरणों में होने वाले कार्यक्रम में पहले प्रार्थना बाद में पेनाल्टी का प्रविधान किया गया है।

इस मौके पर अपर डीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। डीएम दिव्या मित्तल ने हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता टीम को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। उन्होंने आम जनता से नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की मुहिम में भागीदारी का आह्वान किया। बताया कि यह अभियान 31 मार्च तक चलाया जायेगा। डीएम दिव्या मित्तल ने बताया कि ट्रिपल पी योजना के साथ यह अभियान आरम्भ किया गया है। पहला चरण प्रार्थना का होगा। जो 15 फरवरी तक चलेगा। जिसमे लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आमजन मानस को दुर्गंध मुक्त वातावरण, संक्रामक रोगों से बचाव एवं स्वच्छ गली,स्वच्छ मोहल्ला सहित बेहतर जीवन स्तर के बारे में अवगत कराया जायेगा। द्वितीय चरण सहभागिता का 16 फरवरी से 3 मार्च तक चलेगा।

तृतीय चरण में जुर्माना 4 से 31 मार्च तक चलेगा। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में आमजन मानस की सहभागिता के लिए लोगो को जागरूक किया जायेगा। इसके बाद डोर टू डोर अभियान में सहयोग न करने वालें,बल्क वेस्ट जेनरेटर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चालान किया जायेगा।

### युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मचा कोहराम


लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के मगरदा गांव निवासी 40 वर्षीय युवक की बीती रात रोड एक्सीडेंट में गाजियाबाद में मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही घर पर स्वजनों में कोहराम मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के मगरदा गांव निवासी श्यामसुंदर गुप्ता गाजियाबाद में खोमचे पर गोलगप्पे का दुकान रोड के पटरी पर करते थे। बीते मंगलवार की रात दुकान बंद कर सिर पर सामान रख कर वापस जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिसमें दोनों पैर की हड्डियां पूरी तरह टूट गई और गंभीर रुप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक द्वारा श्यामसुंदर गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर के घर पर मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। श्याम सुंदर पत्नी व तीन बच्चो के साथ गाजियाबाद में रहकर गोलगप्पे की दुकान चलाते थे।शव लाने के लिए परिजन घर से रवाना हो गए हैं। गुरुवार को शाम तक लेकर घर पहुंचेंगे गांव में मातम पसर गया है।

# कछवां को पांच विकेट से हराकर मथुरा बना चैंपियन



कछवां। आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित गांधी विद्यालय के मैदान पर चल रहे आठ दिवसीय स्वर्गीय सुघर बाशा देवी स्मारक राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइनल मैच कछवां और मथुरा के मध्य निर्धारित 20-20 ओवरों का खेला गया। जिसमें टॉस कछवां की टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं कछवां की शुरूआत बेहद निराशाजनक रही। मथुरा टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त फिल्डिंग कर नौ विकेट झटक लिए और बीस ओवरों में मात्र 167 रन पर ही कछवां की टीम सिमट गई। वही जवाब देने उतरी मथुरा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए महज अठ्ठारह ओवरों में ही जबरदस्त पारी खेलते हुए पांच विकेट से मैच जीत ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। इस दौरान श्री गांधी विद्यालय स्टेडियम के मैदान में करीब दस हजार की संख्या में दर्शकों की भारी भीड़ से खचाखच भरी रही। वही लोग विद्यालय व कांशीराम आवास के छतों पर बैठने को मजबूर रहे। लेकिन दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। वही अंपायरिंग की भूमिका संदीप सिंह एवं अजय कुमार ने की जबकि स्कोरिंग प्रवीण कुमार उपाध्याय और कमेंट्री की भूमिका जावेद आलम ने निभाई। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश पुलिस के एस आई व समाजसेवी हरेश कुमार सिंह ने फाइनल मैच का फीता काटकर उद्घाटन किया और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिमोहन सिंह उर्फ टप्पू बाबू, निवर्तमान चेयरमैन पंधारी कुमार यादव, पवन मिश्रा, शशिकांत उपाध्याय, राजन शेख आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीरामचरितमानस पर टिप्पणी करने वालों पर लगे एनएसए



बुद्धि की शुद्धि के लिए यज्ञ करते लोग

मीरजापुर। विंध्याचल स्थित विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले नेताओं की बुद्धि की शुद्धि के लिए यज्ञ किया गया। केबीपीजी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष और श्रीविंध्य पंडा समाज के सदस्य शनि दत्त पाठक के नेतृत्व में श्रीरामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करने वाले नेताओं पर ठरअ लगाने की मांग की गई।

कार्रवाई न किए जाने पर अनशन की चेतावनी दी गई। पंडा समाज के सदस्यों ने धर्म पर आघात करने वाले नेताओं की बयानबाजी पर आक्रोश जताया। कहा कि अभिव्यक्ति के नाम पर जाति विशेष की राजनीति करने वाले धर्म पर बयानबाजी कर समाज में जहर घोल कर सामाजिक विद्वेष फैलाने का काम कर रहे है। जिससे समाज और देश के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो सकती हैं। श्रीरामचरितमानस पर सपा नेताओं के द्वारा अभद्र टिप्पणी की जा रही हैं। उसी के परिपेक्ष में मां विंध्यवासिनी मंदिर में बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीरामचरितमानस करोड़ों हिंदुओं के आस्था का केंद्र है।

जिससे लोगों को जीवन में जीने की सीख मिलती है। धर्म ग्रंथ के बारे में गलत टिप्पणी करना बहुत ही अशोभनीय है। सरकार से मांग किया कि अभद्र टिप्पणी करने वाले नेताओं के ऊपर एनएसए लगाना चाहिए। सुसंगत धाराओं में इन्हे जीवन पर्यंत जेल में डाल देना चाहिए। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो हम अनशन करने पर मजबूर होंगे।

### आटो की चपेट में आने से बालिका की हुई मौत

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित महोगढ़ी गांव में बुधवार शाम चार बजे के करीब मां के साथ सड़क पार कर रही दस वर्षीया बालिका को अनियंत्रित आटो ने टक्कर मार दिया जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन उपचार हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में बालिका की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आटो चालक को हिरासत में लेकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। महोगढ़ी गांव निवासी विष्णु कोल की दस वर्षीया बालिका सावित्री बुधवार शाम चार बजे के करीब अपनी मां श्यामकली के साथ ड्रमंडगंज बाजार से वापस घर लौट रही थी कि महोगढ़ी प्राथमिक विद्यालय के पास सड़क पार कर रही थी कि हलिया की तरफ से ड्रमंडगंज की तरफ जा रहे आटो ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया जिससे बालिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। बालिका की माता की चीख-पुकार सुनकर आटो चालक को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृत बालिका दो भाइयों और दो बहनों में बड़ी थी और प्राथमिक विद्यालय महोगढ़ी की छात्रा थी।

# ग्राम न्यायालय संचालित न होने पर अधिवक्ताओं ने दिया पत्रक

मांग

### अनदेखी करने का प्रशासन पर लगाया आरोप, व्यक्त किया क्षोभ



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते अधिवक्ता

लालगंज। उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा ग्राम न्यायालय संचालित न किए जाने पर क्षोभ व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव की कॉपी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा को सौंपा। पत्रक लेते हुए उन्होंने जिलाधिकारी के यहां भेजने का आश्वासन दिया।

बैठक में अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय संचालित न किए जाने को लेकर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि तहसील मड़िहान चुनार अन्य तहसीलों में ग्राम न्यायालय संचालित कराया जा रहा है किंतु लालगंज में ग्राम न्यायालय संचालित नहीं हो रहा है अनदेखी किया जा रहा है। जब कि मध्य प्रदेश बॉर्डर के फरियादी ग्राम न्यायालय ना होने की वजह से मिजार्पुर जाने के लिए 1 दिन पहले जाना पड़ता है। ऐसे में लालगंज तहसील में ग्राम न्यायालय संचालित किया जाना न्याय हित में अत्यंत आवश्यक है।

अधिवक्ताओं द्वारा ग्राम न्यायालय संचालित किए जाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों के यहां पत्र देने के बावजूद भी आज तक ग्राम न्यायालय संचालित नहीं किया गया जिससे हम अधिवक्ता गण ग्राम में संचालित कराने के लिए अब अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एड, सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद मौर्य, अनिल सिंह, कुबेर मौर्या, राजमणि, विनोद कुमार मौर्य, संतोष त्रिपाठी, चंद्र दत्त त्रिपाठी, कमलेश मिश्रा, शिवम कुमार पांडे, विपिन तिवारी, संतोष मिश्रा, एसपी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आम बजट: सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक

जनसंदेश न्यूज



टीवी पर वित्त मंत्री का बजट भाषण सुनते लोग


अजीत चौबे


अविनाश कुशवाहा


राजेश द्विवेदी


बी. सागर


एसआर दारापुरी

**सोनभद्र।** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में बजट पेश किया। बजट में टैक्स छूट सीमा बढ़ाई गई है तो वहीं किसान, बेरोजगार, गरीब की भलाई के लिए तमाम घोषणाएं की गई हैं। सत्ता पक्ष जहां बजट को बेहतर बताते हुए इसे मिडिल क्लास, नौकरीपेशा, गरीब व किसान की भालाई वाला बता रहा है तो वहीं विपक्ष बजट को जनविरोधी करार देते हुए चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला बता रहा है।

विपक्ष का कहना है कि बजट में बेरोजगारों, किसानों व गरीबों के उत्थान के लिए कोई प्राविधान नहीं किया गया है।

बीजेपी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने बजट को लोकहितकारी बताया कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान, नौकरीपेशा सबके हितों का ध्यान रखा गया है। टैक्स सीमा में छूट दी गई तो वहीं किसान व आदिवासी समाज की भलाई के लिए बजट में विषेश पैकेज की व्यवस्था की गयी है। पूर्व सदर विधायक व सपा नेता अविनाश कुशवाहा ने बजट को छलावा करार दिया। कहा कि बजट में आम जनता के हितों का ख्याल नहीं रखा गया है। किसान, गरीब, बेरोजगार के लिए कुछ भी नहीं है। यह कारपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला है। बीजेपी सरकार ने अपने एजेंडे के अनुसार बजट पेश किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश द्विवेदी ने बजट को जनविरोधी करार दिया। कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग, किसान, गरीब व नौजवान का ख्याल नहीं रखा गया है। मनरेगा बजट में कमी की गयी है। महंगाई से लोगों को राहत नहीं मिलेगी इससे सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ मिलेगा। बसपा जिलाध्यक्ष बी सागर ने बजट को निराशजनक बताया कहा कि इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा व गरीबों के विकास के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं किया गया है। यह बजट देश की आम जनता की भावनाओं को पूरा नहीं करता है। आईपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसआर दारापुरी ने पेश किए गए केंद्रीय बजट ने फिर से पुष्टि की है कि मोदी सरकार सप्लाई साइड इकनोमी यानी आपूर्ति पक्ष के अर्थशास्त्र की आर्थिक नीति के तहत काम कर रही है। इसलिए इस बजट ने सारा फायदा कारपोरेट और अपर मिडिल क्लास को दिया है। यह बजट पूरी तरह जन विरोधी, किसान विरोधी और ग्रामीण व शहरी जनता विरोधी है। मनरेगा के तहत बजट को पिछले साल के 73,000 करोड़ से घटाकर सिर्फ 60,000 करोड़ कर दिया गया है जो कि पिछले 4 साल की तुलना में सबसे कम है। लोगों को उम्मीद थी कि बेरोजगारी की चुनौती से निपटने के लिए मनरेगा के तहत बजट बढ़ाया जाएगा और शहरी बेरोजगारी को पूरा करने के लिए भी कुछ बजट दिया जाएगा। किसानों को एमएसपी का क्या कहना पीएम किसान सम्मान निधि के तहत भी राशि नहीं बढ़ाई गई है। सिंचाई और अन्य कृषि बुनियादी ढांचे के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जहां तक किसानों के लिए क्रेडिट फंड की बात है, तो 18 लाख करोड़ से 20 लाख करोड़ तक सिर्फ 2 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति में, यह बिल्कुल भी वृद्धि नहीं है। 10 लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय भी कॉरपोरेट्स को लाभ पहुंचाने के लिए है क्योंकि इसे एयरपोर्ट और हेलीपोर्ट के विकास पर खर्च किया जाना है। जहां तक कौशल विकास योजना का संबंध है, जो पारंपरिक कारीगरों जैसे कुम्हार, बढ़ई और लुहार आदि की मदद करने का दावा करती है, वह वास्तव में बहुत छोटी है और इससे उन्हें ज्यादा मदद नहीं मिलने वाली है। दूसरी ओर इसका मतलब सिर्फ बीजेपी के चुनावी लोकलुभावनवाद की सेवा करना है। नया आयकर ढांचा मुख्य रूप से कर्मचारियों और आम मध्यम वर्ग के बजाय उच्च मध्यम वर्ग की मदद करने वाला है।

## संक्षेप

### कानपुर ने जमशेदपुर को 6 विकेट से हरा अगले चक्र में किया प्रवेश


खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि

**म्योरपुर।** खेल मैदान पर चल रहे 19 वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का मैच कानपुर व जमशेदपुर के बीच खेला गया। टास कानपुर की टीम ने जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर जमशेदपुर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। जमशेदपुर ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 146 रन बनायी। जमशेदपुर के बल्लेबाज सत्यम ने नाबाद 47 बाल पर 62 रनों की पाली खेली। 146 रनों का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने 15 ओवरों 4 विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा आसानी से कर लिया। कानपुर की ओर से जितेश ने 19 गेंद में 49 रनों की आतिसी पारी खेली व राहुल तिवारी 35 व आलोक ने 33 रन बनाये। जमशेदपुर की ओर से पंकज ने 26 रन देकर दो विकेट लिया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये जितेश को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। निर्णायक की भूमिका रंजीत जायसवाल व शमशाद अली ने निभायी।

### फिटनेस जिम का एसडीएम ने किया उद्घाटन

**दुद्धी।** प्राचीन तालाब के पास शिवाजी फिटनेस जिम का बुधवार को उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इसके पूर्व जिम हाल में पंडित महेंद्र मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजन अर्चन किया गया। एसडीएम ने कहा कि इस तरह से फिटनेस जिम की व्यवस्था आस पास नहीं है। यहां पर आम लोग इसका फायदा उठाकर अपना शरीर स्वास्थ्य फिटनेस रखेंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर से ही सभी तरह के बीमारियां समाप्त होती हैं और शरीर पूरी तरह से स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जिम करना लाभदायक है। इस मौके पर मनोज मिश्रा, दिलीप पांडे, मनीष जायसवाल, गोरखनाथ अग्रहरी, आशीष जायसवाल, कौशल जौहरी आदि मौजूद रहे। प्रबंधक मुकेश कुमार और चुन्नू ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### बीजेपी कार्यसमिति की बैठक आज

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिती की बैठक 2 फरवरी को जिला कार्यालय पर आयोजित की गयी है। बैठक में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक मे सभी जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिती सदस्य, मण्डल प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, प्रदेश व क्षेत्र पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिती सदस्य, मोर्चा के जिलाध्यक्ष/महामंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक समेत तमाम पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दी।

### गैंगस्टर आरोपी की 6.50 लाख की सम्पत्ति कुर्क

**दुद्धी।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में गैंगेस्टर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित आरोपी हुकुम चन्द्र मौर्या पुत्र स्व. राज कुमार निवासी, ग्राम रजखड़ के विरुद्ध 14(1) की कार्रवाई करते हुए अभियुक्त उपरोक्त द्वारा बालू का अवैध खनन का अपराध कारित करते हुए अर्जित अवैध धन से क्रय किया गया ट्रैक्टर, एक बाइक कुल अनुमानित कीमत 6.50 लाख रुपये की संपत्ति को जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में नियमानुसार कुर्क किया गया।

### बार एसोसिएशन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कल

**दुद्धी।** दुद्धी बार एसोसिएशन संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह तीन फरवरी को पूर्वाहन 11 बजे बार सभागार में आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामपाल जौहरी एडवोकेट ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि एमएलसी विनीत सिंह तथा बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सदस्य अरुण कुमार त्रिपाठी समारोह अध्यक्ष होंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज कर दी गई।

### बोलेरो से आठ किलो 200 ग्राम गांजा बरामद: एक बंदी

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक बोलेरो से 8 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर मौके से मनोज विश्वकर्मा पुत्र श्यामनरायन निवासी अमौलिया, रावर्ट्सगंज को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस ने संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

### गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करायें चेकडैमों का निर्माण: डीएम



**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वर्षा जल संरक्षण/रिचार्ज की महत्ता के दृष्टिगत शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूपटाप रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत वर्षा के जल संरक्षण व रिचार्ज की महत्ता के दृष्टिगत शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली जाये, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना बड़े-बड़े संस्थान जहां पर अब तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं है, उन स्थलों के लिए कार्ययोजना बना ली जाये। कलेक्ट्रेट परिसर में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को स्थापित करने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार कर ली जाये। जनपद के उन तालाबों का गहरीकरण व जीर्णोद्धार का प्रस्ताव बनाया जाये, जहां पर जहां पर नदियों या नहरों के माध्यम से पानी तालाबों में पहुंच रहा हो, जिससे कि उस तालाब का पानी हमेशा रिचार्ज की स्थिति में बना रहें। उन्होंने चैकडेमों की स्थिति की जानकारी ली और सम्बन्धित को निर्देशित किया कि चैकडैम के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। इस मौके पर सीडीओ सौरभ गंगवार, अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप सिंह, विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## निजी आवास में चल रहा आपरेशन थियेटर,जांच में हुआ खुलासा

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के रामनगर वार्ड नंबर दस में एक किराए के मकान में आंख का ऑपरेशन थिएटर चलाये जाने खुलासा तब हुआ जब बुधवार को बिजली विभाग की टीम जांच करने पहुंची। देखा कि मीटर से कनेक्शन बाई पास था जब मकान के अंदर कर्मियों ने प्रवेश किया तो वहां मरीजों की लाइन लगी है और आंख का ऑपरेशन हो रहा है। और बड़ी-बड़ी मशीनें भी लगी हुई थी ,विद्युत कर्मियों ने बताया कि कनेक्शन को बाई पास कर घर के अंदर ऑपरेशन थियेटर चलाया जा रहा था। जब लोगों ने बिजली कर्मियों से बात की तो उन्होंने बताया कि हम लोग मीटर चेक करने आए थे तो देखा कि मुख्य केबल से बाईपास तार ले जाकर विद्युत उपभोग किया जा रहा है जिसे विद्युतकर्मियों तत्काल कटवा दिया गया फिर मकान स्वामी के द्वारा किसी बिचौलिए से विद्युत विभाग के कर्मचारियों को बात कराई गई तब जाकर तार विद्युत खंभे से जोड़ा गया। वही मकान के बाहर देखा गया कि मकान के भीतर काफी लोगों की भीड़ लगी थी,यही नहीं एक कार से डॉक्टर भी बाहर से आए हुए थे और मुंह पर मास्क लगाए हुए थे। विद्युत कर्मियों बिजली काटकर तुरंत कनेक्शन जोड़ना रामनगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## टिपर से कुचलकर चार वर्षीय मासूम की मौत


रोते बिलखते परिजन

हादसा

### ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर दुद्धी हाथीनाला मार्ग पर लगाया सांकेतिक जाम

### पुलिस के आश्वाशन पर माने लोग

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के बीडर गांव में दोपहर आंगनबाड़ी स्कूल से पढ़कर अपने घर जा रहे एक चार वर्षीय बालक की टिपर से कुचलकर मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद घरवालों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने टिपर को पकड़ लिया और कार्रवाई व मुआवजे की मांग को लेकर दुद्धी-हाथीनाला मुख्य मार्ग जाम कर दिया जिससे सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर व कार्रवाई का आश्वाशन देते हुए सड़क खाली कराया और यातायात बहाल कराते हुए मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस वाहन को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। प्रधान सुरेश चन्द ने बताया कि चार वर्षीय आदित्य कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी 1 वार्ड बीडर आंगनबाड़ी स्कूल से नित्य की भांति पढ़कर अपने घर वापस लौट रहा था कि हाथीनाला की तरफ से दुद्धी की ओर आ रही टिपर वाहन की चपेट में आ गया ,टिपर ने पीछे से बालक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजन घंटो घर पर दहाड़े मार कर रोते रहे। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि बालक के पिता संजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### बाइक से गिरकर एक की मौत

**रामगढ़।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में कसारी मोड़ के पास अनियंत्रित बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आस पास के लोगों ने उपचार के लिए पीएचसी चतरा में भर्ती कराया, जहां देखते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना दोपहर की है। बताया गया जितेन्द्र कुमार 16 पुत्र संतोष कुमार गोड़ निवासी कसारी अपने घर से पल्सर बाइक से कही जा रहा था, इसी बीच कसारी मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे जितेन्द्र को गंभीर चोटें आयी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चतरा ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### अधिक फेरा लगाने के लिए तेज गति से दौड़ते हैं वाहन

**दुद्धी।** बालू साइटों पर एक ही परमिट पर ज्यादा से ज्यादा चक्कर लगाने के लिए सड़क पर टिपर चालक तेज गति वाहन दौड़ा रहे हैं। इस कारण हरदम दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टिपर तेज गति का एक मासूम भेंट चढ़ गया। लोगों ने दुद्धी कस्बा समेत रजखड़ घाटी तक वाहनों की स्पीड निर्धारित करने की मांग जिला प्रशासन सेकरते हुए जगह जगह गतिवरोधक लगवाने की भी मांग की है।

## एनटीपीसी सिंगरौली में अभिनंदन समारोह आयोजित

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली से जनवरी माह में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी गीत से हुई। बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली एवं सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों राम नरेश मिश्रा, ऐश हैंडलिंग विभाग, जोसेफ वी. टी, ऑपरेशन विभाग, राधेश्याम विश्वकर्मा, ईंधन प्रबंधन विभाग को पुष्पगुच्छ एवं फूल माला से अभिनंदन किया गया। कार्यकारी निदेशक ने सभी कर्मचारियों के लिए उत्कृष्ट योगदान में सहयोग एवं समर्पण के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवार जनों को भी धन्यवाद दिया। सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से स्वस्थ रहने और सामाजिक कार्यों में अधिक योगदान देने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर एसके खरे, प्रबोध कुमार, अशोक कुमार सिंह, जोसफ बास्टियन समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। नरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ब्लॉक प्रमुख ने साप्ताहिक बाजार का किया उद्घाटन


फीता काटकर बाजार का उद्घाटन करते ब्लॉक प्रमुख

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** क्षेत्र के पड़री गांव में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ व प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर साप्ताहिक बाजार का उद्घाटन किया। बता दें कि प्रत्येक बुधवार को शिव मंदिर के पास साप्ताहिक बाजार लगेगा। इस स्थान पर कई दशकों से बसंत पंचमी को मेला लगता आ रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि गाँव व आस पास के लोगों को रोजगार, छोटे किसान को गांव में ही सब्जी बेचकर जीविकोपार्जन का अवसर मिलेगा। इस मौके पर प्रेमचंद यादव, करोड़पतिया देवी, सुभाष चंद्र यादव, दीनबंधु यादव, सुखमनिया देवी,अशोक यादव, जमुना यादव, सीता गुप्ता, विनोद यादव, वीरेंद्र, पवन कामेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गांव चलो अभियान को मिल रहा समर्थन

बोले घनश्याम खरवार

### बसपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिलास्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बी सागर की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि घनश्याम चंद्र खरवार मुख्य जोन इंचार्ज फैजाबाद प्रयागराज मिजार्पुर मंडल, अमरेंद्र बहादुर भारतीय मुख्य जोन इंचार्ज प्रयागराज, राजू गौतम, विशिष्ट अतिथि पन्नालाल मंडल प्रभार, सत्यनारायण जैसल मंडल प्रभारी मिजार्पुर मंडल/ पूर्व विधायक, निशांत कुशवाहा, राम विचार गौतम, संजय गौड़ मंडल प्रभारी मिजार्पुर मंडल रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि बसपा पार्टी ही नहीं एक विचारधारा है, विचारधारा कभी मरती नहीं। संतो, महापुरुषों द्वारा चलाए गए विचारधारा को बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में आगे बढ़ा जा रहा है, जो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नीतियों पर आधारित है। बहन जी के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के तहत जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अमरेंद्र बहादुर भारतीय ने कहा कि वर्तमान मे चल रही भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार देश की जनता के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है, जो धर्म जाति मजहब के मुद्दों में उलझा करके बेरोजगारी जैसी समस्या को उत्पन्न कर रही है। चारों तरफ भ्रष्टाचार, अत्याचार, बलात्कार, बेरोजगारी, भुखमरी बढ़ती जा रही है। बसपा सरकार में तरह तरह की योजनाओं को चला कर सभी जाति धर्म के लोगों को लाभ पहुंचाया गया था। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बसपा शासनकाल में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त हुआ करती थी।

अपराध पर नकेल रहता था, गुंडे, माफिया कोसों दूर भागते थे। बैठक में अविनाश शुक्ला, प्रेमनाथ गौतम, जमुना चौधरी, परमेश्वर भारती, शिव कुमार गौड़, विक्रम पटेल, अवधेश विश्वकर्मा, भगवानदास भारती, चुनमुन प्रधान, अनिल मौर्या, धर्मेंद्र भारती, शंकर प्रसाद, ओपी मौर्या, लक्ष्मण भारती, फूल मोहम्मद समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वहीं रामअवतार चौहान को जिला महासचिव, बलवंत रंगीला को जिला आईटी सेल मीडिया प्रभारी, अमन मौर्य को जिला कार्यालय प्रभारी, मुन्ना लाल भारतीय जिला विधानसभा सचिव, बाबूलाल गुप्ता को जिला विधानसभा सचिव बनाया गया।

## अपने मूल्यों से समझौता नहीं करती कंपनी: एन नागेश

कार्यक्रम

### गुब्बारे उड़ाकर हिण्डाल्को में वैल्यूज मंथ का हुआ आगाज

**रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह द्वारा एबीजी वैल्यूज की 17वीं वर्षगांठ का आगाज बुधवार को हिण्डाल्को मुखिया एन. नागेश ने मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गुब्बारे उड़ा कर किया। इसके उपरांत प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नागेश ने कहा कि हमारी कम्पनी विगत 60 से भी अधिक वर्षों से निरंतर आगे बढ़ रही है क्योंकि हम सभी कभी अपने मूल्यों से समझौता नही करते और अपने परिवार व समूह के वैल्यूज को सदैव अपने मन में रखकर ही कोई कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें आगे आने वाले कई वर्षों तक इसी प्रकार प्रगति पथ पर निर्बाध आगे बढ़ने के लिए अपने मूल्यों से आगे बढ़ कर सोचना और करना होगा। उन्होंने कहा कि आदित्य बिड़ला समूह के मूल्यों में स्पीड का एक विशेष महत्व है और हमें हर कार्य में अपनी दक्षता व गतिशीलता को और बढ़ाना होगा। जसबीर सिंह ने कहा कि केवल कम्पनी में कार्यरत कर्मचारी ही नही अपितु उनके परिवारों को भी इस वैल्यूज मंथ के विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ कर उन्हें भी मूल्यों के प्रति और जागरुक करना होगा। इस अवसर पर एन.एन. राय, जे.पी. नायक, सुनील बैलवार, बी.जे. एलेक्जेंडर, निलेश कौल, उज्वल केश, विनोद ठाकुर आदि मौजूद रहे। परनीत सिंह के धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि पूरे महीने के दौरान कम्पनी के महिला अधिकारियों के साथ आविष्कार सेसन व बैज वितरण, वैल्यू आधारित क्वीज, लघुनाटिका, वैल्यू नैरेटर व वैल्यू लीडर्स, वर्कमेन के लिए स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जायेंगे। संचालन उदय प्रसाद ने किया।

## सोनांचल बार के चुनाव कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**ओबरा।** स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार को पर्चा बिक्री के साथ सोनांचल बार एसोसिएशन के चुनाव कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। इस दौरान तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्य चुनाव अधिकारी अवधेश अग्रवाल एवं कमलेश यादव व कौशल पांडेय सहायक चुनाव अधिकारी द्वारा पर्चा विक्रय किया गया। पहले दिन कुल 11 पर्चो की बिक्री हुई। जिनमें अध्यक्ष पद हेतु कुल दो पर्चे क्रमशः कपूरचंद पांडे एवं अर्जुन शर्मा तथा महामंत्री पद हेतु कुल दो पर्चे क्रमशः प्रभास पांडे एवं दिनेश दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु कुल एक पर्चा अनिल कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष पद हेतु कुल 2 पर्चे 10 वर्ष से ऊपर क्रमशः राजेश गौतम, सुरेंद्र कुमार जौहरी, उपाध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष से नीचे कुल एक पर्चा अनुज त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद हेतु कुल दो पर्चे क्रमशः सुशील कुमार पांडे एवं अशोक कुमार पाठक तथा पुस्तकालय मंत्री हेतु एक पर्चा अमित उपाध्याय द्वारा क्रय किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार तीन फरवरी तक पर्चा बिक्री का क्रम जारी रहेगा।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी राम आधार को तीन वर्ष की कैद,10 हजार जुर्माना

सजा

### 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ का मामला

जनसंदेश न्यूज



**सोनभद्र।** साढ़े पांच वर्ष पूर्व घर में घुसकर 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

वहीं कोर्ट ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अर्थदंड की समूची धनराशि 10 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 अक्तूबर 2017 को थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 2 सितंबर 2017 को रात्रि करीब 9 बजे जब वह अपने खेत पर चला आया था और उसकी 14-15 वर्षीय नाबालिग बहन घर पर अकेली थी। उसी समय शाहगंज थाना क्षेत्र के बरसोत गांव निवासी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव पुत्र शिव शरण यादव उसके घर में घुस गया और उसकी नाबालिग बहन के साथ उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जब उसकी बहन चिल्लाने लगी तो शोरगुल की आवाज सुनकर उसकी चाची व वह खुद आ गया। तब तक राम आधार यादव व उसके दो अन्य साथी जो दरवाजे पर खड़े थे धमकी देते हुए भाग गए। दूसरे दिन सुबह भी उसे जान मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# बेहतर शिक्षा व चिकित्सा सेवाओं का प्रावधान नहीं


धर्मेन्द्र तिवारी


सत्यनारायण राजभर


डा. सुनील कुमार मौर्य।


घनश्याम प्रधान।


संतोष कुमार पाठक।


अभिमन्यु सिंह।

**जनसंदेश न्यूज**

**आम बजट**

**सत्ता पक्ष ने सराहा व विपक्षी दलों ने बताया हवाहवाई**

**चंदौली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को संसद में आम बजट-2023 पेश किया। सरकार ने बजट देश की तरक्की के साथ ही सर्वजन के लिए हितकारी बताया। वहीं विपक्षी राजनीतिक दलों ने बजट सपना दिखाने वाला हवाहवाई करार दिया। कहा कि बजट में बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई को नियंत्रित करने के कोई बंदोबस्त नहीं किए गए है ना ही बेहतर शिक्षा व चिकित्सा सेवाओं के लिए कोई प्रावधान आम बजट में देखने को मिला। बजट-2023 को कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मोदी सरकार का बजट हवाहवाई करार दिया। कहा कि यह बजट सरकार ने उद्योगपति अडानी को अमीरों की सूची में नंबर एक पर लाना है। जो पिछले दिनों रैंकिंग में दसवें नंबर पर आ गए हैं। इस बजट में किसानों, मजदूर, युवा, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई के नियंत्रण का कोई रास्ता नहीं दिख रहा है। मध्यमवर्गीय लोगों के लिए सरकार ने बजट में कुछ भी नहीं किया है। सपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि यह बजट झूठ का पुलिंदा है। इस बजट से आम आदमी के स्थितियों में कोई सुधार होने वाला नहीं है। खाने की समस्या देश में नहीं है सिर्फ 5 किलो राशन देकर अगर सरकार इसे देश की तरक्की समझती है तो जनता को यह बात समझनी होगी कि भारत विकासशील देशों की सूची से भी बाहर हो गया है। बसपा के कोऑर्डिनेटर घनश्याम प्रधान ने कहा कि यह बजट झुनझुना मात्र है। सरकार इस बजट के जरिए सपनों का महल बनाकर आमजन का सपना दिखाने का काम कर रही है। इससे आमजन का कोई लाभ नहीं है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है। देश के स्कूलों को सुधारने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चों को सस्ती व गुणवत्ता युक्त शिक्षा और बेहतर चिकित्सा सेवा कैसे मिले? इसका कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया है। अधिवक्ताओं के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। यह बजट देश के छात्रों, बेरोजगारों, किसानों, नौजवानों व गरीबों के लिए मुश्किलें लेकर आएगा।

जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. सुनील कुमार मौर्या ने कहा कि बजट में आम आदमी के हितों का ध्यान नहीं रखा गया है। प्रति व्यक्ति आय और रोजगार के अवसर कैसे सृजित होंगे। सरकार ने इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया है। इसके अलावा दैनिक उपयोग की वस्तुओं को आम आदमी की पहुंच में लाने का भी कोई प्रयास नहीं किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि यह बजट देश के विकास और गरीबों के हित वाला बजट है। इससे सभी वर्ग की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के साथ-साथ सभी के विश्वास को कायम रखते हुए बजट पास किया है। यह निश्चित तौर से लोगों को राहत देने वाला और देश को मजबूती प्रदान करने वाला बजट साबित होगा।

## संक्षेप

### क्रिकेटः उद्घाटन मैच में हसनपुर ने रमौली को हराया


चहनियां खेल ग्राउंड पर फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डा. राजेन्द्र प्रताप सिंह।

**चहनियां।** कस्बा स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल पर बुधवार को भगवन्ती देवी स्मरणीय अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगीता का आयोजन हुआ। क्रिकेट मैच का उद्घाटन मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के संस्थापक प्रबंधक डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। उद्घाटन मैच रमौली व हसनपुर के बीच खेला गया, जो 10 ओवर का हुआ। जिसमें हसनपुर की टीम ने रमौली को सात विकेट से हराया। हसनपुर ने 122 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाया व रमौली 116 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाया। मैन आफ द मैच हसनपुर टीम के कल्लू को मिला जो 57 रन बनाकर 2 विकेट लिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्थापक डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हर तरह के खिलाड़ी प्रतिभाग करते है। हारने वाली टीम जीतने वाली टीम से महज कुछ कदम पीछे रहते है। टीम को पुनः प्रयास करना चाहिए। इस दौरान अजीत सिंह, रवि सिंह, अनुज सिंह, सोनू सिंह, महीप कुमार, छोटू सिंह, मनीष कुमार, अमन चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान, कृष्णा अंकित दूबे, आनन्द कुमार आदि लोग उपस्थित थे। संचालन लक्की खान ने किया।


जन चौपाल में स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी देते विधायक रमेश जायसवाल।

### गांव में ग्रामीणों को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

**नियामताबाद।** ग्राम सभा डहीया में जिला प्रशासन चला गांव की ओर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने साथ ही सड़क का शिलान्यास भी किया। इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि पहली बार जन चौपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के गरीब जनता के पास पहुंचे इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जितने भी कल्याणकारी योजनाएं हैं यह आप तक पहुंचे इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा चुके है। इसके बावजूद अगर आपको लगता है मुझे योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है तो आप सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं सरकार जन चौपाल के माध्यम से यह बताना चाहती है गांव की जनता यह समझ लें कि योजनाओं का लाभ कैसे मिलता है? इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, मनोज यादव, संजय कन्नौजिया, श्याम भारती, विनोद यादव, संजय पासवान महेश जायसवाल मौजूद रहे।

# विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का आगाज


कलेक्ट्रेट से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम।

**चंदौली।** लाइन लास को कम करने एवं उपभक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु एक से 15 फरवरी तक विद्युत उपभोक्ता पहचान एवं समाधान पखवाड़ा आयोजित होगा। इसका शुभारंभ बुधवार को जिलाधिकारी ईशा दुहन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र एवं विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विद्युत उपकेंद्र से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान एडीएम ने बताया कि विद्युत उपभोक्ता व पहचान पखवाड़े में सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जनपद के विभिन्न ग्रामों, विद्युत उपकेंद्रों पर कैंप लगाकर सूचना अपडेट की जाएगी तथा नए संयोजन के लिए जागरूक किया जायेगा। साथ ही मौके पर विद्युत से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया जायेगा।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का फरार चल रहा आरोपी

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कैली रोड के समीप दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी करन कुमार, मुस्तफापुर गांव निवासी बताया जा रहा है। बताते हैं सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के परिजनों ने एसपी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई थी। बताया था कि मुस्तफापुर के करन कुमार ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर-के आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई, लेकिन आरोपी को मामले की भनक लगने के बाद वह गांव से फरार हो गया। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा युवक कैली रोड के समीप मौजूद है, जो भागने के चक्कर में हैं। ऐसे में सदर कोतवाली में तैनात कोतवाल राजीव सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंच आरोपी को दबोच लिया। इस दौरान सदर कोतवाल राजीव सिंह, अरविंद यादव, सहिपाल यादव, रामदरश यादव शामिल रहे।

# सबको समृद्ध व सशक्त बनाएगा अमृत काल का पहल बजट : डा. महेंद्रनाथ



**चंदौली।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय ने सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट-2023 की सराहना की। कहा कि बजट-2023 अमृत काल का यह पहला और क्रांतिकारी बजट है। यह आम जनमानस के उम्मीदों का बजट है, जिसके मूल में अंत्योदय की भावना प्रदर्शित हो रही है। यह बजट बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं, युवा सहित समाज के सभी वर्गों का बजट है। इस बजट में कृषि, उद्योग, मेडिकल, शिक्षा सभी क्षेत्रों को समान लाभ मिला है।

कहा कि चाहे छात्र हों या युवा, महिला हो या किसान, उद्यमी हो या मजदूर सभी वर्गों को बजट से फायदा होगा। सबसे बड़ी राहत सात लाख तक के आय पर मध्यम व नौकरीपेशा लोगों मिलेगी। इसके साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट बढ़ाया गया है। यह एक अच्छा प्रयास है, जिससे लोगों को अब ज्यादा से ज्यादा आवास मिल सकेगा और उनके घर का सपना पूरा होगा। कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय के लिहाज से भी यह बजट भविष्योन्मुखी है। ग्रीन एनर्जी को ध्यान में रखे हुए भारी उद्योग मंत्रालय के लिए फेम स्कीम का बजट 2908 करोड से 5172 करोड की स्वीकृति दी गई है। वहीं कैपिटल गुड का बजट 200 करोड़ से 250 करोड़ कर दिया गया है। जाहिर है आज ग्रीन ऐनर्जी का जमाना है और युवा भी इस ओर आकर्षित हो रहे हैं। लीथियम बैटरी पर टैक्स कम करने के साथ ही पुरानी कार स्क्रैप पालिसी से न केवल आटो सेक्टर में उत्पाद बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उम्मीद है कि अमृतकाल का पहला बजट सभी वर्गों को समृद्ध और शसक्त बनाएगा।

### मध्यम व नौकरीपेशा लोगों को मिली राहतः रमेश जायसवाल



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि यह पूरा बजट कल्याणकारी है इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में गरीब, मध्यम वर्ग के साथ-साथ महिलाओं, व्यापारियों, किसानों व नौकरी पेशा लोगों को सरकार ने राहत पहुंचाई है। भारत के प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री ने यह लोकलुभावन बजट जारी कर सराहनीय कार्य किया है। आम बजट में इनकम टैक्स की दरें पांच से बढ़ाकर सात लाख कर दी गई है जिससे मध्यम और नौकरीपेशा एवं पेंशनभोगी लोगों को फायदा होगा यह सरकार का सराहनीय कदम है।

# बच्चों से भरी स्कूली वैन नहर के समीप पलटी

**हादसा**

**विद्यालय पहुंचे नाराज अभिभावकों ने किया जमकर हंगामा**

**जनसंदेश न्यूज**


चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घटना की जानकारी लेते एसडीएम व सीओ।


घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त करते एसडीएम।

**सकलडीहा।** थाना क्षेत्र के रानेपुर स्थित ग्रीन वैली कान्वेंट स्कूल की वैन इटवा नहर के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें 13 स्कूली बच्चे सवार थे। घटना के बाद वैन ड्राइवर उसी हालत में वैन छोड़कर फरार हो गया। विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों को सूचना देने तक कि जरूरत नहीं समझी। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम मनोज पाठक व सीओ राजेश राय ने अपने वैन से सभी बच्चों चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। अभिभावकों को सूचना न देने पर नाराज होकर विद्यालय में हंगामा मचा दिया।

स्कूल के प्रिंसिपल सहित कई अन्य कर्मचारी फरार हो गये। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। क्षेत्र के रानेपुर स्थित ग्रीन वैली कान्वेंट स्कूल में इटवा गांव के दर्जनों बच्चे पढ़ते है। बुधवार की सुबह स्कूल वैन गांव से बच्चों को लेकर विद्यालय के लिए रवाना हुआ। रास्ते में इटवा नहर के पास वैन अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें सवार 13 बच्चे वैन सहित पलट गए और उसमें सवार बच्चे चींखने-चिल्लाने लगे। यह देख ड्राइवर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। मौके पर उपजिलाधिकारी मनोज पाठक व क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने अपने वाहन से घायल बच्चों को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जिसमें 11 वर्षीय आयुशी पाण्डेय, 10 वर्षीय सीता पाण्डेय, 9 वर्षीय लक्ष्मी पांडेय, 8 वर्षीय प्रित पांडेय, 9 वर्षीय कृष्णानंद पांडेय, 10 वर्षीय यश पांडेय, 10 वर्षीय आकांक्षा मौर्या, सात वर्षीय हिमांशु मौर्या का इलाज चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। वह अन्य बच्चों को उनके अभिभावक ले गये। बच्चों के साथ पहुंचे एसडीएम ने बच्चों से बात किया। उन्हें सांत्वना दी। घटना की जानकारी विद्यालय प्रबंधन द्वारा न दिये जाने पर विद्यालय पर अभिभावक पहुंचे तो कुछ कर्मियों द्वारा अभिभावकों संग बदसलूकी करने पर अभिभावकों ने जमकर हंगामा मचाया। हंगामा देख विद्यालय के प्रिंसिपल व अन्य कर्मी भी फरार हो गए। अभिभावकों व बच्चो का आरोप है कि वैन ड्राइवर नशे में धुत होकर वाहन चला रहा था। ऊपर से वाहन में बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाया गया था। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे सुरक्षित है किसी को कोई चोट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है। दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। सीओ सकलडीहा राजेश कुमार राय ने क्षेत्र के सभी स्कूली वाहनों की जांच करायी जायेगी। बगैर परमिट व चालकों को स्कूली वाहन लेकर जाने पर कार्रवाई किया जायेगा।

# रेडिमेड कपड़े की दुकान में आग लगने से लाखों का सामान खाक

**जनसंदेश न्यूज**


कपड़े की दुकान में आग लगने की जानकारी लेती चैकी पुलिस मौके पर जुटी भीड़।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के नई बाजार कस्बा में किराए पर पिपरी गांव निवासी विकास राय की रेडिमेड कपड़े की दुकान है। मंगलवार को दुकानदार दुकान बंद करके घर चला गया था। अज्ञात कारणों से दुकान में आग लगने से करीब चार से पांच लाख की कपड़ा सहित पन्द्रह सौ नगदी जलकर खाक होगया। सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदार परेशान होगया। मौके पर पहुंची नईबाजार चैकी प्रभारी घटना का मुआयना किया। तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुट गये।

नई बाजार कस्बा में सकलडीहा सैयदराजा मार्ग पर अमर कटरा में पिपरी निवासी विकास राय की कपड़े की दुकान है। मंगलवार को शाम दुकानदार विकास राय दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात अज्ञात कारण से आग लगने से उसमें रखा रेडिमेट कपड़ा, साड़ी सहित काउंटर व करीब पन्द्रह सौ रूपया जलकर राख हो गया। दुकान से धूंआ निकलते देख ग्रामीणों ने दुकानदार को सूचित किया। आनन फानन में दुकान मालिक दुकान का शटर खोल तो देखा कि उसमें रखा का पूरा सामान धू धूकर जल रहा था। ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया । तब तक सारा सामान राख हो गया था। घटना को लेकर दुकानदार सहित परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था। इस बाबत चैकी प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहा ने बताया शार्ट सर्किट के कारण रेडिमेड कपड़े की दुकान में आग लग गयी है। जिसका तहरीर दुकानदार द्वारा दिया गया है।

# सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के लिए किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

**चहनियां।** क्षेत्र के कैली स्थित राम जानकी मंदिर पर भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी के नेतृत्व में सनातन समाज द्वारा रामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर नाराजगी व्यक्त कर बुद्धि शुद्धि यज्ञ किया। इस दौरान भगवान परशुराम के मंदिर के लिए भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान निंदनीय है। सपा नेता मौर्या समाज को नहीं मानते हैं। उनके बयान से करोड़ों हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंची है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने राम चरित मानस पर अमर्यादित टिप्पणी कर देश के हिंदू समाज को आघात पहुंचाने का काम किया गया है। करोड़ों लोगों की आस्था राम चरित मानस में है। सपा नेता ने अपने मुखिया पूर्व सीएम अखिलेश यादव के इशारे पर ऐसा बयान दिया है। जिसका हिंदू समाज मुंहतोड़ जवाब देगा। ऐसे नेताओं से सभी को सतर्क रहना चाहिए। यह समाज को तोड़ने का काम करते हैं। समाज में नफरत फैलाकर सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रहे हैं। रामचरित मानस सनातन समाज का महाग्रंथ है। स्वामी प्रसाद मौर्या केवल मुस्लिम मतों के लिए बेतुका बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम हम लोगों के आदर्श हैं। रामचरित मानस पर इस प्रकार के बयान देने वाले को भारत की जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर कुंज बिहारी पाण्डेय, संजय पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय, सितांशु सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, विनोद उपाध्याय, विनय तिवारी, दुर्गा पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, विनय तिवारी, बबलू सिंह, मोनू पाण्डेय, संतोष शर्मा सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# सैयदराजा चेयरमैन के सराफा की दुकान में चोरी

**मचा हड़कंप**

**सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी व सीओ**


चोरी के बाद सरार्फा की दुकान में जांच-पड़ताल करती पुलिस टीम।

**सैयदराजा।** चेयरमैन विरेंद्र जायसवाल की सरार्फा की दुकान में मंगलवार की रात हौशला बुलंद चोरों ने सेंध लगा कर लाखों के जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब दुकान संचालक दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर का नजारा देख सन्न रह गया और तत्काल घटना की जानकारी दुकान स्वामी को दी। मौके पर पहुचे चेयरमैन विरेन्द्र जायसवाल ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दिया। घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर आगे की कार्यवाही में जुट गए।

उधर, चोरी की घटना को लेकर नगरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार निवर्तमान चेयरमैन विरेंद्र जायसवाल की मुख्य बाजार रेलवे क्रासिंग के समीप ठाकुर बाड़ी परिसर के अगले हिस्से में सरार्फा की दुकान है। दुकान पर चेयरमैन विरेंद्र जायसवाल के बड़े भाई अवधेश जायसवाल स्थाई रूप से बैठते हैं तथा चेयरमैन विरेंद्र जायसवाल रोज की भांति देर शाम दुकान बंद कर अपने घर चले गए। उधर रात्रि में चोर ठाकुर बाड़ी परिसर की तरफ से दुकान के पीछे लकड़ी के दरवाजे को तोड़कर अंदर वाली देवाल में सेंध लगा कर दुकान में घुस गए तथा दुकान के अंदर रखे दोनों तिजोरी व बगल के कमरे में रखे एक तिजोरी को कटर द्वारा काटकर सभी आभूषण व नकदी लेकर कर फरार हो गए।

मौके पर फॉरेन्सिक टीम व डॉग स्क्वाड पहुँच व पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है। मौके को देखने चंदौली एसपी भी पहुंचे। उधर, चोरी की घटना को लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सैयदराजा में सरार्फा की दुकान में दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रथम दृष्टया लॉकर काटने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस की स्वाट सर्विलांस, डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक की टीम जांच में लगी है। साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।

# सब्जी-फल उद्यान के बाबत किसानों को दी जानकारी


उद्यान विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित वैज्ञानिक व अधिकारी।

**चंदौली।** उद्यान विभाग की ओर से बुधवार को एपीडा के सहयोग से फल, शाकभाजी निर्यात हेतु मानक आधारित उत्पाद करने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले 30 से अधिक कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र चन्दौली के डा.एसके सिंह द्वारा मशरूम उत्पादन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। डा. एसके सिंह द्वारा जैविक शाकभाजी की खेती संबंधी विशिष्ट जानकारी देते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कृषकों का आह्वान किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दिनेश कुमार द्वारा निर्यात योग्य शाकभाजी फल उत्पादन को तकनीक संबंधी जानकारी दी गयी। सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक अभिलाष शाह द्वारा कृषकों को वित्तीय सहायता व ऋण देने हेतु आश्वासन देते हुए निर्यात हेतु प्रोत्साहित किया गया। एपीडा क्षेत्रीय कार्यात वाराणसी से आये आनन्द झा द्वारा निर्यातक बनने हेतु आवश्यक अभिलेख के बारे में विस्तृत जानकारी हुए कृषकों को एफपीओ से जुड़कर निर्यात करने की सलाह दी। कार्यक्रम में रमेश सिंह, अजय सिंह द्वारा एपी माध्यम से नासिक भ्रमण संबंधी अनुभव कृषकों को साझा करते हुए निर्यात संबंधी मानकों की चर्चा गयी तथा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी से जुड़ने का अनुरोध किया गया।

# स्पोर्ट्स

## एलेक्जेंडर ज्वेरोव पर लगे घरेलू उत्पीड़न के आरोप झूठे, नहीं मिला कोई सबूत



**लंदन।** जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरोव को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि पुरुष पेशेवर टूर एटीपी ने कहा है कि उनके खिलाफ घरेलू उत्पीड़न के आरोपों की जांच में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। एटीपी ने अक्टूबर 2021 में जांच शुरू की थी जब ज्वेरेव की पूर्व प्रेमिका ओलिया शेरीपोवा ने 2020 अमेरिकी ओपन उप विजेता पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। एटीपी ने बयान में कहा, विश्वसनीय साक्ष्यों और चश्मदीदों के बयान के आभाव तथा शेरीपोवा, ज्वेरेव और अन्य के विरोधाभासी बयानों के आधार पर जांच समिति उत्पीड़न के आरोपों को प्रमाणित करने या यह निर्धारित करने में असमर्थ थी कि एटीपी के नियमों का उल्लंघन हुआ। टोक्यो ओलंपिक में एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी 25 साल के ज्वेरेव ने हमेशा आरोपों से इनकार किया था।



# इंडिया ने दर्ज की अपने टी-20 इतिहास की सबसे बड़ी जीत

## न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया, सीरीज 2-1 से अपने नाम किया

**अहमदाबाद।** टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद में हुए सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन के स्कोर पर ऑलराउट हो गई। हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। पंड्या ने ब्लेयर टिकनर एक रन, लोकी फर्ग्युसन शून्य, ग्लेन फिलिप्स 2 रन और फिन एलेन 3 रन के विकेट लिए।

यह टी-20 क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत और न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी हार है। भारत का पिछला रिकॉर्ड 143 रन से जीत का था। टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी। भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।



### जीत के हीरो

1. **शुभमन गिल:** शुभमन गिल ने 126 रन की नॉटआउट पारी खेल कर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। उनकी पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 234 रन बनाए। इस विशाल टारगेट के सामने न्यूजीलैंड 66 रन ही बना सका।
2. **हार्दिक पंड्या:** भारत के कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 17 बॉल पर 30 रन बनाए। गिल के साथ 100 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप की। फिर बॉलिंग में महज 16 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। उन्होंने ही पहले ओवर में फिन एलन का विकेट लिया था।
3. **अर्शदीप सिंह:** अर्शदीप सिंह ने अपने स्पेल के दूसरे ही ओवर में 2 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर की पहली और आखिरी बॉल पर विकेट लिए। उनके ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 5 रन पर 3 विकेट हो गया था।

### गिल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड, टी-20 में भारत के टॉप स्कोरर बने

सीरीज के पहले दो मुकाबलों में फ्लॉप रहे गिल ने इस पारी में 63 गेंदों पर 126 रन की पारी खेली। उन्होंने 12 चौके और 7 छक्के जमाए। राहुल त्रिपाठी ने 44, कप्तान हार्दिक पंड्या ने 30 और सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाए। गिल टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट ने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रनों की पारी खेली थी।

## इंग्लिश लीग कप के फाइनल में पहुंचा न्यूकासल क्लब, साउथम्पटन को दी 2-1 से मात

**न्यूकासल।** सऊदी समर्थित स्वामित्व ने न्यूकासल क्लब में नई जान फूंकी जब टीम ने मौजूदा शताब्दी में पहली बार कप फाइनल में जगह बनाई और साथ ही मौजूदा सत्र में चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूनार्मेंट में क्वालीफाई करने की राह पर भी है। न्यूकासल ने मंगलवार को इंग्लिश लीग कप सेमीफाइनल के दूसरे चरण में साउथम्पटन को 2-1 से हराकर कुल स्कोर के आधार पर 3-1 से जीत दर्ज की। फाइनल में 26 फरवरी को न्यूकासल की भिड़ंत मैनचेस्टर यूनाईटेड से होने की उम्मीद है जो नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ पिछले हफ्ते पहले चरण के मुकाबले में 3-0 की जीत से अपनी स्थिति काफी मजबूत कर चुका है। दूसरे चरण का मुकाबला बुधवार को होगा। न्यूकासल ने 1976 के बाद पहली बार लीग कप फाइनल में जगह बनाई है जबकि टीम ने पिछली बार फाइनल मुकाबला 1999 में एफए कप में मैनचेस्टर यूनाईटेड के खिलाफ खेला था। टीम अभी प्रीमियर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और अगर सत्र का अंत शीर्ष चार में करती है तो चैंपियन्स लीग में जगह बना लेगी। एफए कप में ब्लैकबर्न ने दूसरे टीयर की अपनी साथी टीम बर्मिंघम को चौथे दौर के मुकाबले में 1-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उसका सामना लीसेस्टर से होगा। मैच का एकमात्र गोल आत्मघाती रहा जो बर्मिंघम के डिफेंडर ऑस्टन ट्रस्टी ने किया।



## सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी रैंकिंग में हासिल की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग, कुलदीप और चहल को भी हुआ फायदा

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार पहले स्थान पर काबिज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा ताजा जारी रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को जबरदस्त फायदा हुआ है। उन्होंने अपने टी20 करियर में सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए हैं। आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार पहले स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची में खेले गए पहले टी20 में 47 बनाए थे। इससे उनके रेटिंग पॉइंट्स 910 हो गए थे। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग थी।
इसके बाद लखनऊ में खेले गए दूसरे टी20 में सूर्या ने 26 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्हें टीम इंडिया को मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। इस कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना था। हालांकि, उन्हें दो रेटिंग पॉइंट्स का नुकसान हुआ और वह अब 908 हो गया है। सूर्यकुमार के पास अहमदाबाद में होने वाले तीसरे टी20 के दौरान इसे बेहतर करने का मौका होगा।
गेंदबाजों की बात करें तो भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव को फायदा हुआ है।



चहल को छह स्थान और कुलदीप को 54 स्थान का फायदा हुआ है। दोनों क्रमशः 34वें और 81वें स्थान पर आ गए हैं।

***फिन एलेन और डेरेल मिचेल भी आगे बढ़ें***

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी डेरेल मिचेल भारत के खिलाफ शुरूआती मैच में अपने नाबाद अर्धशतक के बाद नौ स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।
वनडे रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर की वापसी इस सप्ताह वनडे रैंकिंग में थोड़ा बदलाव हुआ। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी की। वह लंबे समय से चोटिल थे। वह रैंकिंग में 35वें स्थान से लौटे हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रसी वान डर डुसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है। बावुमा ने तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मैच के दौरान ब्लॉमफोन्टेन में शानदार शतक लगाया और वनडे य बल्लेबाजों की सूची में 27 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर आ गए। बाबर आजम अभी भी वनडे में शीर्ष पर काबिज हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर ने की शाहीन अफरीदी से बुमराह की तुलना, पहले भी बोला था 'बेबी बॉलर'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और शाहीन अफरीदी को लेकर अजीब बयान दिया है। अब्दुल रज्जाक ने कहा कि बुमराह से शाहीन अफरीदी बेहतर हैं। वह शाहीन के स्तर के करीब भी नहीं हैं। आपको बता दें कि जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी मौजूदा समय के सबसे घातक तेज गेंदबाजों में से एक हैं। बुमराह फिलहाल चोट के कारण बाहर हैं। वहीं, शाहीन अफरीदी भी काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। दोनों के बीच तुलना होती रहती है।
यह पूछे जाने पर कि नसीम शाह, हारिस रऊफ और शाहीन में से बेहतर कौन है? रज्जाक ने जवाब दिया कि तीनों अच्छे हैं। यह पहली बार नहीं है जब रज्जाक ने बुमराह को लेकर ऐसा बयान दिया है। इससे पहले 2019 में रज्जाक ने बुमराह को 'बेबी बॉलर' कहा था और दावा किया था कि अगर वह अभी भी खेल रहे होते तो भारतीय तेज गेंदबाज पर उनका दबदबा होता। रज्जाक ने तब क्रिकेट पाकिस्तान से कहा था, १मैं ग्लेन मैक्ग्रा और वसीम अकरम जैसे महान गेंदबाजों के सामने खेला हूं, इसलिए बुमराह मेरे सामने एक बेबी बॉलर हैं और मैं आसानी से उन पर हावी हो सकता था।



**पेज एक का शेष**

## ..आम चुनाव से पहले आयकर मोर्चे पर राहत....

(टियर दो और टियर तीन) में ढांचागत सुविधाएं तैयार करने के लिये शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष (यूआईडीआईएफ) बनाया जाएगा। बजट में ऊर्जा बदलाव यानी स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से कदम बढ़ाने और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिये 35,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत 4,000 मेगावॉट घंटा (एमडब्ल्यूएच) क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली को व्यावहारिक बनाने के लिये वित्त उपलब्ध कराया जाएगा।

लद्दाख से 13,000 मेगावॉट बिजली के पारेषण के लिये व्यवस्था तैयार करने को लेकर 20,700 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। सस्ते मकान उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यय 66 प्रतिशत बढ़कर 79,000 करोड़ किया गया है। बजट में बुनियादी ढांचे के तहत 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के तहत राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय बनाया जाएगा। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिये गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराना है। मूडीज इनवेस्टर सर्विस ने बजट के बारे में कहा, उच्च महंगाई और वैश्विक चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 के लिये कम राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सरकार की वित्तीय स्थिरता और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की प्रतिबद्धता को बताता है। वहीं वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक साल के लिए आगे बढ़ाने का एलान किया। यानी अब एक साल तक जरूरतमंद लोगों को निशुल्क राशन मिलता रहेगा।

केंद्र सरकार ने सभी अंत्योदय और प्राथमिकता परिवारों को अगले साल यानी 2024 तक मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एलान किया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जेल में बंद गरीबों के मुद्दे को पहली बार केंद्र सरकार ने अपने बजट में शामिल किया है। इसके अनुसार, पैसों की तंगी के चलते जो कैदी जेल से बेल नहीं ले पाते हैं, उनका खर्च सरकार उठाएगी। ऐसे करीब दो लाख कैदी हैं, जिनकी सजा पूरी हो चुकी है, लेकिन रिहाई के लिए तय की गई रकम न होने से वह जेल में ही बंद रहते हैं। अब ऐसे गरीबों की मदद के लिए सरकार ने हाथ आगे बढ़ाया है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि पैन अब राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में जाना जाएगा। बजट में घोषणा की गई कि इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, खिलौने और देसी मोबाइल सस्ते होंगे। वहीं, चिमनी, कुछ मोबाइल फोन और कैमरे के लेंस, सिगरेट सोना, चांदी, प्लैटिनम महंगा होगा। बजट में बुनियादी ढांचे के तहत 50 अतिरिक्त हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जलीय हवाईअड्डों को आधुनिक रूप दिया जाएगा। शिक्षा के प्रचार-प्रसार के तहत राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय बनाया जाएगा। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिये गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

## बजट पर विपक्ष की प्रतिक्रिया...

### बजट ने ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया: चिदंबरम



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने बुधवार को दावा किया वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश किये गये केंद्रीय बजट ने देश के ज्यादातर लोगों की उम्मीदों के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, वर्ष 2023-24 के लिए बजट और वित्त मंत्री का बजट भाषण यह प्रदर्शित करता है कि जनता, उसके जीवन, आजीविका तथा अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई से सरकार कितनी अनजान है। चिदंबरम ने दावा किया, वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में बेरोजगारी, गरीबी और असमानता जैसे शब्दों का कहीं उल्लेख नहीं किया। शुक्र है कि उन्होंने गरीब शब्द का उल्लेख दो बार किया।

### जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी: अखिलेश




लखनऊ। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा- भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है, पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। भाजपाई बजट महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है. किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है, क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुँचाने के लिए बनता है।

## भारत को आर्थिक महाशक्ति...

गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग की आशाओं और राष्ट्र के समग्र उत्थान की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। यह बजट निःसंदेह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम बजट 2023-24 में 'नए भारत' की समृद्धि का संकल्प है, अंत्योदय का विजन है और 130 करोड़ देशवासियों की सेवा का लक्ष्य है। सीएम ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत 'विकसित भारत' के संकल्प को पूर्ण करते सर्वसमावेशी और लोक-कल्याणकारी केंद्रीय बजट 2023-24 का स्वागत करता हूं।

## भारत रवाना नहीं हो पाए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा, भारतीय वीजा का कर रहे इंतजार



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वीजा विलंब के कारण बुधवार को अपने साथियों के साथ भारत रवाना नहीं हो पाए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ख्वाजा के बिना ही भारत के खिलाफ चार टेस्ट की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के लिए रवाना हो गई। ख्वाजा के अब गुरुवार को भारत रवाना होने की उम्मीद है। ख्वाजा ने सोशल मीडिया पर एक मीम पोस्ट करते हुए लिखा, मैं अपने भारतीय वीजा का इंतजार कर रहा हूं। पाकिस्तान में जन्में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 56 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह 36 वर्षीय बल्लेबाज 2016 में आईपीएल में हिस्सा ले चुका है। ख्वाजा को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया का साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी चुना गया। इस पुरस्कार का नाम दिग्गज स्पिनर शेन वार्न के नाम पर रखा गया है। ऑस्ट्रेलिया की टीम बेंगलुरू के बाहरी हिस्से में चार दिवसीय ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लेगी और फिर नौ फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए नागपुर रवाना होगी। बाकी तीन टेस्ट का आयोजन नयी दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में होगा। दोनों टीम इस श्रृंखला से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह जगह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगी।

## अनियमितता और पटल सहायकों के मनमानी से शिक्षक खफा

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद चंदौली की बैठक जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर पर हुई। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पटल सहायकों और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में व्याप्त अनियमितता और मनमाने पन के संदर्भ में चर्चा की गई। इसके बाद बीएसए को समस्याओं से अवगत कराया गया। आरोप लगाया कि शिक्षकों का निरीक्षण एवं अन्य कार्यों के नाम पर मानसिक उत्पीड़न और आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिसे तत्काल बंद किया जाए।
उन्होंने कहा कि निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न और आर्थिक शोषण बंद किया जाए। जिसके फलस्वरूप पठन-पाठन का माहौल प्रभावित हो रहा है। पटल सहायकों द्वारा शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण में रुचि ली जाए। अनावश्यक विलंब करने की कार्यशैली बदली जाए। आर्थिक शोषण हेतु अनाधिकृत रूप से अव्यवहारिक आपत्ति से पत्रावलियां कार्यालय स्तर पर बाधित ना की जाए। कहा कि विभागीय कार्यवाही अदेय वेतन, अवरुद्ध वेतन, निलंबन, चयन वेतनमान आदि आख्याएं अनावश्यक रूप से लंबित न की जाए। समयावधि में ही निस्तारित की जाए। कहा कि पीएफएमएस भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता हेतु बीआरसी स्तर पर विधिवत प्रशिक्षण दिया जाए। इस मौके पर सुनील सिंह, शशिकांत गुप्त, बलराम पाठक, अजय सिंह, पाठक, मनोज सिंह, नंद कुमार शर्मा, अच्युतानंद त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, मनीष यादव, राजेश यादव, उमेश सिंह, संतोष त्रिपाठी , धनंजय सिंह, वीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।



पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर में बैठक करते शिक्षक।

## धूमधाम से मना श्री साईं पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**डीडीयू नगर।** कैलाशपुरी स्थित श्री साईं पब्लिक स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गायन, नृत्य, संगीत में अपनी प्रतिभा का न केवल प्रदर्शन किया बल्कि अन्य विधाओं के माध्यम से खूब धमाल मचाया। बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य कत्थक में गणेश वंदना व सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों के द्वारा हरियाणवी, महाराष्ट्र की लावणी और भी आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त हम होंगे कामयाब, वंदे मातरम, कई देश भक्ति गीत भी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किए गए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। सब जूनियर ग्रुप में रोहन कुमार, जूनियर ग्रुप में शिखा कुमारी और सीनियर वर्ग में अजय यादव चैंपियन हुए। सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार सक्षम सिंह एवं छात्रा का पुरस्कार रिंकी सिंह को दिया गया। उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए कुमारी कुमकुम और मयंक कुमार को पुरस्कृत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी स्कूल का सांस्कृतिक उत्थान का आईना होता है और यह प्रकट करता है कि विद्यालय में क्या चल रहा है। कार्यक्रम को यादगार और सफल बनाने में दीक्षा शमाजैदी, शगुन, शिवांगी, श्रेया, आराध्या, रिया, रिंकी, सौम्या, तान्या, काजल, पवन, अजय, अभिषेक, आदित्य, सिद्धार्थ, आजम, अलीजा, प्रतीक, अंकित, आर्यन आदि ने सहयोग दिया। इस अवसर पर डा.परमानंद सिंह, डा.विनय कुमार वर्मा, मालती गुप्ता, वासुदेव यादव, शंभू नाथ मिश्रा, आशीष पाठक, स्वाति मिश्रा, मंसूर अहमद, कैलाश नाथ यादव, आदित्य सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन कुमारी आकांक्षा यादव एवं अनुपम पाल व धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधक डॉ अनिल यादव ने किया।



श्री साईं स्कूल में वार्षिकोत्सव के दौरान नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

# प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार को मिलेगी पीएचडी की उपाधि



**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शोधार्थी वीरेंद्र कुमार यादव का शोध शिक्षा पूरी होने पर उन्हें साक्षात्कार कराया गया। साक्षात्कार में सफल वीरेंद्र कुमार यादव ने शिक्षा संकाय विषय से एकल परिवार एवं संयुक्त परिवार की कामकाजी महिलाओं के बालकों की संवेगात्मक बुद्धि एवं अभिप्रेरणा शैक्षिक उपलब्धि के संदर्भ में तुलनात्मक अध्ययन‍ विषय पर शोध किया। शोध अध्ययन पूरा होने पर उनका साक्षात्कार भी बुधवार को विशेषज्ञों के समक्ष हुआ।

साक्षात्कार में उन्होंने शोध क्षेत्र में हुए तमाम बिंदुओं की जानकारी दी। जिससे उन्हें आगामी दीक्षांत समारोह में (डॉक्टरेट) पीएचडी की उपाधि मिलेगी। इस सफलता पर उन्हें तमाम लोगों ने मिलकर बधाई दिया। नेट परीक्षा पास करने के बाद वीरेंद्र कुमार यादव गाजीपुर जिले के पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रमाशंकर बाल गोपाल महाविद्यालय नसीरपुर गाजीपुर में शिक्षा संकाय में प्रवक्ता हैं। यह मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के ग्राम हरईपुर सैफाबाद के निवासी हैं।

# प्रो. राकेश यादव कुलाधिपति निर्देशित कार्यक्रमों के समन्वयक नियुक्त

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने राज्यपाल/कुलाधिपति निर्देशित समस्त कार्यक्रमों यथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव, क्षय रोगी, आंगनबाड़ी केंद्र कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रो. राकेश कुमार यादव गाँधी स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज समोधपुर को समन्वयक नियुक्त किया है। इस आशय का कार्यालय आदेश कुलसचिव महेंद्र कुमार द्वारा जारी किया गया है। प्रो. राकेश कुमार यादव अपने महाविद्यालयीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ उक्त समस्त गतिविधियों का निष्पादन एनएसएस भवन से करते हुए उक्त कार्यों की नियमित रिपोर्टिंग कुलसचिव/कुलपति कार्यालय को करेंगे।

## रेल संरक्षा आयुक्त आज करेंगे जौनपुर-मुफ़्तीगंज रेलवे ट्रैक का निरीक्षण

**केराकत।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ सर्किल के रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान गुरुवार को औड़ियार-जौनपुर रेल खंड पर मुफ़्तीगंज से जौनपुर तक 14.6 किलोमीटर का रेल ट्रैक का निरीक्षण करेंगे। इसकी जानकारी रेल विभाग के वाराणसी मण्डल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि सबेरे साढ़े सात बजे निरीक्षण के बाद रेल संरक्षा आयुक्त अपनी स्पेशल सीआरएस गाड़ी से जौनपुर से मुफ़्तीगंज रेल खंड का पूरी गति से स्पीड ट्रायल भी करेंगे। इस दौरान निर्माण विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एससी श्रीवास्तव, मण्डल रेल प्रबंधक रामआश्रय पाण्डेय समेत मुख्यालय और मण्डल के अनेक अधिकारी मौजूद रहेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण और स्पीड ट्रायल के दौरान ओवर हेड ट्रैक्शन पर हाई टेंशन बिजली सप्लाई प्रवाहित होगी। इसलिए उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों, बच्चों को रेल लाइन के पास जाने से मना किया है। साथ ही अपने पशुओं को भी दूर रखने की हिदायत दी है।


# आम बजट पर बोले पूर्वांचल विवि के अर्थशास्त्री

## बजट का जमीन पर क्रियान्वयन होना जरूरी


प्रो. अजय द्विवेदी


प्रो. विक्रम देव आचार्य


प्रो. ए.के. श्रीवास्तव


अमित वत्स

**करंजाकला।** पूर्वांचल विश्वविद्यालय के डीन, प्रबंध अध्ययन संकाय प्रो. अजय द्विवेदी ने कहाकि बजट में कृषि क्षेत्र के विकास हेतु कई प्रावधान किए गए हैं। एग्रीकल्चर स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने हेतु एग्रीकल्चर एक्सीलरेटर फंड की स्थापना, मिलेट्स के उत्पादन में विश्व स्तर पर अग्रणी करने का लक्ष्य न सिर्फ आर्थिक समृद्धि के लिए उत्तम है अपितु स्वास्थ्य समस्याओं को भी कम करने में कारगर साबित हो सकता है। वेतन भोगियों के लिए भी सरकार ने टैक्स में राहत प्रदान की है, हालांकि 7 लाख तक की आय पर कोई कर न होने की बात सत्य नहीं है अपितु इस आय सीमा पर 13000 रुपए कर के रूप में देने ही होंगे। आवास क्षेत्र के लिए भी बड़े पैकेज की घोषणा हुई है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की भी बात कही गई है लेकिन जमीनी स्तर पर समावेशी विकास की बात कितनी सत्य होगी वो सरकार के क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

व्यवसायिक अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. विक्रम देव आचार्य ने कहाकि कुशल कामगारों हेतु पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना हरित विकास योजना युवा रोजगार योजना इनकम पर फोकस, गांव के लिए ट्रेनिंग किसानों के लिए खेती के लिए विशेष फंड, नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना भारी संख्या में एकलव्य विद्यालय, रेलवे, कृषि व शिक्षा क्षेत्रों में जो सहूलियत दी गई है निश्चित है देश के विकास में बजट का बहुत योगदान होगा।

प्रो. एके श्रीवास्तव ने कहाकि इस बार का बजट मध्यमवर्गीय को बहुत सहूलियत पहुंचाएगी। घरेलू सामान ऑटो मोबाइल सरकार ने सस्ता किया है। यह बजट एक तरह से सबके लिए लाभकारी होगा। देश के विकास को देखते हुए बजट सुविधा दी गई है। बजट सबके हितों को देखते हुए किया गया है और निश्चित ही लोग इसका लाभ उठाएंगे।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अमित वत्स का कहना है कि बजट आम आधुनिक भारत की दिशा को बढ़ाने में तेजी लाएगा। देश के लिए समावेशी बजट है। सभी वर्ग के लोगों का लाभ होगा। कृषि पर नवोन्मेषी बजट बनाया गया है।जिससे कृषि क्षेत्र का तकनीकी विकास होगा। किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। कौशल विकास, नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना निश्चित ही ह्यूमन रिसोर्स विकसित करेगी। पूरी दुनिया में मानव संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था इस बजट में है। जो पूरी दुनिया में दिशा दिखाने वाला साबित होगा ।

## 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने आयोजित किया कार्यक्रम

**जौनपुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, विषय के अंतर्गत अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट के तरफ से पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सावित्री कान्वेंट स्कूल सिविल लाइन के प्रांगण में किया गया जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रकाश डालने के साथ यातायात नियम संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा को मोमेंटो देकर संस्था के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बहुत ही शानदार और सराहनीय पहल किया जा रहा है, आज के परिवेश में लोग सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं करते जिससे आज बहुत सारे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। उर्वशी सिँह ने कहा कि, आज सड़क पर लापरवाही के चलते सड़क दुर्घटना के शिकार परिवार पूरी तरह से टूट जाते हैं। सरकार के द्वारा समय समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। जागरूकता अभियान में आम लोगों को भी जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कॉलेज की प्रधानाचार्या पूनम अस्थाना का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पीके सिंह, अमर जौहरी, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, मीरा अग्रहरी, राधिका सिंह, सुरेश शर्मा, प्रिया सिंह, उषा दुबे, संजय अस्थाना के साथ विद्यालय प्रबंधक अजित अस्थाना एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कानून-गो को भेजा गया जेल


एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में कानून-गो

**बदलापुर।** स्थानीय तहसील में तैनात एक कानून-गो को सात हजार रूपए रिश्वत लेते हुए मंगलवार की शाम वाराणसी एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया वहीं बुधवार की दोपहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उक्त कानून-गो का चालान न्यायालय भेज दिया है।

**कार्रवाई**

**पीड़ित की शिकायत पर वाराणसी एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई**

जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के सलामतपुर गांव निवासी रबींद्र कुमार मौर्या पुत्र पन्नालाल मौर्या की भूमिधरी की जमीन से सटी परती जमीन का सीमांकन करने के लिए उक्त क्षेत्र के कानून-गो रामसकल यादव रिश्वत की मांग कर रहे थे। रबींद्र ने जिसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की जिसके क्रम में भ्रष्टाचार निवारण संगठन वाराणसी की टीम ने मंगलवार की शाम लोहिंदा चौराहे के पास स्थित एक मिष्ठान भंडार से बदलापुर तहसील के कानून-गो यानी राजस्व निरीक्षक को सात हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने एंटी करप्शन टीम प्रभारी उपेंद्र सिंह यादव की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए बुधवार को गिरफ्तार कानून-गो रामसकल यादव का चालान न्यायालय भेज दिया है। एंटी करप्शन टीम में प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार सिंह, संध्या सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेंद्र कुमार राय, पुनीत कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, सुमित कुमार भारती शामिल रहे।

# निरोग भारत के लिए करें योग : डॉ. जाह्नवी

## पीयू में जी-20 कार्यक्रम के तहत कराया गया योग


पूविवि में आयोजित शिविर में योगा करते विद्यार्थी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जी-20 कार्यक्रम के तहत बुधवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया। यहां स्वस्थ भारत योजना की सफलता के लिए योग कराया गया। विद्यार्थियों को मदन मोहन भट्ट ने योग आसन कराया। इसमें उन्होंने विद्यार्थियों को योग के लिए जागरूक किया और कहा कि विद्यार्थी स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

इस अवसर पर जी-20 कि नोडल अधिकारी जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि आज कि युवा योग से जुड़े और निरोग भारत बनाने में अपना योगदान दें। आपको बता दें कि विश्वविद्यालय से जी-20 के 20 मनोनीत अम्बेसडरों को भी योग कराया गया।

इस अवसर पर डा. मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि देश कि युवा का सर्वांगीण विकास तभी होगा जब वह योग को अपने जीवन में उतारें। मन स्वस्थ है तो तन भी स्वस्थ्य होगा। उन्होंने कहा कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हर रोज प्रातः कालीन योगाभ्यास कराया जाता है। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी भाग लेते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बड़े मनोयोग पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न तरह के आसन और प्राणायाम किए। इस मौके पर डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे। आयोजन में जी20 एम्बेसडर किशन जायसवाल, ऑचल सिंह, हर्ष साहू, हिदायत फातिमा, समरजीत सोनकर, विनीत, पवन सोनकर और अन्य अम्बेसडर भी प्रतिभाग किए।

# टैक्स के नजरिए से बजट शानदार, समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला : मुलायम सोनी

जनसंदेश न्यूज


चार्टर्ड एकाउंटेंट अमित गुप्ता


चार्टर्ड एकाउंटेंट रामेश्वर सोनी


रमेश सिंह


छात्र शाश्वत सिंह


प्राध्यापिका डा. अंजू सेठ


शिवशंकर सेठ

**जौनपुर।** आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट अमित गुप्ता ने कहा कि टैक्स के नजरिए से राहत देने वाला शानदार बजट है। छोटे उद्योगों को एमएसएमई में ब्याज में एक प्रतिशत छूट अच्छी बात है। ऑडिट लिमिट को भी बढ़ाया गया है। सात लाख तक आय होने पर कोई कर नहीं देना होगा, यह बहुत राहत देने वाली बात है।

लीव एनकैशमेंट गैर सरकारी कर्मचारियों के लिए तीन लाख से बढ़ाकर 25 लाख किया गया है यानी सेवानिवृत्त होने पर निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को इससे लाभ मिलेगा। महिला सम्मान बचत पत्र महिलाओं को विशेष बचत सुविधा दो लाख के निवेश पर साढ़े सात परसेंट ब्याज परंतु 2 साल के लिए ब्याज की आय पर कर लगेगा। नया आयकर स्लैब अब डिफॉल्ट टेक्स स्लैब होगा पुराना आपको एडॉप्ट करना ही होगा। पुराना स्लैब यथावत है नया स्लैब बेहतर है तथा टैक्स में बचत भी होगी। एक नया आयकर फॉर्म लाया जाएगा जिसे लेकर हम लोगों में उत्सुकता है। कुल मिलाकर इस बजट को बेहतर कहा जा सकता है।

इसी क्रम में रामेश्वर सोनी चार्टर्ड एकाउंटेंट ने प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि सरकार ने मिडिल क्लास और वेतनभोगियो का ध्यान आकर्षित किया है नये टैक्स स्लैब को प्रोमोट किया है जबकि पुराना टैक्स स्लैब जैसा था वैसे ही चलेगा। सड़क, रेल एवं निर्माण पर सरकार ने जोर दिया है साथ ही किसानों को छूट जारी रखने का एलान भी किया है। बजट में महिलाओं और बुजुर्गो को भी सेविंग सुरक्षा दी गयी है। कुल मिलाकर वित्त मंत्री द्वारा एक बेहतरीन बजट पेश किया गया है।

उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (सेवारत) के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि केंद्रीय बजट 2023 में वित्त मंत्री की घोषणा में नौकरी पेशा और मिडिल क्लास को राहत दी गयी है क्योंकि पेश गए बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख कर दी गई है। सालाना 7 लाख रुपए तक की कमाई करने वालों को अब कोई आयकर नहीं देना होगा। पिछले साल के बजट में मौजूदा टैक्स सिस्टम में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

वहीं इस बार के बजट में सालाना 7 लाख रुपये तक की कमाई करने वाले नौकरी पेशा व मध्यम वर्ग को नई व्यवस्था के तहत कोई कर नहीं देना होगा। इस सीमा को बढ़ाकर 7 लाख रूपए प्रति वर्ष कर बैंकों के कामकाज के लिए नया अधिनियम बनाये जाने की बात कही गई है साथ ही रिटर्न फाइल करने के लिए नया फॉर्म भी आएगा। वित्त मंत्री की इस घोषणा से बेहद राहत भरा कदम माना जा सकता है।

छात्र शाश्वत सिंह ने कहाकि महिलाओं के लिए महिला बचत सम्मान पत्र शुरू करना अच्छी पहल है। इसमें 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत पर व्याज मिलेगा। वहीं टीडीपीजी कालेज की प्राध्यापक डा. अंजू सेठ ने कहा कि इससे अच्छा आम बजट हो ही नहीं सकता। सरकार ने बजट में हर तबके के हितों का पूरा ध्यान रखा है। आयकर की सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपये किए जाने से नौकरी पेशा व मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। मुफ्त राशन योजना अगले वर्ष जनवरी तक जारी रखने के फैसले से समाज के सबसे निचले तबके को दो जून की रोटी की चिंता नहीं करनी होगी। महिला सम्मान बचत पत्र दो लाख तक की बचत पर साढ़े सात प्रतिशत ब्याज देना महिला सशक्तीकरण की दिशा में सरकार का एक और बड़ा क्रांतिकारी निर्णय है। शिव शंकर सेठ ने कहाकि किसानों के लिए पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर वित्तमंत्री ने ध्यान दिया है। सरकार द्वारा स्टार्टअप हेतु कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये तक करने का प्रस्ताव अच्छा है।

## संक्षेप

### वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**गौराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक के नेतृत्व में थाने के उप निरीक्षक शिवराज सिंह यादव ने गैर जमानती वारंटी शिव पूजन निवासी पौनी हसनपुर थाना गौराबादशाहपुर को बुधवार को भोर में उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त वारंटी अपने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए उक्त वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**गभिरन।** पोटरिया मोड़ पर बाइक के धक्के से घायल अधेड़ की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान बुधवार की भोर में मौत हो गई। अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। खेतासराय थाना क्षेत्र के गरोठन गांव निवासी 54 वर्षीय फौजदार शर्मा गत मंगलवार को साइकिल से मल्हनी बाजार जा रहे थे। उक्त मोड़ पर बगैर नंबर की बाइक चला रहे युवक ने टक्कर मार दी। फौजदार सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। बाइक सवार मौके से भाग गया। मृतक के पुत्र पंकज शर्मा ने थाने में तहरीर देकर नामजद आरोप लगाया है कि बगल गांव मैदासपट्टी के युवक ने बाइक से टक्कर मारी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

### बिजली की चपेट में आए किशोर की इलाज के दौरान मौत

**मुंगराबादशाहपुर।** कटी पतंग के चक्कर में एक किशोर की हाई बोल्टेज विद्युत करेंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया था। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु स्वरूप रानी हास्पिटल मे भर्ती कराया गया था करीब एक पखवारे इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी नेहाल अहमद (16) पुत्र मुन्ना मकर संक्रांति पर्व पर 15 जनवरी को रेलवे ट्रैक के निकट पतंग उड़ा रहा था। पतंग उड़ाने के दौरान उसकी पतंग रेलवे ट्रैक के ऊपर से गुजरे हाई बोल्टेज विद्युत तार में फंस गई जिसे निकालने के चक्कर में हाई बोल्टेज विद्युत करेंट की चपेट में आकर झुलस गया। उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा था। नेहाल की हालत में कुछ सुधार हुआ था लेकिन आज अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसकी इलाज के दौरान ही मौत हो गई।

# राष्ट्र सेवा, गुणवत्ता सचेतन, समाज की स्थापना में भारतीय मानक ब्यूरो की अग्रणी भूमिका : मनीष वर्मा

**बैठक**

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई भारतीय मानक ब्यूरो की संवेदीकरण कार्यशाला**

**जौनपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संवेदीकरण कार्यशाला हुई। कार्यक्रम का सफल संयोजन भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ के सहायक निदेशक प्रणय जैन ने किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र सेवा में एवं गुणवत्ता सचेतन समाज की स्थापना में भारतीय मानक ब्यूरो अग्रणी भूमिका निभा रहा है एवं आगे भी इस प्रयास को सफल बनाने के लिए उद्योग, प्रशासन एवं उपभोक्ताओं के मध्य समन्वय बना रहा है। सरकारी खरीद में अफसर आईएसआई उत्पाद को प्राथमिकता दें। आईएसआई उत्पाद न होने की दशा में आईएस मानक के अनुसार ही खरीददारी की जाए। आईएसआई उत्पाद की सही पहचान के लिए बीआईएस केयर एप का प्रयोग करें।


कार्यशाला को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अक्षयबर चौहान ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो उत्पादों पर आई.एस.आई. मार्क, आभूषणों पर हॉलमार्क तथा इलेक्ट्रानिक वस्तुओं पर सुरक्षा से सम्बन्धित रजिस्ट्रेशन, मार्क आदि के माध्यम से उपभोक्ताओं को मानकों के अनुरूप उत्तम गुणवत्ता वाले उत्पादों को पहुंचाने में सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

सहायक निदेशक प्रणय जैन ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन, हालमार्किंग एवं उपभोक्ता सशक्तिकरण की दिशा में मानक मंथन, हॉलमार्किंग के लिए एचयूआईडी, शिक्षा संस्थानों में मानक क्लबों की स्थापना जैसे कई कदम उठाए गये हैं। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को भारतीय मानक ब्यूरो गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित कराने की बारीकियां समझाई। सहायक निदेशक सचिन गुप्ता ने भी अधिकारियों का संवेदीकरण करते हुए उपभोक्ता हितों को उच्च प्राथमिकता देने, मानकों और गुणवत्ता के बारे में जागरूकता पैदा करने पर गहन मंथन किया।

वर्कशॉप में जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, अधी. अभियंता पीडब्ल्यूडी जैनुराम, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल राय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 10 फरवरी तक डोर टू डोर अभियान की हुई शुरूआत

**खेतासराय।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अन्तर्गत 10 तक डोर टू डोर अभियान हेतु जनजागरूकता रैली बुधवार को नगर पंचायत में अधिशाषी अधिकारी डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में निकाली गयी जिसमें लोगों को डोर टू डोर सूखा व गीला कचड़ा अलग कर उसके निस्तारण में नगर पंचायत कर्मचारियों को सहयोग करने की अपील की गयी तथा दुर्गन्ध मुक्त वातावरण बनाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से लेखा लिपिक कविता श्रीवास्तव, सफाई नायक यावर अली, गुफरान अहमद, बृजनाथ यादव, रमेश चन्द्र, दिनेश यादव व प्रमोद यादव आदि उपस्थित रहे।


जागरूकता अभियान के तहत रैली में शामिल ईओ

## ग्राम प्रधान ने किया भीटा खाते की कीमती जमीन पर कब्जा

**गांव के एक नागरिक ने एसडीएम से की शिकायत**

**थानागद्दी।** केराकत ब्लॉक क्षेत्र के थानागद्दी गांव के ग्राम प्रधान पर भीटा खाते की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने और उस पर दुकान बनाने का आरोप है। गांव के संतोष विश्वकर्मा ने एसडीएम नेहा मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता की शिकायत है कि ग्राम प्रधान ने भीटा खाते की कीमती जमीन गाटा संख्या 91 और 92 पर अवैध ढंग से कब्जा किया है। आरोप है कि प्रधान ने उस जमीन पर पक्का निर्माण कराया है। इसके आलावा वह अनेक अन्य लोगों से पैसा लेकर कब्जा करा रहा है। संतोष विश्वकर्मा के अनुसार पिछले साल इसी शिकायत पर ग्राम प्रधान ने अपने सहयोगियों के साथ थानागद्दी पुलिस चौकी का घेराव कराया था। जिस पर तत्कालीन चौकी प्रभारी ने प्रधान को जेल भेज दिया था। अब एक बार फिर वह उक्त जमीन पर कब्जा करा रहा है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से उक्त मामले की जांच कराकर प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। इस मामले में गांव के प्रधान के मोबाइल नम्बर पर उनका पक्ष जानने के लिए कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा। सेक्रेटरी सौरभ दूबे ने कहा कि राजस्व का मामला है। लेखपाल, तहसीलदार या एसडीएम ही कुछ कर सकते हैं।

# बजट: सत्ता पक्ष ने सराहा विपक्ष ने बोला हमला

**जनसंदेश न्यूज**


पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष माबूद खान


पूर्व जिलाध्यक्ष सपा विकास यादव


बसपा नेता राजेश मिश्रा


जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा अनिरुद्ध त्रिपाठी

**भदोही।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से देश का आम बजट पेश किए जाने के बाद अब इस मसले पर कालीन नगरी में भी राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। सत्ता पक्ष ने बजट की सराहना की है तो विपक्षी नेताओं ने सरकार पर हमला बोला हैं। भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इससे गांव, गरीब, किसान और सभी वर्गों का सपना पूरा होगा। टैक्स में रियायत सहित सरकार ने जनहित में कई कदम उठाए हैं। पहली बार विश्वकर्मा के प्रशिक्षण और सहायता से संबंधित सराहनीय योजना बजट में लाई गई है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि यह चुनावी बजट है। इनकमटैक्स का स्लैब जो जारी किया है। वो सिर्फ कान को घुमाकर पकड़ने जैसा हैं, आम जनता को इससे कोई फायदा नही हैं। किसानों के लिए इस बजट में कुछ नहीं है, आधी से ज्यादा आबादी गांव में बसती है लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया है। ये बहुत ही निराशाजनक बजट है।

बसपा नेता राजेश मिश्रा राजन ने कहा कि जनहित के बड़े-बड़े दावे व वादे करने वाली भाजपा बजट में भी अपने पूंजीपति मित्रो का खास ध्यान रखा हैं।महंगाई व बेरोजगारी को बढ़ाने वाला बजट है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं निराशा बढ़ती है। सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी और पुर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष माबूद खान ने कहा कि महिलाओं, किसानों, बेरोजगारों, और युवाओं के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि बजट में पेट्रोलियम उत्पादों और रूपए के मूल?य में गिरावट के बारे में कोई उल?लेख नहीं है। बजट में किसानों, बेरोजगारों और ?यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है। इनकमटैक्स का जो स्लोब जारी किया गया है उससे एलआईसी योजना भी प्रभावित होगी। यह जुमला बजट है जो आम जनता को निराश कर देने वाला है।

## प्राचीन मंदिर की कई बीघा जमीन पर भू माफियाओं की नजर

**गोपीगंज।** नगर स्थित जनपद की प्राचीन धरोहर बाबा बड़े शिव मंदिर की जमीन पर भू माफियाओं की निगाह लग गई है। हाल ही में भू माफियाओं ने बाउंड्री वाल को तोड़ दिया था जिसकी शिकायत नगर के शिव भक्तों ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है।
गोपीगंज नगर के शिवभक्त प्रणव कुमार विश्वास विराट जायसवाल जो मन्दिर समिति के सक्रिय सदस्य भी हैं के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है।
शिकायतकर्ताओ ने अवगत कराया है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। 1281 फसली नंबर 328 रकबा 20 बीघा 10 बिस्वा 17 धूर मंदिर की जमीन कागजात पर अंकित थी। खसरा में शिवालय भी अंकित था फिर भी शिवालय तालाब की जमीन पर कब्जा और अतिक्रमण करने का लोग प्रयास करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मंदिर की जमीन अभी भी कागज के आधार पर एक बीघा 15 विश्वा 17 धुर कम है। जबकि पूर्व की भांति देखी जाए तो लगभग तीन बीघे से ज्यादा जमीन मंदिर के कब्जे में नहीं है।

# आधा दर्जन तस्करों के पास से एक क्विंटल गांजा बरामद

**कार्रवाई**

**बरामदशुदा गांजा सहित प्रयुक्त वाहन की कीमत करीब 22 लाख रुपये**

**जनसंदेश न्यूज**


कोतवाली परिसर में पकड़े गए गांजा व गाड़ी के साथ खड़े पुलिस कर्मी

**भदोही।** संगठित पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जारहा है। संगठित होकर जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी, गौ तस्करी व माल सहित वाहनों की चोरी बिक्री करने वाले कुल 11 तस्करों चोरों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अलग-अलग कुल 3 अभियोग पंजीकृत किये गए।

भदोही पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा तस्करी करने वाले 6 तस्करों को व्यापक मात्रा में अवैध गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ पूर्व में भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरोह का सरगना अंतर्राज्यीय स्तर पर गांजा व शराब तस्करी में बिहार राज्य से दो बार जेल जा चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी औराई के नेतृत्व में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग माधोसिंह अण्डर पास, खमरिया रोड जाने वाले तिराहे पर चेकिंग के दौरान पांच बोरे में कुल 38 बण्डल (वजन 01 कुन्तल 17 किग्रा) नाजायज गांजा,तस्करी में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन बरामद किया गया है। बरामदशुदा गांजा सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन की कुल कीमत करीब 22 लाख रुपए है। गांजा तस्करी की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की जानकारी की जा रही है। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक औराई गगनराज सिंह, हे.का. गोपाल सिंह, का. मनोज कुमार, का. अनुज कुमार, का. कमलेश पाल, का. पुष्पेन्द्र अहिरवार, का. अनूप कुमार आदि शामिल रहे।

# जिला विद्यालय निरीक्षक नंदलाल गुप्त सेवानिवृत्त



**भदोही।** जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्त बुधवार को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गये हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी व मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई दी गयी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक नन्दलाल गुप्त को सरल, कर्मठ व मिलनसार अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि डीआईओएस ने अपने कार्यकाल में प्रशासन द्वारा दी गयी अतिरिक्त जिम्मेदारियों को भी तत्परता व लगन के साथ निर्वहन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासनिक व व्यवहारिक अनुभव का लाभ जनपद को मिला। जिससे यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में मेधावियों ने जनपद का नाम रोशन किया। अधिकारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य के साथ

# कल्पवासियों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं का जिलाधिकारी ने लिया फीडबैक

**जायजा**

**आगामी माघी पूर्णिमा स्नान पर्व की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण**

**माताजी के साथ दर्शन पूजन कर डीएम ने की सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना**

**जनसंदेश न्यूज**


तंबुओं में रहे कल्पवासियों से उनके अनुभव की जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** आगामी माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के पूर्व तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने परिवार सहित दर्शन पूजन कर सेमराध नाथ माघ मेला, कल्पवास क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने लगभग एक माह से तंबुओं में रहे कल्पवासियों से उनके अनुभव लेते हुए प्रशासन द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी लिया। जिलाधिकारी की माताजी ने कल्पवासियों व साधु-संतों से भजन, कीर्तन संबंधित आदि मुद्दों पर चर्चा की तथा बच्चों से वात्सल्य प्रेम दुलार भी किया। माघ मेला प्रभारी, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अश्वनी पांडेय ने जिलाधिकारी को माघ मेला व कल्पवास की जानकारी देते हुए प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने मेला आयोजकों, कल्पवासियों व साधु-संतों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनकी हर आवश्यकताओं के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्हें कोई असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजय कुमार, थानाध्यक्ष सेमराध नाथ क्षेत्र, मेला पदाधिकारी सहित आम जनमानस उपस्थित रहे।

## स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**भदोही।** औराई में काशीराज इण्टर कालेज के सामने जीटीरोड पर हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक ऋषि शुक्ला व उनके समर्थकों द्वारा समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने रामचरितमानस रामायण पर विवादित बयान दिया था। जिससे रामचरितमानस में आस्था रखने वाले लोगों के आत्मा को ठेस पहुंचा है। बताते चलें कि स्वामी प्रसाद मौर्या के इस तरह के विवादित बयान पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों एवं बाजारों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इसी क्रम में हिंदू युवा वाहिनी के जिला संयोजक व वरिष्ठ युवा नेता ऋषि शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ काशीराज इण्टर कालेज के सामने जीटरोड पर विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान ऋषि शुक्ला ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या ने रामचरितमानस रामायण पर इस प्रकार का विवादित बयान देकर बहुत गलत किया है। जिससे रामचरितमानस रामायण में आस्था रखने वाले लोगों के आत्मा को कुठाराघात पहुंचा है। कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्या के इस विवादित बयान पर प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट में मिर्जापुर ने गाजीपुर को 112 रनों से हराया

**जनसंदेश न्यूज**

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में बुधवार को गाजीपुर का मुकाबला मिजार्पुर की टीम से हुआ। जिसमें मिजार्पुर की टीम ने गाजीपुर को 112 रनों से हराकर करारी शिकस्त दी।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मिजार्पुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में सभी विकेट खोकर 200 रन बनाए। जिसमें मिजार्पुर के बल्लेबाज मान ने सबसे ज्यादा बिना आउट हुए मानने 49 रनों की पारी खेली। अखिल तिवारी ने 40 व संदीप पटेल ने 20 रनों का योगदान किया। गाजीपुर के गेंदबाज साहिल संगम ने तीन विकेट लिया। अंचल, दीपक, गौरव, सुधांशु को एक एक सफलता प्राप्त हुई। 201 रनों का लक्ष्य लेकर जवाब में खेलने उतरी मिजार्पुर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मिजार्पुर के दोनों सलामी बल्लेबाज दो-दो रन बनाकर आउट हो गए। सचिन ने 24 व अभिनव ने 16 रनों का योगदान किया। अमित यादव ने 19 रन बनाए। गाजीपुर के गेंदबाज संदीप पटेल, प्रकाश सोनी व विकास यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

गाजीपुर की पूरी टीम 19वें ओवर में ही 88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मिजार्पुर की टीम ने 112 रन से मैच को जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच के दौरान लगभग बीस हजार की संख्या में दर्शक मौजूद रहें। मैच के विशिष्ट अतिथि ठठरा गांव के पूर्व प्रधान अजीत यादव पप्पी ने मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साह बढ़ाया। मंगलवार का रद्द मैच पुनः चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब प्रयागराज बनाम कानपुर तथा दूसरा मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब बनाम मिजार्पुर के बीच होगा।

# कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**केराकत।** नगर में स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श केराकत में बुधवार की सुबह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने कहा कि बच्चों का पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद से सर्वांगीण विकास होता है और सांस्कृतिक आयोजन से बच्चों में मानसिक विकास होता है और आगे चलकर उनमें कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है। गौरतलब हो कि गणतंत्र दिवस पर बारिश होने के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था जिसके बाद विद्यालय द्वारा बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहियुद्दीन अंसारी, सहायक अध्यापक लालचंद्र यादव, मनोज कुमार मौर्य, राजकुमारी, अर्चना चौरसिया, जूही सिंह, अनुदेशक व शिक्षा मित्र अनीता रेणुका पाण्डेय, विजय कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## नगर में आवारा पागल कुत्तों का खौफ

**शाहगंज।** नगर क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। सप्ताह भर में दर्जनों लोग शिकार हो चुके हैं। भय इस कदर व्याप्त है कि बच्चे तो बच्चे जवान रात में अकेले जाने से कतराते है। बताया जाता है कि नगर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय धीरज अग्रहरि, 45 वर्षीय राजेंद्र अग्रहरि, 55 वर्षीय मेवालाल, 25 वर्षीय संतोष एक ही दिन शिकार बन बैठे। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने निजी चिकित्सालयों में इलाज कराया। तीन मासूमों को आजमगढ़ रोड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान के बाहर कुत्ते ने शिकार बना लिया। वहीं एराकियाना मोहल्ले में दिनेश कुमार, रईस अहमद को कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया। बुधवार को नगर के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी पंचम लाल मेनरोड निवासी राजेंद्र कुमार एवं भटियारीसराय निवासी समीर को भी कुत्ते ने शिकार बना डाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट गिरीश चन्द्र यादव के मुताबिक एक सप्ताह में नगर के कुल बीस व्यक्ति शिकार हो चुके हैं। सभी का उपचार राजकीय चिकित्सालय में कराया गया।

# प्रधानाचार्य से मारपीट पर परिषद ने जताया विरोध

**रोष**

**जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप की कार्रवाई की मांग**


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता प्रधानाचार्य परिषद का प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर।** उ.प्र. प्रधानाचार्य परिषद की जिला इकाई का प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिलकर स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज मड़ियाहूँ के प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी के साथ किये गये मारपीट एवं गाली-गलौज करने के सम्बन्ध में कठोरतम कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को प्रकरण का संज्ञान कराते हुए कहा कि प्रधानाचार्य के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज करने से संस्था का आन्तरिक प्रशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। प्रधानाचार्य संस्था का प्रतिनिधित्व करता है उसके प्रति दुर्व्यव्हार के कारण शिक्षण संस्था की गरिमा को आघात लगता है। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह तथा जिला मंत्री डॉ. राजेश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक का व्यवहार अशोभनीय है उनके मर्यादा विहिन कृत्य से शिक्षक की गरिमा नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। प्रधानाचार्य का पक्ष रखते हुए जिलाकार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर सिंह ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उक्त शिक्षक अभिषेक सिंह के प्रति कठोरतम कार्यवाही किया जाय जिससे समाज में ऐसे प्रवृत्ति वाले लोग उदाहरण ग्रहण कर सकें। प्रतिनिधि मण्डल में जिला कोषाध्यक्ष डॉ. रामानन्द यादव, संगठन मंत्री डॉ. आरडी सिंह, जिलाउपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. कृष्णदत्त द्विवेदी आदि प्रधानाचार्य सम्मिलित रहे।

## संक्षेप

### ढोल नगाड़े की धुन पर निकाली गई जन जागरूकता रैली

**बदलापुर।** स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने के लिए जन जागरूकता रैली को कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली इंदिरा चौक होते हुए नगर के बिभिन्न गलियों के मार्गों पर ढ़ोल नगाड़े की धुन पर भ्रमण करते हुए नगर पंचायत को



स्वच्छ सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए आम जन नागरिकों से भी अपील किया गया। साथ ही नगर के बिभिन्न व्यापारी सहित आमजनों से आह्वान किया गया कि स्वच्छता बनाए रखें। कूड़ा कचरा यहां वहां न फेंके। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर रखे डस्टबीन का उपयोग करें। अधिशासी अधिकारी ने यह भी अपील की कि नगरवासी अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और कचरा डस्टबिन में ही डालें साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

### मनरेगा में एनएमएमएस के विरोध में प्रधानों ने किया प्रदर्शन

रामपुर। मनरेगा में एनएमएमएस प्रकिया के विरोध में गुरूवार को रामनगर विकासखंड परिसर में प्रधानों ने पूर्व प्रमुख अरविन्द सिह मखडू व प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि विकास खण्ड परिसर में ग्राम प्रधानों ने एनएमएमएस प्रक्रिया को गलत




बताते हुए प्रदर्शन किया व साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने संशोधन नही किया तो यह विरोध तालाबंदी का रूप लेगा। प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज सिंह का कहना है कि मनरेगा योजना में श्रमिकों की उपस्थित हेतु केन्द्र सरकार द्वारा एक जनवरी से नयी गाइडलाइन जारी की गयी है इस नियम से जगह जगह कार्य स्थल पर नेटवर्क की समस्या से फोटो अपलोड नहीं हो पा रहा है जिस कारण से कार्य बाधित हो रहा है। उक्त अवसर पर मनोज सिह, मुन्ना सिह, अख्तर खान, दयाशंकर सिह, दिनेश सिह, अजित सिह, राजन सिह, मेहीलाल पटेल, सुभाष दुबे, वीरेन्द्र यादव, जगदीश जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह को निर्देशित किया कि अविवादित मामलों में जल्द से जल्द काश्तकारों के खाते में पैसा भेज दिया जाए और विवादित मामलों में कोर्ट के आदेशानुसार कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया के पत्रावलियों का रखरखाव सही से किया जाए। पुराने अभिलेखों की अच्छे से बाइंडिंग की जाए ताकि अभिलेख सुरक्षित रहे। कार्यालय की रंगाई पोताई करा दी जाये और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

### एलईडी वैन को किया रवाना

जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि एलईडी वैन जनपद के गांव-गांव में जाकर अभिभावकों एवं गांव के लोगों को बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के बारे में बताएंगे। उन्हें बताया जाएगा कि बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की स्थिति सुधारने के लिए क्या क्या प्रयास किये जा रहे। एलईडी वैन पूरे 1 महीने तक व्यापक स्तर पर जागरूकता के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में पंचायत सदस्यों की होती है महत्वपूर्ण भूमिका :बीडीओ

**चंदवक।** क्षेत्र पंचायत डोभी के सभागार में क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के पश्चात सदस्यों को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत में विकास कार्य कराने में सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सदस्यगण अपनी भूमिका का सम्यक निर्वहन करें। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत का गठन एवं क्षेत्र पंचायत की समितियां, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत कल्याण कोष योजना, मातृभूमि योजना, सतत विकास लक्ष्य, उनका स्थानिक क्षेत्र पंचायत में ई गवर्नमेंट की स्थापना, पंचायत पुरस्कार



सहित आदि विषयों पर सदस्यों को प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर सुरेद्र प्रताप सिंह तथा कन्हैया राम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। एडीओ पंचायत अजीत कुमार ने बताया कि इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य है सदस्यों को जागरूक करना उनके अधिकारों की जानकारी देना ताकि और बेहतर ढंग से सरकार के मन्शानुरूप ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के अधिकार क्षेत्र में कार्य किया जा सके। साथ ही सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए किट बैग वितरित किया गया जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु संदर्भ दिग्दर्शिका, लिखने के लिए पेन और एक डायरी, किट बैग, आई कार्ड आदि उपलब्ध कराया गया। यह प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत वाराणसी मंडल वाराणसी तथा साई बाबा लर्निंग सिस्टम लखनऊ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर निर्भय जायसवाल, सोनी देवी, अजय, संतोष चंदेल, यशवंत, प्रदीप, संजू, हीरामणि, पिंटू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत निकाली गई जन जागरूकता रैली

**मछलीशहर।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ब्रजकिशोर सिंह द्वारा बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत नगर में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त करने के लिए जन जागरूकता रैली को कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
यह रैली नगर के मुख्य और बिभिन्न गलियों में ढ़ोल नगाड़े की धुन पर भ्रमण करते हुए आगे बढ़ती रही और रैली में शामिल लोगों ने नगर पंचायत को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए आम जन नागरिकों से भी अपील की। साथ ही नगर के बिभिन्न व्यापारी सहित आमजनों से आह्वान किया गया कि स्वच्छता बनाए रखें। कूड़ा कचरा यहां वहां न फेंके। नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर रखे डस्टबीन का उपयोग करें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में अपना सहयोग दें और कचरे को किसी पात्र में भरकर अपने घर के सामने रखें ताकि सफाई कर्मी उन्हें आपके घर से सीधे ले सके। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने यह भी अपील किया कि दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और कचरा डस्टबिन में ही डालें साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का फूंका पुतला

**सुजानगंज।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को थाने के सामने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सपा राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका गया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह ने कहा कि हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख धीरज गुप्ता ने कहा कि रामचरितमानस जैसे चौपाई पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करके स्वामी प्रसाद मौर्या ने अपनी ओछी मानसिकता को दिखाने का काम किया है। हिंदू आस्था के साथ हिंदू भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया जो कि विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इसकी सजा स्वामी प्रसाद मौर्य को भुगतनी पड़ेगी। रामचरित मानस का विरोध जो कर रहे हैं उन्हें अर्थ का ज्ञान नहीं है। श्रीरामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर संयोजक अवधेश मौर्य, विजय प्रताप सिंह, नीरज सिंह, राहुल सोनी, बृजलाल निषाद, चमन त्रिपाठी, तरुण चौबे, विशाल गुप्ता, आलोक सिंह, बृजेश पांडे, सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंकते लोग



# बनारस को है 'यूनिटी मॉल' की उम्मीद

**बजट-2023**

**आम बजट को लेकर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का कार्यक्रम**

**बजट के सजीव प्रसारण के बाद विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों ने दी राय**

**बैंक व आयकर अधिकारी, उद्यमी, सीए, अर्थशास्त्री, व कारोबारियों ने किया मंथन**

वाराणसी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन यानि आईआईए की ओर से मलदहिया क्षेत्र स्थित एक प्लाजा परिसर में केंद्रीय वित्तीय मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से दिल्ली में पेश किये गये आम बजट का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर उद्यमी, व्यापारी, अर्थशास्त्री, सीए सहित आयकर, एसजीएसटी, सीजीएसटी के भी अफसरों और बैंकों के अधिकारियों की मुख्य उपस्थिति रही। आम बजट का प्रसारण खत्म होने पर उन्होंने अपनी-अपनी राय पेश की। सभी प्रतिभागियों ने बजट को देशहित में बताया। उद्योग से जुड़े बजट को उद्यमियों ने सराहा। आयकर से जुड़े अफसरों ने स्वयं को फैसिलिटेटर बताया। बैंक अफसरों ने शासन की योजनाओं पर अमल करने की बात कही। जो इस क्षेत्र से नहीं थे, उन्होंने बजट को देशहित में बताते हुए प्रशांसा की। आरंभ में एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने अभ्यागतों का स्वागत करतेहुए इस बजट को समृद्ध भारत का विकोसोन्मुखी बजट बताया। वक्ताओं ने उम्मीद जतायी कि आईजी और ओडीओपी को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल के प्रस्ताव का लाभ वाराणसी को मिलने की उम्मीद जतायी। वहीं महिलाओं और युवाओं के लिए बजट में किये गये प्रावधान को बढ़िया कदम बताया। वक्ताओं ने मोदी सरकार के इस बजट को आमजन का बजट कहा। वहीं, टैक्स में छूट पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए होने वाली पहल पर उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ उद्योग-धंधे बढ़ेंगे बल्कि रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। सभी ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट काफी संतुलित है। संचालन मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जाजोदिया ने किया।

### आयकरदाता को सेवा देना हमारा दायित्व : कुमार संजय

जनपद के प्रधान आयकर आयुक्त कुमार संजय ने कहा कि आम बजट को लेकर



एक ढर्रे पर चल रहे माइंडसेट को सरकार ने बीते आठ–नौ साल में तोड़ा है। यह अच्छी पहल है। आयकर विभाग का राजस्व लगातार बढ़ रहा है। पहले में लोगों को खोजकर टैक्स लेते थे लेकिन अब डिजिटाइजेशन के इस युग में कार्यप्रणाली काफी सरल हो चुकी है। आयकरदाता को सेवा देना हमारा दायित्व है। उद्यमियों व कारोबारियों की समस्याएं दूर करने का प्रयास होगा।

### यूक्रेन–रूस युद्ध से निर्यातप्रभावित : रवि पाटोदिया

ऑल इंडिया कार्पेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि



पाटोदिया ने कहा कि भारत से वर्तमान का निर्यात यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण प्रभावित है। भारत को जी–20 का प्रतिनिधित्व मिला है। सो, पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार इस युद्ध को खत्म कराने की कोशिश करें। यदि इस प्रयास में सफलता मिली तो निश्चित ही भारत का कद विश्व के सामने और अधिक बढ़ जाएगा।

### कृषि क्षेत्र को बढ़ावा अच्छा प्रयास : अनुपम देवा

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी चैप्टर के चेयरमैन अनुपम देवा के कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट–वन प्रोडक्ट यानि



ओडीओपी और जियोग्राफिकल इंडीकेटर यानि जीआई को लेकर यूनिटी मॉल की स्थापना की दिशा बजट के जरिये पहल बढ़िया कदम है। वाराणसी में सर्वाधिक जीआई उत्पाद हैं। सो, इस जनपद में यूनिटी मॉल खुलने की उम्मीद की जा सकती है। वहीं, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा अच्छा प्रयास है।

### ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में हुई अच्छी पहल : प्रदीप यादव

अपर आयुक्त राज्य वस्तु सेवाकर प्रदीप यादव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों,



सेवानिवृत्त लोगों और महिलाओं के लिए बजट में सराहनीय प्रावधान किया गया है। साथ ही ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और खेती–किसानी में बेहतर पहल हुई है। पौधरोपण में बढ़ोतरी के माध्यम से पर्यावरण पर अधिक ध्यान दिया गया है। वन क्षेत्र बढ़ेंगे तो किसानों की फसलों को नुकसान भी कम होगा और उनकी आय बढ़ेगी।

### कारोबारी और उद्यमी बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा : आरबी सिंह

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर उपायुक्त आरबी सिंह ने कहा कि यह बजट



हरएक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सरकार से सभी को खुश किया है। कस्टम टैक्स में कमी की गयी है। इससे उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। एमएसएमई को भी प्रोत्साहन देना अच्छी पहल है। हमारी भूमिका एडमिनिस्ट्रेटर के बजाय फैसिलिटेटर की है। कारोबारी और उद्यमी बढ़ेंगे तो देश बढ़ेगा।

### महिलाओं के लिए बचत योजना सराहनीय : जमुना शुक्ला

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स की पूर्व महासचिव जमुना



शुक्ला ने कहा कि आम बजट में महिलाओं के लिए बचत योजना का प्रावधान सराहनीय कदम है। सभी वर्ग को टैक्स में छूट राहत की बात है। इससे उद्योग क्षेत्र भी लाभांवित होगा। कोऑपरेटिव सेक्टर में पहल के अलावा पौधरोपण और ई–वाहनों को बढ़ावा अच्छा निर्णय है।



### देश का अमृतकाल की शुरुआत : राजेश भाटिया

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव राजेश भाटिया ने कहा कि यह



बजट भारत के अमृतकाल की शुरुआत है। इस प्रकार के बजट का स्वागत है। मोदी सरकार से ऐसी ही अच्छी पहल की संभावना है।

### टैक्स में राहत महत्वपूर्ण पहल : अरविंद शुक्ल

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ल



ने कहा कि यह बजट टेक्नोलॉजी से जुड़े सभी पहलुओं पर है। साथ ही यह दूरगामी बजट है। टैक्स में राहत दिया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है।

### पूर्वांचल के उद्यमी उपेक्षित : प्रेम मिश्रा

महानगर उद्योग व्यापार समिति के अध्यक्ष प्रेम मिश्रा ने कहा कि काफी



दिनों बाद इस तरह के बजट के माध्यम से व्यापारियों के लिए अच्छी पहल हुई है। लेकिन ऊर्जावान पूर्वांचल के व्यवसायी आज भी उपेक्षित हैं। इसलिए सरकार की ओर से पूर्वांचल को पैकेज मिलना चाहिए।

### निवेश को बढ़ावा देने वाला बजट : दयाशंकर मिश्र

रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने कहा कि वित्त



मंत्री निर्मला सीतारमण का यह आम बजट उत्साह बढ़ाने वाला है। निवेश के लिए यह बेहतरीन बजट है। इससे पूर्वांचल के उद्यमियों को अच्छे अवसर मिलेंगे।

### मोटे अनाज को बढ़ावा देना अच्छी पहल : नीरज पारिख

दी स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव नीरज पारिख ने कहा कि



सरकार ने आम बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के माध्यम से युवाओं के लिए अच्छी पहल की है। दूसरी ओर, मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने और उसे बढ़ावा देने की कवायद बढ़िया कदम है।

### टैक्सपेई को छूट अच्छा कदम : ओपी शुक्ला



ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स नॉर्थ जोन के चेयरमैन एवं जीएसटी बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष ओपी शुक्ला ने कहा कि ने कहा कि आयकरदाताओं को राहत दिया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

### 'साइज ऑफ इकोनॉमी' बताने में चूक गयी सरकार : प्रो. अनूप मिश्र



अर्थशास्त्री एवं डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रो. अनूप मिश्र ने कहा कि यह आम बजट चुनावी बजट नहीं है। हमारे पुराने राजनीतिक बजट का युग समाप्त हो चुका है। भारत की अर्थ व्यवस्था पटरी पर आ गयी है। ग्रामीण परिवेश समेत शिक्षा, युवा वर्ग, मध्यम वर्ग को इस आम बजट ने अच्छा अवसर दिया है। इस बजट ने दिखा दिया है कि विकास के पथ पर भारत आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस बजट में 'साइज ऑफ इकोनॉमी' का उल्लेख भी होना चाहिए था। सरकार इसमें चूक गयी।

### किये गये बदलावों का अध्ययन जरूरी : जीडी दुबे



सीए जीडी दुबे ने विभिन्न बिंदुओं की ओर से ध्यान दिलाते हुए कहा कि कहा कि इस बजट में एमएसएमई में पैसा फंसने का संकट खत्म हो गया है। आयकर, जीएसटी के निश्चित सेक्शन में बदलाव किया गया है। एक सेक्शन के टैक्स लिमिट में परिवर्तन हुआ है। टीडीएस में पेनाल्टी बढ़ाया गया है। इसी प्रकार कई अन्य बदलाव किये गये हैं। सो, इस आम बजट के जरिये किये गये बदलावों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।



### एमएलएमई पर अच्छी पहल : अशोक अग्रवाल

आयोजन में ऑनलाइन जुड़े आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवार ने कहा कि सरकार ने एमएसएमई पर अत्यधिक ध्यान दिया है तो बेहद तारीफ के काबिल है।

### स्वागत योग्य बजट : राजेश मेहता

परिचर्चा में ऑनलाइन जुड़े ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के महासचिव राजेश मेहता ने आम बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशंसनीय बजट है। टैक्स में छूट स्वागत योग्य है। इसके अलावा एमएसएमई को बढ़ावा दिया गया है।

### स्टार्टअप की दिशा में पहल प्रशंसनीय : पंकज घिया

कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स जयपुर के अध्यक्ष पंकज घिया ने बजट को सराहते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब बने। आम बजट में स्टार्टअप की दिशा में की गयी पहल बेहद प्रशंसनीय है।

### बीते साल के बजट की समीक्षा भी जरूरी : प्रो. केएस जायसवाल



अर्थशास्त्री एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रो. केएस जायसवाल ने कहा कि यह विकासशील और दूरगामी बजट है। आयकर में थोड़ी बहुत राहत नजर आ रही है। पर्यटन के क्षेत्र में विस्तार बढ़िया कदम है। बीते साल के बजट को लेकर उस पर हुए क्रियान्वयन की जबतक समीक्षा नहीं होगी तब तक वर्तमान आम बजट की समीक्षा पर टिप्पणी देना उचित नहीं है। वहीं, बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्यमियों को शिक्षण संस्थाओं के साथ जुड़ना होगा।

### बढ़िया है आम बजट : वीपी दास



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक वीपी दास ने आम बजट के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आम बजट की सराहना की।

### उद्यमी है प्रबुद्ध वर्ग : आनंद राय



पंजाब नेशनल बैंक के उप महाप्रबंधक आनंद राय ने कहा कि उद्यमी प्रबुद्ध वर्ग है। हम कारोबारियों के बिजनेस पार्टनर हैं।

# नये वर्ष नये बजट पर थी उम्मीद पर फिर मिली निराशा : कुली संघ



वाराणसी। एक फरवरी 2023 को आम बजट में ही रेल बजट को पेश कर दिया गया। कैंट रेलवे स्टेशन पर टीवी पर टकटकी लगाये कुलियों की जमात ने कहा कि एक बार फिर इस बजट में कुलियों को निराशा हाथ लगी है। अब तो पूरी उम्मीद खत्म होती नजर आने लगी है।

कैंट स्टेशन पर कुली संघ के अध्यक्ष केदार नाथ यादव ने बताया कि स्टेशन पर कुलियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, कुलियों को रेलवे स्टेशन पर विश्रामगृह की कमी और उचित देखभाल ना होने की दिशा व दशा को इस बजट में ठीक होने की

**मायूसी**

**स्टेशन पर टीवी के आगे टकटकी लगाये कुलियों ने कहा उम्मीदों के सभी दरवाजे एक बार फिर बंद**

**ग्रुप डी में भर्ती के साथ ही विश्रामालय के लिए भी बनी थी उम्मीद**

उम्मीद थी लेकिन पूर्व की तरह इस बार भी उम्मीदों पर पानी फिर गया। बताया कि मांग की गयी थी कि साल भर का पारिवारिक रेलवे पास, बीमा योजना, किसी दुर्घटना या मृत्यु के बाद रेलवे की तरफ से कुली के परिवार को मदद, रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी सभी मांगों पर पानी फिर गया। बताया कि घर बार छोड़कर इस कार्य को पुश्तैनी के रुप में कर रहे हैं, सुविधाओं के लिए हर बार उम्मीद लगी रहती है और हर बार निराशा हाथ लग रही है।



# यात्री सुविधाओं को रेल बजट में कर दिया गया नजर अंदाज

**प्रतिक्रिया**

**बुलेट ट्रेन के बजाए समय से ट्रेनों का हो परिचालन इस पर ज्यादा रखें ध्यान**

**ट्रेन के एसी कोच में होने वाली गंदगी को दूर करने पर भी ध्यान केंद्रित करें**

**महिला यात्री सुरक्षा के प्रति अब कोई ठोस इंतजाम करने की बनाए योजना**





वाराणसी। दिन-बुधवार, समय-अपराह्न 2:15 के लगभग, स्थान-कैंट स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो सिकंदराबाद से दानापुर जाने वाली ट्रेन सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस के एसी तृतीय कोच में बैठी कुछ महिलाओं से रेल के बजट में वर्ष 2104 के मुकाबले 9गुना बढ़ोत्तरी की बात कही तो सभी ने तपाक से कहा कि रेल के बजट में बढ़ोत्तरी से नहीं बल्कि यात्री सुविधाओं में विस्तार, ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के प्रति रेल प्रशासन को संजीदा होना होगा, इसके साथ ही सफर कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा पर भी खासा ध्यान देने की जरूरत है।

सभी महिला यात्री सिकंदराबाद से दानापुर जा रही थी। रेल बजट पर सभी ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि वह सिकंदराबाद से सफर करते हुए आ रही हैं, इतने लंबे समय के सफर में उन्हें कही भी महिला सुरक्षा पर कहीं भी कोई सुरक्षा का जवान एसी कोच में नहीं दिखा, यहां तक कि रात्रि होने के बाद भी कोच में कहीं भी गश्त नहीं देखी गयी।

### वरिष्ठ नागरिकों को फिर मिली निराशा

सफर कर रहे वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल सफर के दौरान किराये में मिलने वाली रियायत ही उनका सम्मान था कोविड काल के बाद से जो इसे बंद किया गया तो बंद ही कर दिया गया है, हर बजट में उम्मीद बंध जाती थी कि इस पर कोई फैसला जरुर होगा, लेकिन इस बार भी निराशा हाथ लगी। कई बुजुर्ग यात्रियों ने बताया कि रेल टिकट में मिलने वाली छूट के आधार पर ही यात्रा की श्रेणी को तय किया जाता था लेकिन अब तो सिर्फ एक ही श्रेणी में यात्रा करने की सोचा जा सकता है।

### सफाई के प्रति भी बने कोई योजना

महिला यात्रियों ने साफ तौर पर कहा कि एसी कोच में सफर के दौरान भी कोच व टॉयलेट में सफाई नहीं मिल रही है। कहने को रेलवे की ओर से सफाई के लिए ठेका दे दिया गया है, लेकिन सही मायने में सफाई हो रही कि नहीं इस पर भी ध्यान देना होगा। एसी कोच टॉयलेट किसी स्लीपर से कम नहीं, बताया कि सफर के दौरान दो बार टॉयलेट में पानी ना होने की शिकायत ऑनलाइन की गयी जिसके बाद पानी भरने का कार्य किया गया।


### चादर कंबल और तकिया की सफाई पर भी ध्यान

इसी ट्रेन के बी 5 में सफर करने वालों ने लिनन पर रेल प्रशासन को ध्यान देने की बात कही, बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से कहा जाता है कि एक स्टेशन पर उतरने वाले यात्री के उपयोग करने वाले लिनन को बदल दिया जाए वहां से बैठने वाले यात्रियों को दूसरा लिनन उपलब्ध कराने का नियम है बावजूद इसके उपयोग किये हुए लिनन को ही अगले यात्री को उपयोग किये जाने को दे दिया जाता है।

### सयमबद्ध संचालन पर रखें ध्यान

इसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि बुलेट ट्रेन का सपना दिखाने से बेहतर है जो ट्रेनें संचालित हैं उन्हें ही समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए। कभी–कभी तो इस 50 किलोमीटर के सफर के लिए तीन घंटे का समय लग जाता है। इस पर ध्यान देने की जरुरत है।

# इनकम टैक्स में राहत मीडिल क्लास के लिए वरदान




**शिक्षाविदों ने बजट को सराहा कहा सभी वर्गों का रखा गया ध्यान**

वाराणसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट को शिक्षाविदों ने सराहा खासकर इनकम टैक्स में छूट को मीडिल क्लास के लिए बड़ी राहत देने वाली बात कही। ऐसा नहीं कि केवल इनकम टैक्स में ही सरकार ने राहत दी बल्कि किसान, नौजवान, महिला या विद्यार्थी हो सबको कुछ न कुछ मिला। स्किल डेवलपमेंट से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य सेक्टरों को इस बजट में केंद्रित किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने इसे चुनावी बजट बताया। कहा कि रोजगार और महंगाई को कम कैसे किया जा सके इसके बारे में वित्तमंत्री जी ने कुछ नहीं बोला। जबकि महंगाई और बेरोजगारी वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती है।

अमृतकाल का यह बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हुए राजकोषीय घाटा को भी



कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। यह बजट समाज के हर वर्ग को राहत देने वाला है–चाहे किसान हो या नवजवान, महिला हो या बुजुर्ग। वेतन भोगियों को तो इस बजट काफी राहत मिलेगी। काफी समय के बाद टैक्स के स्लैब में बदलाव किया गया और छूट की सीमा भी सात लाख तक बढा दी गई है जो मध्यमवर्गिय परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। हालांकि बेरोजगारी व महंगाई पर लगाम लगाने वाली बात नहीं कही गयी।

**प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह**
संकायाध्यक्ष समाज विज्ञान संकाय, काशी विद्यापीठ

चुनावी बजट है जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। शिक्षा के विकास के लिए एकलव्य स्कूल



खोलने का निर्णय सराहनीय है। किसानों को ऋण की सुविधा देने का फैसला विकास को ताकत देगी। आधारभूत सुविधाओं का समावेश किया गया है। एयरपोर्ट, पोर्ट, सड़क के लिए बजट आवंटित हुआ। विदेशी मुद्रा के अर्जन के लिए कस्टम ड्यूटी घटाई गई है ऐसे में हीरा आदि का आयत कम मूल्यों पर गहने बनाकर उसे निर्यात किया जायेगा जो लाभकारी होगा। इस बजट में सभी के लिए कुछ ना कुछ देने का प्रावधान किया गया है।

**प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्र**
वाणिज्य संकाय, काशी विद्यापीठ

समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला है, इस बजट से कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के विकास



में तेजी आएगी। सूक्ष्म एवं कुटीर उद्योग, मजदूर एवं ग्रामीण विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। विकास को मजबूती देने के लिए तथा क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए आधार संरचना को बढ़ावा देगा। स्किल डेवलपमेंट के साथ उसके उपयोग को बल मिलेगा, मध्यम वर्ग को भी बजट से राहत की उम्मीद है। युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखा गया।

**डॉ.अनूप कुमार सिंह**
असिस्टेंट प्रोफेसर,अर्थशास्त्र विभाग
यूपी कॉलेज

आम बजट नि:संदेह भारत की आम जनता को केंद्र में रख कर बनाया गया। सभी को कुछ न



कुछ देने का प्रयास किया गया। टैक्स स्लैब में परिवर्तन वेतनभोगी को राहत देगी। बजट में महिलाओं को कुछ खासा नहीं मिला जबकि होना चाहिए था। महंगाई या रोजगार को लेकर स्पष्ट बात नहीं की गयी। बेरोजगारी कम करने के लिए रोजगार सृजन की बाते होनी चाहिए थी। बनारस के पारंपरिक व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस बजट कुछ होना चाहिए वो इस लिए कि पीएम का संसदीय क्षेत्र है और बनारसियों को उम्मीदें ज्यादा थी।

**डॉ.अलका आर गुप्ता**
विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, यूपी कॉलेज

बजट में वित्त मंत्री ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे प्रस्तुत किया। वेतनभोगी लोगों को



टैक्स में छूट देकर राहत दी और इसका लाभ मध्यमवर्गीय परिवार को मिलेगा। बजट में महिलाओं के लिए 2 लाख बचत पर 7.5% ब्याज और किसानों के लिए लोन में छूट निश्चय ही उन्हें आर्थिक तौर पर मजबूत करेगा। आदिवासियों के लिए पीवीटीजी मिशन एकलव्य स्कूल में 38,800 शिक्षक भर्ती से एक नई उम्मीद जगी है जबकि गरीबों के लिए पीएम आवास योजना का बजट 66% बजट बढ़ाया गया जो गरीबों के लिए लाभकर होगा।

**प्रोफेसर रेखा**
विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, काशी विद्यापीठ